श्री अलगेशन : मिट्टी के तेल के हमारे उत्पादन और उसकी खपत में प्रति मास लगभग 70,000 से 80,000 मिट्रिक टन का अन्तर रहता है। हम मिट्टी का तेल, हाई स्पीड डीजल और ईंधन तेल भी आयात करते हैं। इनके पृथक पृथक आंकड़े बताना लोकहित में नहीं है।

Shri Onkar Lal Berwa : How much foreign exchange do we spend upon it and what is the production of kerosene oil in the country at present ?

श्री अलगेशन : इस समय हम मूल्य बताने की स्थिति में नहीं हैं।

श्री भागवत झा आज़ाद : क्या इस करार के अन्तर्गत प्रति वर्ष निर्धारित मात्रा आयात की जायेगी अथवा क्या हम अपनी आवश्यकता के अनुसार इसमें परिवर्तन कर सकते हैं और विश्व की मंडी में अनुकूल मूल्य पर प्राप्त कर सकते हैं ?

श्री अलगेशन : 1966 से 1970 तक के लिये कुल मात्रा 50 लाख टन निर्धारित की गई है। प्रति वर्ष हम आयात की मात्रा के लिये बातचीत करते हैं।

Shri M. L. Dwivedi : May I know whether the Kerosene oil produced here costs less or more than the imported kerosene oil ?

श्री अलगेशन : मैं यह जानकारी नहीं दे सकूंगा।

Shri Hukam Chand Kachhavaiya : It has become a habit with the Government to evade replies.

उपाध्यक्ष महोदय : उनके पास जानाकारी नहीं है और उन्हें सूचना चाहिये।

श्री म० ला० द्विवेदी : श्रीमन्, मैं नहीं चाहता कि वह मूल्य प्रकट करें, मैं तो यह जानना चाहता हूं कि क्या हमारा तेल सस्ता पड़ता है या विदेश से आने वाला तेल सस्ता पड़ता है ?

श्री अलगेशन : जहां तक देश के भीतर मिट्टी के तेल के मूल्य का संबंध है इसे एक निश्चित सूत्र के अन्तर्गत निर्धारित किया जाता है। और वह ज्ञात है। आयातित तेलका मूल्य मैं नहीं बता सकूंगा।

श्री म० ला० द्विवेदी : मैं इस उत्तर से संतुष्ट नहीं हूं।

श्री हेम बरुआ : क्या यह सच नहीं है कि पश्चिम बंगाल विधान सभा के बजट पत्रों के साथ परिचालित सरकारी समीक्षा में बनाया गया है कि मिट्टी के तेल की वर्तमान कमी का कारण आयात प्रतिबन्ध है ?

श्री अलगेशन : हम पर्याप्त मात्रा में आयात कर रहे हैं।

श्री स० चं० सामन्त : क्या यह करार किसी प्रकार से इस तेल के आयात के लिये भारतीय जहाजों को काम में लाने में बाधा डालता है ?

श्री अलगेशन : मैं ऐसा नहीं समझता।

श्री प्र० चं० बरुआ : देश में मिट्टी के तेल का वर्तमान उत्पादन कितना है और कब तक हम इसके संबंध में आत्मनिर्भर हो जायेंगे।

श्री अलगेशन : इस समय हम 130,000 टन से 135,000 टन तक मिट्टी का तेल तैयार कर रहे हैं। जब कोयली तेल शोधक कारखाना चालू हो जायेगा और कोयली को दस लाख टन का दुसरा एकक और बरौनी का 7 लाख टन का दुसरा एकक भी उत्पादन आरम्भ कर देगा तो हमारे पास काफी मिट्टी का तेल हो जायेगा।

दिल्ली का उपभोक्ता मूल्य सूचकांक

\+

*302. श्री दाजी :	श्री रामचन्द्र उलाका :
श्री स० मो० बनर्जी :	श्री प्र० चं० बरुआ :
श्री विश्वनाथ पाण्डेय :	श्री हेडा :
श्री धुलेश्वर मीना :	श्री सिद्धेश्वर प्रसाद :

क्या श्रम, रोजगार तथा पुनर्वास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उपभोक्ता मूल्य सूचकांक सम्बन्धी तकनीकी सलाहकार समिति ने दिल्ली के उपभोक्ता मूल्य सूचकांक सम्बन्धी विशेषज्ञ समिति के प्रतिवेदन छानबीन कर ली है।

(ख) क्या इसने भी सरकार को कोई प्रतिवेदन प्रस्तुत किया है; और

(ग) यदि हां, तो उसमें क्या क्या सिफारिशें की गई हैं और उन पर सरकार ने क्या कार्यवाही की है ?

श्रम, रोजगार और पुनर्वास मंत्रालय में उपमंत्री (श्री शाहनवाज खां) : (क) जी हां।

(ख) सरकार को तकनीकी सलाहकार समिति की सिफारिशें प्राप्त हो गई हैं।

(ग) तकनीकी सलाहकार समिति ने विशेषज्ञ समिति की सिफारिशों पर विचार किया जिसने 1944 के आधार पर 1960 के दिल्ली के उपभोक्ता मूल्य सूचकांक तथा तदनुरुप शृंखलीकरण तथ्य में समंजन का सुझाव दिया। तकनीकी सलाहकार समिति की मख्य सिफारिशें इस प्रकार थीं :—

(क) लिंकिंग फार्मूला बनाने के सम्बन्ध में इस समय विशेषज्ञ समिति द्वारा प्रस्तावित वेटिंग डायग्राम में परिवर्तन नहीं किया जाना चाहिए।

(ख) मकान किराये के बारे में विशेषज्ञ समिति द्वारा नोट की गई कमी के लिए सूचकांक में समचित रुप से सुधार किया जाए।

(ग) सिनेमा टिकटों के मूल्य में असंगति के कारण विशेषज्ञ समिति द्वारा सुझाए गए सूचकांक में सुधार का समर्थन किया गया।

तकनीकी सलाहकार समिति की टिप्पणी के प्रकाश में विशेषज्ञ समिति की सिफारिशों पर चीफ कमिशनर, दिल्ली, का निर्णय दिल्ली प्रशासन की अधिसूचना संख्या एफ० 25(55)/64-श्रम, तारीख 1-2-1966 में पहले ही घोषित किया जा चुका है। इस अधिसूचना की एक प्रति सभा की मेज़ पर रख दी गई है। [**पुस्तकालय में रखा गया देखिये, सं० एल० टी० 5645/66**]

श्रम ब्यूरो के निदेशक द्वारा उक्त निर्णय के अनुसार दिल्ली के सूचकांक में संशोधन करने के लिए कदम उठाए गए हैं।

श्री स० मो० बनर्जी : यह मेरी जानकारी है कि प्रो० गंगुली की अध्यक्षता में नियुक्त विशेषज्ञ समिति ने अपने प्रतिवेदन में बताया था कि दिल्ली का उपभोक्ता मूल्य देशनांक 29 बिन्दु तक गलत था। विशेषज्ञ समिति के प्रतिवेदन की छानबीन करने के लिये दूसरी तकनीकी सलाहकार समिति किन परिस्थितियों में नियुक्त की गई थी ? क्या तकनीकी सलाहकार समितिने यह सिफारिश की है कि यह गलत गणना केवल 10 बिन्दु तक ही है न कि 29 बिन्दु तक।

श्री शाहनवाज खां : पहले तो मैं अपने माननीय मित्र को बता देना चाहता हूं कि विशेषज्ञ समिति के अध्यक्ष डा० सत्यनारायण, निदेशक, राष्ट्रीय व्यवहारिक आर्थिक अनुसन्धान परिषद् थे। यह सच है कि इस विशेषज्ञ समिति ने सिफारिश की थी कि मूल्य देशनांक 179 बिन्दू होना चाहिये। तकनीकी सलाहकार समितिने मामले पर विचार किया था और सिफारिश की थी कि यह 168 बिन्दू होना चाहिये न कि 179। अत: इस हद तक श्री बनर्जी की बात सही है। इसमें 11 बिन्दू का अन्तर है।

श्री स० मो० : बनर्जी क्या विशेषज्ञ समिति की सिफारिशों के आधार पर माननीय मंत्री ने दिल्ली के मालिकों की संस्था तथा अन्य सरकारी कार्यालयों को अनुदेश दिये हैं कि वे भूतलक्षी प्रभाव से महंगाई भत्ते की बकाया राशि का भुगतान करें।

श्री शाहनवाज खां : जैसा कि मैंने बताया दिल्ली के मुख्य आयुक्त के आदेशों के अन्तर्गत एक अधिसूचना जारी की गई है और हमें आशा है कि सभी संबंधित व्यक्ति आनुषंगिक कार्यवाही करेंगे।

प्रश्नों के लिखित उत्तर

WRITTEN ANSWERS TO QUESTIONS

Kairon Murder Case

+

*303. **Shri Prakash Vir Shastri :** **Shri Dhuleshwar Meena :**
Shri Hukam Chand Kachhavaiya : **Shri Lahtan Chaudhry :**
Shri Jagdev Singh Sidhanthi : **Dr. L. M. Singhvi :**
Shri Yashpal Singh : **Shri D. C. Sharma :**
Shri Vishwa Nath Pandey : **Shri Dharm Lingam :**
Shri Kindar Lal : **Shri M. L. Jadhav :**
Shri Ramachandra Ulaka : **Shri Jedhe :**

Will the Minister of **Home Affairs** be pleased to refer to the reply given to Starred Question No. 25 on the 3rd November, 1965 and state :

(a) the further progress made in connection with the enquiry into the Kairon murder case; and

(b) the main reasons for not arriving at any decision so far ?

The Minister of State in the Ministry of Home Affairs and Minister of Defence Supplies in the Ministry of Defence (Shri Hathi) : (a) & (b). The extradition proceedings against the Prime suspect were completed on 25-1-1966 and he has been since brought over to India on 2-2-1966. Further investigations are continuing.

दण्डकारण्य विकास प्राधिकार का पुनर्वास कार्यक्रम

+

*304. **श्री प्र० चं० बरुआ :** **श्री सुबोध हंसदा :**
श्री म० ला० द्विवेदी : **श्री स० चं० सामन्त :**
श्री भागवत झा आजाद :

क्या **श्रम, रोजगार** तथा **पुनर्वास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या हाल ही में भोपाल में हुई दंडकारण्य विकास प्राधिकार की बत्तीसवीं बैठक में एक उद्योग आधारित पुनर्वास कार्यक्रम तैयार किया गया था; और

(ख) यदि हां, तो उस कार्यक्रम का ब्यौरा क्या है ?

श्रम, रोजगार तथा पुनर्वास मंत्री (श्री जगजीवन राम) : (क) 11 दिसम्बर, 1965 को भोपाल में हुई दण्डकारण्य विकास प्राधिकार की बैठक में दण्डकारण्य में स्थापित किये जाने वाले औद्योगिक खंडों की योजना तथा उसको अमल में लाने के कार्यक्रम की समीक्षा की गई थी ।

(ख) एक विवरण जिसमें कार्यक्रम के बारे में की गई समीक्षा का ब्यौरा दिया गया है, सभा की मेज पर रख दिया गया है । **[पुस्तकालय में रखा गया । देखिये संख्या एल० टी० 5646/66]**

अंदमान तथा निकोबार द्वीप समूह में विस्थापित व्यक्तियों का बसाया जाना

†305. **श्री स० चं० सामन्त :**
श्री सुबोध हंसदा :
श्री प्र० चं० बरुआ :
श्री म० ला० द्विवेदी :
श्री भागवत झा आजाद :
श्री विश्वनाथ पाण्डेय :
श्री यशपाल सिंह :
श्री च० का० भट्टाचार्य :
डा० रानेन सेन :

क्या **श्रम, रोजगार** तथा **पुनर्वास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि पूर्वी पाकिस्तान से आये हुए लगभग तीन हजार विस्थापित परिवारों को आर्थिक-दृष्टि से अन्दमान तथा निकोबार द्वीपों में बसाया जा चुका है और कोई भी व्यक्ति वहां से छोड़कर नहीं गया है;

(ख) यदि हां, तो क्या उन द्वीपों के लिये एकीकृत संसाधन विकास योजना तैयार करने के लिये बनाये गये अन्तर्विभागीय दल के प्रतिवेदन पर विचार किया जा चुका है और पूर्वी पाकिस्तान से आये हुए अधिक विस्थापित व्यक्तियों को उन में बसाने का विचार है; और

(ग) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

श्रम, रोजगार तथा पुनर्वास मंत्री (श्री जगजीवन राम) : (क) जी हां। छोड़कर जाने वालों की मात्रा बहुत कम थी।

(ख) और (ग) : द्वीप समूह के लिये अन्तर्विभागीय टीम जो एकीकृत संसाधन विकास योजना की रुप रेखा तैयार करने के लिये स्थापित की गई थी उसने रिपोर्ट को अंतिम रूप दे दिया है। टीम ने जो विकास कार्यक्रम दृष्टि में रखा है उसके अनुसार चतुर्थ योजना की अवधि के अंत तक लगभग 25,000 अतिरिक्त रोजगार के अवसर उत्पन्न होंगे। इससे स्थानीय लोगों को भी लाभ होगा तथा पूर्वी पाकिस्तान से आये विस्थापित, बर्मा तथा लंका से लौटने वाले, भूतपूर्व सैनिक, तथा अन्य को बसाने में भी सहायक होगा। विकास जो दृष्टि में रखा गया है उसमें, कृषि रोपण (प्लान्टेशन), वन विद्या, (फारेस्ट्री), वन-आधारित उद्योग तथा मत्स्य (फिशरीज़) आदि हैं।

Banaras Hindu University

*306. **Shri Hukam Chand Kachhavaiya :**
Shri Bade :
Shri M. L. Divedi :
Shri P. C. Borooah :
Shri Bhagwat Jha Azad :
Shri Subodh Hansda :
Shri S. C. Samanta :
Shri Madhu Limaye :
Shri Kishen Pattanayak :
Dr. Ram Manohar Lohia :
Shri P. R. Chakraverti :
Shri Warior :
Shri Indrajit Gupta :
Shri Prabhat Kar :
Shri Vasudevan Nair :

Will the Minister of **Education** be pleased to state :

(a) whether his Ministry has received protest notes against the proposal to change the name of the Banaras Hindu University and if so, from whom and the number thereof ;

(b) the action being taken thereon; and

(c) whether the news-item published in the 'Navbharat Times' that the Varanasi city went on strike in protest against this move is correct ?

Minister of Education (Shri M. C. Chagla) : (a) Yes, Sir. Nearly 1200 such notes, including 720 printed post cards, have been received from Associations and individuals.

(b) The views contained in the communications have been noted.

(c) Yes, Sir. There was a strike in Varanasi in protest against the change of name.

उत्तर प्रदेश-बिहार सीमा विवाद

*307. **श्री श्रीनारायण दास :**

श्री विश्वनाथ पाण्डेय :

क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उत्तर प्रदेश तथा बिहार के बीच सीमा विवाद के बारे में सरकारी तथा जनता के स्तर पर अन्तिम रूप से फैसला हो गया है;

(ख) क्या यह मामला कुछ प्रभावित व्यक्तियों द्वारा विधि न्यायालयों में ले जाया गया था; और

(ग) यदि हां, तो इस मामले में न्यायालय का निर्णय क्या है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा प्रतिरक्षा मंत्रालय में प्रतिरक्षा सम्भरण मंत्री (श्री हाथी) : (क) उत्तर प्रदेश के बलिया जिले और दुसरी तरफ बिहार के सारन और शाहबाद जिलों के बीच स्थायी सीमा की व्यवस्था के लिये श्री सी० एम० त्रिवेदी द्वारा की गई सिफारिशों को क्रियान्वित करने के लिये एक विधेयक तैयार किया गया है। संविधान के अनुच्छेद 3 की व्यवस्थाओं के अनुसार इस विधेयक को बिहार तथा उत्तर प्रदेश के विधान मण्डलों में पेश करने का विचार है।

(ख) पटना तथा इलाहाबाद के उच्च न्यायालयों में कुछ लिखित अभियाचनाएं दी गई हैं।

(ग) तीन अभियाचनाओं की पटना उच्च न्यायालय ने 29 अक्तूबर, 1965 को सुनवाई की। न्यायालय ने अभियाचकों को भारत सरकार के यह आश्वासन देने पर कि जब तक प्रस्तावित कानून संसद द्वारा स्वीकृत न हो जाय तब तक स्थायी सीमा के लिये चिन्हों की खोज के लिये सर्वेक्षण का कार्य आगे नहीं चलाया जायगा, अभियाचनाएं वापस लेने की इजाज़त दे दी। अन्य मामले न्यायालयों में विचाराधीन हैं।

कोट्टयम में श्री नम्बूदिरीपाद का वक्तव्य

*308. **श्री दी० चं० शर्मा :**

डा० लक्ष्मीमल्ल सिंघवी :

श्री हेम बरुआ :

श्री हुकुम चन्द कछवाय :

श्री बड़े :

क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान 2 दिसम्बर, 1965 को कोट्टयम में वामपक्षी साम्यवादी नेता श्री नम्बूदिरीपाद द्वारा दिये गये इस वक्तव्य की ओर जो कि कुछ समाचार-पत्रों में छापा गया था, दिलाया गया है कि "उनका दल आजाद काश्मीर तथा अक्साई चिन

क्षेत्रों पर पुनः कब्जा करने के उद्देश्य से सोना तथा चांदी देने तथा एक समय का भोजन बचाने के लिये तैयार नहीं हैं"; और

(ख) यदि हां, तो क्या इन राष्ट्र-विरोधी कथनों के लिये उनके विरुद्ध कोई कार्यवाही की गई है अथवा करने का विचार है ?

गृह-कार्य मंत्री (श्री नन्दा) : (क) जी हां। यह वक्तव्य 1-12-65 को दिया गया था न कि 3-12-1965 को।

(ख) खास तौर पर इस वक्तव्य के कारण कोई कार्यवाही जरुरी नहीं समझी गई। किन्तु केरल की सरकार ने उनकी सम्पूर्ण गतिविधियों तथा वक्तव्यों की समीक्षा कर के उन्हें 1-2-1966 से भारत सुरक्षा नियमों के नियम 30(1) (ख) के अधीन नजरबन्द कर लिया है।

Car/Scooter Thefts in Delhi

***309. Shri M. L. Dwivedi :**
Shri P. C. Borooah :
Shri Bhagwat Jha Azad :
Shri S. C. Samanta :
Shri Subodh Hansda :
Shrimati Savitri Nigam :
Shri Bade :
Shri Lahtan Chaudhry :
Shri Shamlal Saraf :
Shri Dharmalingam :

Will the Minister of **Home Affairs** be pleased to state :

(a) whether the car and scooter thieves have become active in Delhi for the last few months;

(b) whether the number of stolen cars and scooters has now gone up since December last; and

(c) the action taken in the matter ?

The Minister of State in the Ministry of Home Affairs and the Minister of Defence Supplies in the Ministry of Defence (Shri Hathi) : (a), (b) & (c). A statement is laid on the Table of the Sabha. **[Placed in Library. See No. L.T. 5647/66]**

बनारस हिन्दु विश्वविद्यालय में साम्प्रदायिक बैठकें

***310. श्री हेम राज :**
श्री मधु लिमये :
श्री किशन पटनायक :

क्या शिक्षा मंत्री 8 दिसम्बर, 1965 के तारांकित प्रश्न संख्या 722 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने बनारस हिन्दु विश्वविद्यालय के क्षेत्र कैम्पस में व्यायाम करने वाली संस्था के आचारण की जांच कर ली है; और

(ख) यदि हां, तो उसका क्या निष्कर्ष निकला है और इस मामले में क्या कार्यवाही की गई है ?

शिक्षा मंत्री (श्री म० क० चागला) : (क) और (ख) : मामले पर गौर किया जा रहा है।

दक्षिणी राज्यों में तूफान से हुई क्षति

*311. श्री सुबोध हंसदा :
श्री स० चं० सामन्त :
श्री भागवत झा आजाद :
श्री म० ला० द्विवेदी :
श्री प्र० चं० बरुआ :
श्री विश्वनाथ पाण्डे :
श्री द्वा० ना० तिवारी :
श्री बागड़ी :
श्री रामसेवक यादव :
श्रीमती सावित्री निगम :

क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दिसम्बर, 1965 में आन्ध्र प्रदेश, केरल, मद्रास और लक्कदीव द्वीपसमूह में तथा इसके समीपवर्ती क्षेत्रों में जो तूफान आया था, उसके कारण बहुत से लोग बेघर हो गये थे और मारे भी गये थे;

(ख) यदि हां, तो राज्य-वार कितने लोग मारे गये और कितने लोग बेघर हुए थे;

(ग) इसके परिणाम स्वरूप कितनी हानि हुई; और

(घ) इस दैवी प्रकोप से पीड़ित व्यक्तियों को किस प्रकार की सहायता दी गई है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में उपमंत्री (श्री विद्या चरण शुक्ल) : (क) केरल और लक्कदीव दिसम्बर, 1965 में तूफान से प्रभावित हुए थे किन्तु आंध्र प्रदेश और मद्रास राज्यों से तूफान की किसी घटना की सूचना नहीं प्राप्त हुई ।

(ख)

राज्य	मृतकों की संख्या	बेघर हुए लोगों की संख्या
केरल	5	627 मकानों को क्षति पहुंची या वे नष्ट ही हो गए । प्रभावित व्यक्तियों की ठीक संख्या ज्ञात नहीं ।
लक्कदीव	8	150

(ग) (1) केरल :—32 व्यक्ति घायल हुए और 5 लापता हो गए । सामान से लदे हुए 25 जहाज़ समुद्र में विलीन हो गए । लगभग 9526 एकड़ धन की फसल, नारियल के वृक्षों और अन्य फसलों पर प्रभाव पड़ा । 627 भवनों को क्षति पहुंची या नष्ट हो गए ।

अनुमानतः कुल 35,33,508 रु० की हानि हुई ।

(2) लक्कदीव :—20 मकान पूरी तरह नष्ट हो गए और 122 मकानों को काफ़ी क्षति पहुंची । 55,000 रु० की हानि का अनुमान है । 21,259 नारियल के पड़ जड़ से उखड़ गए जिससे लगभग 10 लाख रुपये की हानि हुई । एक नौका कालीकट के तट से परे डूब गई, एक अन्य पूरी तरह नष्ट हो कर डूब गई; एक को गम्भीर क्षति पहुंची और चार यंत्रीकृत नौकाओं का क्षति पहुंची; 2 नौकाएं जिनके ऊपर 20 मल्लाह थे लापता हैं । नौकाओं और माल की कुल हानि का अनुमान 73,000 रुपये का है । सरकार को 20,000 रु० मूल्य के 174 क्विंटल नारियल की जटा और 24,064 रु० के लोक निर्माण विभाग के सामान की क्षति हुई ।

(घ) तूफान से प्रभावित व्यक्तियों को निकाल कर सूरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। अविलम्ब सहायता के तौर पर इस दुर्भाग्य का शिकार होने वाले व्यक्तियों को चावल, चीनी, चाय का चूरा तथा मट्टी का तेल मुफ्त बांटा गया। उचित मामलों में प्रभावित मकानों की मरम्मत या पुनर्निमाण के लिये नकद अनुदान भी दिये गए। केरल में सहायता कार्यों के लिये कुल मिला कर 3,11,000 रु० की राशि जिला कलेक्टरों को दी गई और लक्कदीव में अविलम्ब सहायता कार्यों पर 13,390 रु० खर्च किये गए।

गंधक के तेजाब का कारखाना

*312. **श्री विभूति मिश्र :**

श्री क० ना० तिवारी :

क्या **पेट्रोलियम और रसायन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि पाइराइट पर आधारित 400 मीट्रिक टन दैनिक क्षमता वाला गंधक के तेजाब का कारखाना दुर्गापुर की बजाये सिन्दरी में स्थापित करने का विचार है और यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ख) क्या यह भी सच है कि पाइराइट और रसायन विकास कम्पनी ने इसके लिए पहले ही ठेका दे दिया है और यदि हां, तो किसको ठेका दिया गया है ?

पेट्रोलियम और रसायन मंत्री (श्री अलगेसन) : (क) शुरू में पाइराइट पर आधारित 400 मीटरी टन दैनिक क्षमता वाला गंधक के तेजाब के संयंत्र को सिन्दरी में लगाने का निर्णय था क्योंकि इस संयंत्र के लिए सिन्दरी को सब से अधिक उचित स्थान समझा गया था। इस के बाद जब दुर्गापुर में काम्पलेक्स फर्टीलाइज़र परियोजना के लिए स्वीकृति मिली, तब यह फैसला किया गया कि उक्त संयंत्र को सिन्दरी की बजाय दुर्गापुर में लगाया जाए। दुर्गापुर फर्टीलाइज़र परियोजना के उत्पादन प्रतिरूप में तबदीली से और सिन्दरी में गंधक के तेजाब के पूर्ण उपयोग के आश्वासन के कारण सरकार ने अब अपने पुराने निर्णय को अपना लिया है।

(ख) मेसर्ज साइमन कारवेस इण्डिया लि० को ठेका दिया गया है।

पाकिस्तान में गुरुद्वारे

314. **श्री दलजीत सिंह : क्या श्रम, रोजगार** तथा **पुनर्वास** मंत्री 6 दिसम्बर, 1965 के अतारांकित प्रश्न संख्या 1868 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि पाकिस्तान के गुरुद्वारों की भूमि के बदले में शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी को पहले निष्क्रान्त भूमि आवंटित की गई थी और बाद में आवंटन रद्द कर दिया गया था; और

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ?

श्रम, रोजगार तथा पुनर्वास मंत्री (श्री जगजीवन राम) : (क) और (ख) : शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी को पाकिस्तान के गुरुद्वारों की भूमि के बदले में निष्क्रान्त भूमि नहीं दी गई थी। तथापि 4845 मानक एकड़ भूमि जो पंजाब (भारत) में मुसलमानों की धार्मिक सस्थाओं की थी, शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्ध कमेटी को 7 वर्ष की अवधि के लिये, खरीफ, 1954 से रबी 1961 तक वर्ष में एक बार भूमि कर तथा अन्य सरकारी देय पर पट्टे पर दी गई थी। पंजाब वक्फ बोर्ड की रचना होने पर जिसने मुसलमानों की धार्मिक संस्थाओं को संभाल लिया, उसके बाद पट्टा रद्द कर दिया गया।

Maps of India

*315. **Shri Kishen Pattnayak :** **Shri Ram Harkh Yadav :**
Shri Madhu Limaye : **Shri Prakash Vir Shastri :**
Shri D. C. Sharma: **Shri Hukam Chand Kachhavaiya :**
Shri Bibhuti Mishra : **Shri Jagdev Singh Siddhanti :**
Shri Hem Barua : **Shri Hem Raj :**
Shri S. M. Banerjee : **Shri Sham Lal Saraf :**

Will the Minister of **Home Affairs** be pleased to state :

(a) whether it is a fact that maps showing many areas of Indian territory as parts of foreign countries and of Islami Duniya have been circulated in Andhra Pradesh;

(b) if so, the particulars of the persons who are responsible for this; and

(c) the action being taken by Government in this connection ?

Deputy Minister in the Ministry of Home Affairs (Shri Vidya Charan Shukla) : (a) and (b). Calendars with a map captioned "Islami Duniya" were brought into circulation in Andhra Pradesh by the following firms :

(1) Assam Tea Depot, Hyderabad.

(2) Sunshine Stores, Hyderabad.

(3) Abdul Rahman Trunk Factory, Secunderabad.

(4) Mohd. Jamal and Co., Begumbazar, Hyderabad.

The map wrongly shows large parts of India outside the country.

(c) The persons responsible for the circulation of the calendars with the wrong map were arrested under Defence of India Rules and cases are pending in Court.

Production of Sulphur & Pyrites in Bihar

*316. **Shri Kindar Lal:**
Shri Vishva Nath Pandey :

Will the Minister of **Petroleum** and **Chemicals** be pleased to state :

(a) whether it is a fact that a Finish firm has started producing sulphur from Pyrites on a large scale at Amjhore in Bihar State; and

(b) if so, the terms agreed therefor and the existing production capacity thereof.

Minister of Petroleum and Chemicals (Shri Alagesan) : (a) No Sir.

(b) Does not arise.

संतानम समिति की सिफारिश

*317. **श्री राम सहाय पाण्डेय : क्या गृह-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने संतानम समिति की सिफारिशों की कार्यान्विति के सम्बन्ध में अब तक हुई प्रगति का पुनर्विलोकन कर लिया है; और

(ख) यदि हां, तो उनको कार्यान्वित करने के लिए कुछ और उपाय किये गये हैं ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा प्रतिरक्षा मंत्रालय में प्रतिरक्षा सम्भरण मंत्री (श्री हाथी) : (क) और (ख) : सदन के सभा पटल पर एक विवरण रख दिया गया है।

विवरण

संतानम समिति द्वारा की गई कुल 137 सिफारिशों में से (जिन में सिफारिशों के भाग भी शामिल हैं) 115 स्वीकार कर ली गई हैं, 8 स्वीकार नहीं की गई है तथा बाकी 14 विचाराधीन हैं; इन सब का ब्यौरा नीचे दिया गया है :-

I. नीचे दी गई 108 सिफारिश परिवर्तनों सहित अथवा बिना परिवर्तनों के स्वीकार कर ली गई हैं तथा क्रियान्वित कर दी गई है :--

(1) सरकारी कर्मचारियों के आचार नियमों संबंधी सिफारिशें .	6
(2) विधियों के संशोधन संबंधी सिफारिशें . . .	15
(3) राजनैतिक दलों इत्यादि संबंधी सिफारिशें . . .	1
(4) विश्वविद्यालयों संबंधी सिफारिशें	1
(5) अन्य	85
कुल	108

II. नीचे दी गई 7 सिफरिशें पूर्ण अथवा आंशिक रूप में स्वीकार कर ली गई है तथा उन की कार्यान्विति विचाराधीन है :--

(1) सरकारी कर्मचारियों के अनुशासन नियमों संबंधी सिफारिशें .	1
(2) विधियों के संशोधन संबंधी सिफारिशें . . .	5
(3) अन्य	1
कुल .	7

III. सिफारिशें, जो स्वीकार नहीं की गई : 8

IV. नीचे लिखी 14 सिफारिशें विचाराधीन हैं :-

(1) संवैधानिक परिवर्तनों संबंधी सिफारिशें . . .	5
(2) राजनैतिक दलों इत्यादि संबंधी सिफारिशें . .	4
(3) न्यायपालिका संबंधी सिफारिशें . . .	1
(4) अन्य	4
कुल	14
कुल योग	137

हवाई अड्डों पर सुरक्षा व्यवस्था

*318. **श्री घुलेश्वर मीना :**

श्री राम चन्द्र उलाका :

क्या **गृह-कार्य** मंत्री 3 नवम्बर, 1965 के अतारांकित प्रश्न संख्या 16 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या हवाई अड्डों की सुरक्षा व्यवस्था की जांच करने के लिए नियुक्त की गई समिति की सिफारिशों की जांच की जा चुकी है; और

(ख) यदि हां, तो उसका क्या परिणाम निकला है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा प्रतिरक्षा मंत्रालय में प्रतिरक्षा सम्भरण मंत्री (श्री हाथी) : (क) जी हां। मैं प्रतिवेदन की एक प्रति सदन के सभा-पटल पर रख रहा हूं। **[पुस्तकालय में रखी गई। देखिये संख्या एल० टी० 5648/66]**

(ख) प्रतिवेदन के पृष्ठ 31 पर दी गई विदेशियों के होटलों में पंजीकरण से सम्बन्धित नवीं सिफ़ारिश को और पृष्ठ 33 पर दी गई बिना सीमा शुल्क कक्ष से गुजर निर्यात के बंडलों की लदाई से सम्बन्धित 17 वीं सिफ़ारिश को छोड़कर शेष सभी सिफ़ारिशें सरकार को मंजूर हैं और पहले ही कार्यवाही शुरू कर दी गई है। नवीं सिफ़ारिश को व्यावहारिक या उपयोगी नहीं समझा गया और सतरहवीं की अभी तक जांच की जा रही है क्योंकि जैसा कि प्रतिवेदन में भी कहा गया है। इसके लिये कुछ अन्य व्यवस्थाएं भी करनी होंगी।

तराई के सिखों की शिकायतें

*320. **श्री गुलशन : क्या गृह-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को तराई (उत्तर प्रदेश) के सिखों से कोई शिकायतें मिली है कि उनके साथ भद-भाव किया जाता है; और

(ख) यदि हां, तो सरकार का इस मामले में क्या कार्यवाही करने का विचार है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा प्रतिरक्षा मंत्रालय में प्रतिरक्षा सम्भरण मंत्री (श्री हाथी) : (क) जी हां।

(ख) उत्तर प्रदेश सरकार ने जिनको यह मामला भेजा गया था भेद–भाव के आरोप को अस्वीकार किया है।

Central Advisory Board of Education

*321. **Shri Sidheswar Prasad :** Will the Minister of **Education** be pleased to refer to the reply given to Unstarred Question No. 811 on the 17th November, 1965 and state the steps taken by the State Governments and the Central Government to implement the decisions taken by the Central Advisory Board of Education at their meetings held on the 28th and 29th October, 1965 ?

Minister of Education (Shri M. C. Chagla) : A statement is laid on the Table of the Sabha.

Statement

The recommendations made by the Central Advisory Board of Education were communicated on 9-12-65 to the State Governments and other authorities who are to consider and decide upon the implementation of the recommendations. Reports on the action taken by them have not yet been received. The recommendations, in so far as they relate to the 4th Five-Year-Plan, will be given due regard while finalising the Plan.

वाल्काट

*322. **श्री सुरेन्द्र नाथ द्विवेदी :** **श्री बड़े :**

श्री हुकुम चन्द कछवाय : **श्री प्र० चं० बरुआ :**

क्या **गृह-कार्य** मंत्री 16 फरवरी, 1966 के अतारांकित प्रश्न संख्या 253 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या इस मामले में जांच पूरी हो गई है;

(ख) अब तक कितने व्यक्ति गिरफ्तार किये गये हैं;

(ग) क्या उनके विरुद्ध कोई मुकदमा अथवा मुकदमे चलाए गये हैं; और

(घ) क्या कुछ समाचारपत्रों में छपे इस समाचार में कोई सचाई है कि उस बीचक्राफ्ट में, जो गत वर्ष जून में भुवनेश्वर में बिना पूर्व कार्यक्रम के उतरा था, वाल्काट तथा डोंज थे जो विमान के भुवनेश्वर की ओर उड़ान करने से पहले किसी अन्य स्थान पर उतर गये हैं ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा प्रतिरक्षा मंत्रालय में प्रतिरक्षा सम्भरण मंत्री (श्री हाथी) : (क) अभी तक नहीं ।

(ख) वाल्काट समेत 9 व्यक्ति ।

(ग) चार मामले दर्ज किये गए हैं ।

(घ) अब तक की गई जांच से समाचार-पत्रों के समाचार का समर्थन नहीं होता ।

मनीपुर में पुलिस द्वारा गोली चलाये जाने के बारे में जांच

*323. **श्री हरि विष्णु कामत :** क्या **गृह-कार्य** मंत्री 8 दिसम्बर, 1965 के तारांकित प्रश्न संख्या 737 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या खुली दीमापुर सड़क पर दुसरी बार गोली चलाने के लिए, जिसे जांच समिति ने न तो उचित और न आवश्यक ही बताया है, जिम्मेदार व्यक्तियों के विरुद्ध कोई अनुशासनात्मक अथवा दण्डात्मक कार्यवाही की गई है;

(ख) यदि हां, तो उसका स्वरूप क्या है; और

(ग) यदि भाग (क) का उत्तर नकारात्मक हो, तो उसके क्या कारण हैं ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा प्रतिरक्षा मंत्रालय में प्रतिरक्षा सम्भरण मंत्री (श्री हाथी) : (क), (ख) और (ग) : दुसरी बार गोली चलाने के बारे में एक मामला दर्ज किया जा रहा है ।

पुलिस थाने में कथित मार के कारण एक आदमी की मृत्यु

*324. **श्रीमती सावित्री निगम :**

श्री दे० द० पूरी :

क्या **गृह-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि पोर्ट ब्लेयर, अण्डमान के पुलिस स्टेशन पर पुलिस कान्टेबलों द्वारा पीटे जाने के कारण एक निर्दोष आदमी की मृत्यु हो गई थी; और

(ख) यदि हां, तो सरकार ने दोषी व्यक्तियों को दण्ड देने के लिए क्या कार्यवाही की है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा प्रतिरक्षा मंत्रालय में प्रतिरक्षा सम्भरण मंत्री (श्री हाथी) : (क) पोर्ट ब्लेयर के दनदास पाइट थाने से रुपलाल नामक एक व्यक्ति की, जिसे एक अपराधिक मामले में गिरफ्तार किया गया था, 26 और 27 जनवरी, 1966 के बीच की रात को हिरासत के दौरान मृत्यु हो गई।

(ख) थाने के स्थानीय अधिकारी समेत 8 पुलिस कर्मचारियों को गिरफ्तार किया गया और उनके खिलाफ जांच पूरी हो गई और न्यायालय में मामला दर्ज कर दिया गया है।

औद्योगिक विराम सन्धि (ट्रूस) सम्बन्धी संकल्प

*325. **श्री मधु लिमये** : क्या **श्रम, रोजगार** तथा **पुनर्वास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि केन्द्रीय सरकार की प्रेरणा से त्रिपक्षीय सम्मेलन ने औद्योगिक विराम सन्धि के सम्बन्ध में एक संकल्प पारित किया था;

(ख) क्या यह भी सच है कि रोहतास इंडस्ट्रीज, डालमियानगर तथा कुछ अन्य फर्मों के प्रबन्धकों ने इसके अनुसरण में किये गये समझौतों को क्रियान्वित करने से इन्कार करके इस विराम संधि का उल्लंघन किया है; और

(ग) यदि हां, तो केन्द्रीय सरकार ने भारत सुरक्षा नियमों अथवा अन्य आपात कालीन अधिकारों के अन्तर्गत क्या कार्यवाही की है ?

श्रम, रोजगार तथा पुनर्वास मंत्री (श्री जगजीवन राम) : (क) जी हां।

(ख) जिस मामले का माननीय सदस्य ने उल्लेख किया है वह बिहार सरकार के क्षेत्राधिकार में आता है।

(ग) प्रश्न नहीं उठता।

त्रिपक्षीय समितियां

*326. **श्री दाजी :**

श्री बसुमतारी :

श्री दे० द० पुरी :

क्या **श्रम, रोजगार** तथा **पुनर्वास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भारतीय श्रम सम्मेलन के तेईसवें अधिवेशन में विचारित उच्च स्तरीय त्रिपक्षीय समितियां केन्द्रीय तथा राज्य स्तरों पर स्थापित की जा चुकी है;

(ख) क्या इन समितियों की कोई बैठकें हुई है;

(ग) यदि हां, तो उनकी सिफारिशें क्या है और उनके बारे में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है; और

(घ) क्या कोई राज्य अभी तक ऐसी त्रिपक्षीय समितियां स्थापित नहीं कर सके हैं ?

श्रम, रोजगार तथा पुनर्वास मंत्री (श्री जगजीवन राम) : (क) और (ख) : भारत सरकार द्वारा एक त्रिपक्षीय समिति स्थापित की गई है। राज्य स्तर पर त्रिपक्षीय समितियों की स्थिति संलग्न विवरण संख्या 1 में दी गई है। **[पुस्तकालय में रखा गया। देखिये संख्या एल० टी० 5649/66]**

(ग) केन्द्रीय त्रिपक्षीय समिति की पहली बैठक 27 जनवरी, 1966 को हुई। राज्य स्तरीय समितियों की बैठकों के सम्बन्ध में सूचना उपलब्ध नहीं है।

(घ) केन्द्रीय त्रिपक्षीय समिति की मुख्य सिफारिशें संलग्न विवरण संख्या 2 में दी गई हैं। **[पुस्तकालय में रखा गया। देखिये संख्या एल० टी० 5649/66]**

विशेष पुलिस अधिकारियों की भर्ती

1316. श्री राम हरख यादव : क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने विशेष पुलिस अधिकारियों की भर्ती सम्बन्धी नियमों में संशोधन किया है;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है; और

(ग) देश में अब तक कितने विशेष पुलिस अधिकारी राज्यवार भर्ती किये गये हैं?

गृह-कार्य मंत्रालय में उपमंत्री (श्री विद्या चरण शुक्ल) : (क) भारत सरकार ने विशेष पुलिस अधिकारियों की भर्ती लिये कोई नियम नहीं बनाये हैं।

(ख) प्रश्न ही नहीं उठता।

(ग) राज्यों से सूचना एकत्रित की जा रही है और सभा के सभा-पटल पर रख दी जायगी।

कोयम्बतूर में कपड़ा मिलों में हड़ताल

1317. श्री अ० क० गोपालन : क्या श्रम, रोजगार तथा **पुनर्वास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या कोयम्बतूर में कपड़ा मिलों के मजदुरों ने दिसम्बर, 1965 में हड़ताल कर दी थी; और

(ख) यदि हां, तो उनकी मुख्य शिकायतें क्या थी; और यदि कोई समझौता हुआ है, तो उसकी शर्तें क्या हैं?

श्रम, रोजगार तथा पुनर्वास मंत्री (श्री जगजीवन राम) : (क) और (ख) : इस मामले का सम्बन्ध राज्य सरकार से है। भारत सरकार के पास इस सम्बन्ध में कोई सूचना नहीं है।

केरल में जूनियर कालेज

1318. श्री अ० क० गोपालन :

श्री अ० व० राघवन :

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या केरल विश्वविद्यालय की सिंडीकेट ने 1966-67 में किसी नये जूनियर कालेज के लिए मंजरी न देने का निश्चय किया है;

(ख) यदि हां, तो इस के क्या कारण हैं;

(ग) क्या मालाबार क्षेत्र के पिछड़ेपन को ध्यान मे रखते हुए सरकार का इस निर्णय में नर्मी करने तथा इस क्षेत्र में नये कालेजों के लिए अनुमति देने का विचार है; और

(घ) यदि हां, तो निर्णय कब तक किये जाने की संभावना है ?

शिक्षा मंत्री (श्री मु० क० चागला) : (क) से (घ) तक : यद्यपि यह ठीक है कि केरल विश्वविद्यालय के सिंडीकेट ने इस आधार पर कि 1964–65 और 1965–66 के दौरान जिन कालेजों के लिए स्वीकृति दी गई थी, वे भी अभी तक पूरी तरह से नहीं चल पाए हैं, 1966–67 के दौरान किसी नये अवर कालेज के लिए स्वीकृति नही देने का निर्णय किया है, किन्तु मालाबार क्षेत्र में नए कालेज खोलने के संबंध में अभी कोई अन्तिम निर्णय नही किया गया है। इस संबंध में विश्वविद्यालय प्रस्तावों की इस दृष्टि से जांच कर रहा है कि क्या नए कालेज खोलने के लिये जिन सुविधाओं की आवश्यकता होती है, वे संयोजकों द्वारा दी जा रही हैं। निर्णय लेने में कितना समय लगेगा, अभी यह बताना संभव नहीं है।

कोट्टयम में किसानोंकी गिरफ्तारी

1319. **श्री अ० क० गोपालन** : क्या **गृह-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को इस बात की सूचना मिली है कि पालमदम एस्टेट, कोट्टयम, केरल के निकट रहने वाले किसानों को बेदखल करने के उद्देश्य से पुलिस उन्हें गिरफ्तार कर रही है; और

(ख) यदि हां, तो क्या इसे रोकने के लिये कोई कार्यवाही करने का सरकार का विचार है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा प्रतिरक्षा मंत्रालय में प्रतिरक्षा मंत्री (श्री हाथी) : (क) इन किसानों को बेदखल करने के लिये गिरफ्तार नहीं किया गया था। पालमपदम एस्टेट के पास थुमारनपाड़ा में कुछ ऐसे व्यक्तियों को पुलिस ने स्पष्ट आरोपों के लिये गिरफ्तार किया जो आपराधिक मामलों में अभियुक्त थे।

(ख) प्रश्न ही नहीं उठता।

केरल पुलिस के कांस्टेबलों के लिये यात्रा भत्ता

1320. **श्री अ० क० गोपालन** : क्या **गृह-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या केरल के पुलिस कांस्टेबलों को अब तक दिये जाने वाले यात्रा भत्ते में 25 प्रतिशत की कमी कर दी गई है;

(ख) क्या यह भी सच है कि जब वे बस वारंटों के साथ यात्रा करते हैं तो उन के यात्रा भत्ते में से उस का किराया काट लिया जाता है;

(ग) यदि हां, तो इसके क्या कारण है; और

(घ) इस मामले में आधुनिकतम स्थिति क्या है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा प्रतिरक्षा मंत्रालय में प्रतिरक्षा सम्भरण मंत्री (श्री हाथी) : (क) बचत के एक उपाय के रूप में राज्य के पुलिस विभाग के अधिकारियों तथा सभी श्रेणियों के कर्मचारियों के यात्रा भत्ते की अधिकतम सीमा में 20 प्रतिशत की कटौती की गई है न कि 25 प्रतिशत की।

(ख) अधिकतम सीमा के आधे तक ही किराया काटा जाता है। यदि वारंटों की राशि आधे से अधिक हो जाती है तो बढ़ती निकलने वाली राशि को अधिकतम सीमा से बढ़ा कर मंजूर कर लिया जाता है।

(ग) और (घ) : यह निर्णय बचत के एक उपाय के तौर पर किया गया था और अभी तक लागू है ।

केरल साबुन संस्था

1321. श्री अ० व० राघवन : क्या **पेट्रोलियम और रसायन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या कालीकट स्थित केरल साबुन संस्था की उत्पादन क्षमता को बढ़ाने का विचार किया गया है;

(ख) यदि हां, तो मजोनी साबुन संयंत्र का आयात करने के सम्बन्ध में कितनी प्रगति हुई है; और

(ग) इस संयंत्र के लिए कितनी विदेशी मुद्रा की आवश्यकता है ?

पेट्रोलियम और रसायन मंत्री (श्री अलगेसन) : (क) केरल साबुन संस्था ने वर्तमान पुरानी मशीन के स्थान पर मजोनी साबुन संयंत्र (Mazzone Soap Plant) द्वारा अपने कारखाने का नवीनकरण करने का विचार किया है । कारखाने के नवीनकरण से इस परिणाम के प्राप्त होने की आशा है कि कारखाने की क्षमता प्रति वर्ष 700 मीटरी टन से प्रति वर्ष 1000 मीटरी टन तक बढ़ जाए ।

(ख) इटली के ऋण (Italian credit) के अन्तर्गत इटेलियन सप्लायरज (Italian suppliers) के साथ संयंत्र की सप्लाई के लिए करार किया गया है और संयंत्र के आयात के लिए लाइसेन्स की प्रतीक्षा है ।

(ग) लगभग 8.5 लाख रुपये ।

अखिल भारतीय राष्ट्रीय खल

1322. श्री मुरली मनोहर :

श्री राम हरख यादव :

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या बंगलौर में हाल में हुए अखिल भारतीय 22वें राष्ट्रीय खेलों में कुछ खेलों के राष्ट्रीय रिकार्ड टूट गये; और

(ख) यदि हां, तो उन खेलों का ब्यौरा क्या है ?

शिक्षा मंत्रालय में उपमंत्री (श्री भक्त दर्शन) : (क) जी हां ।

(ख) क्रीड़ा तथा भार उठाने की प्रतियोगिता में निम्नलिखित नये रिकार्ड स्थापित किये गये हैं :—

क्रीड़ा

पुरुष

1. ऊंची कूद (हाई जम्प) —2.01 मीटर, राजस्थान के भीम सिंह द्वारा ।
2. चक्र फेंकना (डिस्कस थ्रो)—49.98 मीटर, पंजाब के प्रवीन कुमार द्वारा ।
3. हैमर फेंकना (हैमर थ्रो)—56.56 मीटर, पंजाब के प्रवीन कुमार द्वारा ।
4. तिहरी कूद (ट्रिपल जम्प)—15.87 मीटर, पंजाब के लाभ सिंह द्वारा ।
5. 800 मीटर की दौड़—1 मिनट 49.9 सेकिन्ड, राजस्थान के बी० एस० बरुआ द्वारा ।

स्त्रियां

ऊंची कूद (हाई जम्प)—1.55 मीटर, मद्रास के एल० गोम्स द्वारा ।

लड़के

1. ऊंची कूद (हाई जम्प)—1.85 मीटर, राजस्थान के दलजिन्दर सिंह द्वारा ।
2. पोल वाल्ट—3.60 मीटर, पंजाब के रघुबीर सिंह द्वारा ।
3. जेवलिन फेंकना (ज़ेवलिन थ्रो)—57.16 मीटर, बिहार के राम बदन सिंह द्वारा ।
4. 200 मीटर की दौड़—22.8 सेकिन्ड, महाराष्ट्र के साभखल द्वारा ।
5. 400 मीटर की दौड़—50.5 सेकिन्ड, मैसूर के आर० रंगानाथ द्वारा ।
6. 800 मीटर की दौड़—2 मिनट 0 सेकिन्ड, मैसूर के आर० रंगानाथ द्वारा ।
7. 4×100 मीटर रैल—44.4 सेकिन्ड, मैसूर की टीम द्वारा ।

लड़कियां

1. जेवलिन—34.02 मीटर, राजस्थान की चमेली द्वारा ।
2. शौट पुट—9.07 मीटर, मैसूर की मेरी फिलिप्स द्वारा ।

भार उठाना (वेटलिफ्टिंग)

फीदरवेट

1. सेना के एम० एल० घोष—प्रेस 108 किलोग्राम कुल 345 किलोग्राम ।
2. रेलवे के ए० के० दास—स्नेच 107.5 किलोग्राम ।

लाहौर से प्रकाशित होने वाला 'उर्दू डाइजेस्ट'

1323. श्री राम हरख यादव : क्या **गृह-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने यह घोषणा की है कि लाहौर से प्रकाशित होने वाली उर्दु सावधिक पत्रिका "उर्दु डाइजस्ट" के जो कि "इस्तकलाल प्रेस" लाहौर म छपती है, सितम्बर, 1965 से लेकर आज तक के सब अंक सरकार ने जब्त कर लिये ह; और

(ख) यदि हां, तो जब्त करने के सम्बन्धी आदेश का ब्यौरा क्या है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में उपमंत्री (श्री पू० शे० नास्कर) : (क) इस सावधिक पत्रिका के सितम्बर, 1965 से आदेश की तिथि अर्थात् 21 अक्तूबर, 1965 तक के सब अंक सरकार द्वारा जब्त घोषित कर दिये गये हैं ।

(ख) यह आदेश भारतीय राजपत्र के 6 नवम्बर, 1965 के भाग दो खण्ड III(i) में प्रकाशित किया गया ।

डाक और तार विभाग के विभागातिरिक्त कर्मचारियों का वेतन

1324. श्री जेधे : क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) डाक और तार विभाग के विभागातिरिक्त कर्मचारियों को, श्रेणीवार न्यूनतम तथा अधिकतम कितना वेतन दिया जाता है;

(ख) क्या ये विभागातिरिक्त कर्मचारी, सरकारी कर्मचारियों को समय समय पर दिये जाने वाले महंगाई भत्ते के हकदार हैं;

(ग) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं; और

(घ) क्या उनका वेतन बढ़ाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है, और यदि हां, तो वह प्रस्ताव क्या है और इसे कब क्रियान्वित करना संभव होगा ?

संसद-कार्य विभाग तथा संचार विभाग में राज्य मंत्री (श्री जगन्नाथ राव) :(क) सूचना नीचे दी गयी है :—

श्रेणी	कम से कम (प्रतिमाह)	अधिक से अधिक (प्रतिमाह)
	रु०	रु०
अतिरिक्त विभागीय उप डाकपाल तथा अतिरिक्त विभागीय छंटाईकार ।	52	72
अतिरिक्त विभागीय डाक टिकट विक्रेता . . .	32	47
अतिरिक्त विभागीय शाखा डाकपाल . . .	25	47
अतिरिक्त विभागीय डाक वाहक पकर वितरण एजेंट तथा लेटर बक्स पियन ।	20	42
अतिरिक्त विभागीय चौकीदार	20	42
अतिरिक्त विभागीय संदेशक, बाल संदेशक तथा बाल चपरासी .	20	42

उक्त रकम के अलावा अतिरिक्त विभागीय उप डाकपालों तथा छंटाईकारों को 16 रुपये प्रतिमाह तथा अन्य अतिरिक्त विभागीय कर्मचारियों को 12 रुपय प्रतिमाह की तदर्थ वृद्धि भी मंजूर की जाती है (इसमें हाल में 1-12-65 से मंजूर की गई क्रमशः 3 रुपये और 2 रुपये की वृद्धि भी शामिल है)।

(ख) जी नहीं ।

(ग) ये कर्मचारी नियमित वेतन मानों पर नियुक्त पूर्णकालिक कर्मचारी नहीं होते और ऐसी अपेक्षा की जाती है कि इनके पास आमदनी के अन्य साधन भी होने चाहिये ।

(घ) जी नहीं, फिर भी 1 दिसम्बर, 1965 से अतिरिक्त विभागीय उपडाकपालों तथा छंटाईकारों को 3 रुपय प्रतिमाह की दर से तथा अन्य अतिरिक्त विभागीय कर्मचारियों को 2 रुपये प्रतिमाह की दर से इनके समेकित भत्ते में वृद्धि की मंजूरी दे दी गई है। इस प्रकार की वृद्धियाँ नियमित सरकारी कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में जब कभी भी संशोधन होता है उस समय सरकार द्वारा वृद्धि करने की नीति के अनुकूल है ।

डाक व तार विभाग के विभागातिरिक्त कर्मचारियों के लिये उपदान

1325. श्री जेधे : क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या डाक व तार विभाग के विभागातिरिक्त विभागीय कर्मचारियों को उपदान देने से सम्बन्धित ब्यौरा अन्तिम रूप से तैयार कर लिया गया है; और

(ख) यदि हां, तो क्या उसकी एक प्रति सभा-पटल पर रखी जायेगी ?

संसद-कार्य विभाग तथा संचार विभाग में राज्य मंत्री (श्री जगन्नाथ राव) : (क) जी नहीं ।

(ख) प्रश्न ही नहीं उठता ।

Indian Labour Conference

1326. Shri Sidheshwar Prasad : Will the Minister of **Labour, Employment and Rehabilitation** be pleased to refer to the reply given to Unstarred Question No. 559 on the 15th November, 1965 regarding the proposals discussed and recommendations made by the Indian Labour Conference in October, 1965 and state :

(a) whether the points referred to the Standing Labour Committee for their consideration have since been considered; and

(b) if so, the specific points considered and the decisions arrived thereat ?

Minister of Labour, Employment & Rehabilitation (Shri Jagjivan Ram) : (a) & (b). The Standing Labour Committee at its meeting held on February 13-14, 1966, considered the points referred to it by the Indian Labour Conference in October, 1965. A statement showing the important subjects discussed and decisions reached at the above meeting is laid on the Table of the House. **[Placed in Library.]**

Publication of 'Gvan Sarovar'

1327. Shri Sidheshwar Prasad :
Dr. Mahadeva Prasad :

Will the Minister of **Education** be pleased to refer to the reply given to Unstarred Question No. 1604 on the 1st December, 1965 and state :

(a) the reasons for entrusting the work of publication of 'Gyan Sarovar' to 'Jamia Millia Islamia';

(b) the reasons for which the work of its publication was further handed over to the Publications Division of the Ministry of Information and Broadcasting;

(c) the amount paid to 'Jamia Millia' for the publication of 'Gyan Sarovar' and the reasons for which its accounts have not been audited so far;

(d) the reasons for the delay on the part of the Ministry of Information and Broadcasting in publishing the remaining volumes of 'Gyan Sarovar'; and

(e) the time by which all volumes of the 'Gyan Sarovar' would be published?

Minister of Education (Shri M. C. Chagla) : (a) The work of publication of Gyan Sarovar was entrusted to the Jamia Millia Islamia in view of their experience in the field of publication of social education literature in Hindi.

(b) The progress being rather slow, the work was later on entrusted to the Publications Division.

(c) A sum of Rs. 1,88,007.34 was released to them and by January 61 the accounts were furnished to the Accountant General, Central Revenues, for audit.

(d) & (e). On account of additional load of work on Publications Division as well as the Government of India Press due to national emergency, the printing of this book has not been as speedy as it should have been in normal circumstances. The Publications Division will do its best to bring out the remaining volumes early.

Enquiry Against Journalists

1328. Shri Sidheshwar Prasad : Will the Minister of **Home Affairs** be pleased to refer to the reply given to Unstarred Question No. 1684 on the 1st December, 1965 regarding the anti- national activities of certain journalists and state:

(a) whether the enquiry into the matter has since been completed ;

(b) if so, the result thereof; and

(c) the action taken by Government in the matter ?

The Minister of State in the Ministry of Home Affairs and Minister of Defence Supplies in the Ministry of Defence (Shri Hathi) : (a), (b) and (c). The news despatches of the correspondence were examined by Government and on a careful consideration of all aspects of the matter, it has been decided that there is no material justifying any kind of legal action or restriction.

पदने (केरल) में टेलीफोन एक्सचेंज

1329. श्री मुहम्मद कोया : क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या केरल राज्य में पदने में एक टेलीफोन एक्सचेंज खोलने का निर्णय किया गया था ;

(ख) क्या टेलीफोन लगवाने वाले लोगों से कहा गया था कि वे पेशगी धन जमा करायें; और

(ग) यदि हां, तो अब तक टेलीफोन न दिये जाने के क्या कारण हैं?

संसद-कार्य विभाग तथा संचार विभाग में राज्य मंत्री (श्री जगन्नाथ राव) : (क) जी नहीं ।

(ख) किसी प्रकार की पेशगी रक़म जमा नहीं कराई गई है ।

(ग) प्रश्न ही नहीं उठता ।

पदने का शाखा डाकघर

1330. श्री मुहम्मद कोया : क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या केरल में पदने के शाखा डाकघर का दर्जा ऊंचा करने के संबंध में कोई अभ्यावेदन मिला है;

(ख) क्या किसी दूसरे डाकघर का दर्जा ऊंचा किया गया है जिसमें पदने शाखा डाकघर की तुलना में कम काम होता है; और

(ग) यदि हां, तो पदने के शाखा डाकघर का दर्जा ऊंचा न करने के क्या कारण हैं ?

संसद-कार्य विभाग तथा संचार विभाग में राज्य मंत्री (श्री जगन्नाथ राव) : (क) जी नहीं ।

(ख) जी नहीं ।

(ग) प्रश्न ही नहीं उठता ।

मद्रास सरकार के कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति की आयु

1331. श्री वै० वै० तेवर : क्या **गृह-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मद्रास सरकार ने राज्य सरकार के कर्मचारियों की सेवा निवृत्ति की आयु को बढ़ाकर 58 वर्ष करने के सम्बन्ध में कोई प्रस्ताव केन्द्रीय सरकार के अनुमोदनार्थ भेजा है;

(ख) यदि हां, तो इस मामले पर विचार इस समय किस स्तर पर हो रहा है;

(ग) यह किस तारीख से लाग होगा; और

(घ) इस प्रस्ताव के अन्तर्गत किन-किन विभिन्न वर्गों के कर्मचारी आयेंगे ?

गृह-कार्य मंत्रालय में उपमंत्री (श्री पू० शे० नास्कर) : (क) जी नहीं ।

(ख) से (घ) : प्रश्न ही नहीं उठते ।

Displaced Persons from East Pakistan

1332. Shri Onkar Lal Berwa :
Shri Hukam Chand Kachhavaiya :

Will the Minister of **Home Affairs** be pleased to state :

(a) whether it is a fact that citizenship has been granted to the displaced persons who have migrated from East Pakistan; and

(b) if so, the number of the displaced persons who have been granted citizenship ?

Minister of State in the Ministry of Home Affairs and Minister of Defence Supplies in the Ministry of Defence (Shri Hathi) : (a) Persons who migrated from Pakistan to India before 19th July, 1948, automatically became citizens of India under the provisions of the Constitution. Those who came later, are eligible for the grant of Indian citizenship by registration, if they fulfil qualifications prescribed under the Citizenship Act, 1955.

(b) According to the information available, the total number of displaced persons who had been registered as Indian citizens till 15th December, 1965, was 4,82,868. Separate figures in respect of those who migrated from East Pakistan are not available.

अन्दमान तथा निकोबार द्वीप समूह के संसाधनों का विकास

1333. श्री उमानाथ : क्या **श्रम, रोजगार तथा पुनर्वास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या संघ राज्य-क्षेत्र अन्दमान तथा निकोबार द्वीप समूह के लिये गृह-कार्य मंत्रालय की सलाहकार समिति की हाल में हुई बैठक में यह निर्णय किया गया है कि एक ऐसा कार्यक्रम आरम्भ किया जाए, जिसके अन्तर्गत बाहर से आकर यहां बसे हुए लोगों तथा वहां की स्थानीय जनता के लिए द्वीप समूह के विभिन्न विविध संसाधनों के समूचे विकास का काम शामिल हो; और

(ख) यदि हां, तो उस निर्णय तथा प्रस्तावित कार्यक्रम का ब्यौरा क्या है ?

श्रम, रोजगार तथा पुनर्वास मंत्री (श्री जगजीवन राम) :(क) जी, नहीं । 7 दिसम्बर, 1965 को अन्दमान तथा निकोबार द्वीप समूह के लिये गृह-कार्य मंत्री की सलाहकार समिति की हुई बैठक में द्वीप समूह के विकास तथा विस्थापितों के पुनर्वास संभाव्य के बारे में सामान्य उल्लेख किया गया था किन्तु इस बारे में कोई विशेष निर्णय नहीं लिये गये थे ।

Khel Gaon Near Rajghat

1334. Shri Onkar Lal Berwa :
Shri Shree Narayan Das :

Will the Minister of **Education** be pleased to state :

(a) whether it is a fact that Government have abandoned their decision to construct 'Khel Gaon' near Rajghat;

(b) if so, the alternative site selected therefor; and

(c) the broad outlines of the scheme ?

Deputy Minister in the Ministry of Education (Shri Bhakt Darshan) : (a) & (b). The question of permitting construction of stadia etc. on the land near Rajghat had recently been considered and the view taken was that it would not be proper to allow the construction of stadia at this site and that alternative site should be searched for the 'Sports Village', now called National Sports Centre. The Chief Commissioner, Delhi has been asked to suggest two or three suitable sites, for consideration of Government.

(c) It is proposed to provide the following facilities in the National Sports Centre :—

1. Indoor Sports Arena fully equipped with gymnasium and sanitary annexes;
2. Main Stadium providing all the facilities that are necessary in a modern stadium; and
3. Playgrounds for Football, Hockey, Volley-ball, Basketball and Tennis.

Shark Liver Oil Refinery

1335. Shri Onkar Lal Berwa : Will the Minister of **Petroleum and Chemicals** be pleased to state :

(a) whether it is a fact that Government propose to set up a Shark Liver Oil Refinery in Gujarat;

(b) if so, when; and

(c) from whom assistance, if any, is being sought ?

The Minister of Petroleum and Chemicals (Shri Alagesan) : (a) There is no such proposal by the Government of India. The Government of Gujarat have however set up a Shark liver oil refinery.

(b) & (c). This is a project included in the fisheries schemes of the Gujarat Government under the Third Five Year Plan and that Government expects that the refinery will start working very shortly.

Hostel for Scientists

1337. Shri Hukam Chand Kachhavaiya :
Shri Onkar Lal Berwa:
Shri Bade:

Will the Minister of **Education** be pleased to state :

(a) whether it is a fact that Government propose to construct a hostel for Scientists in New Delhi;

(b) if so, the proposed location thereof; and

(c) the estimated expenditure thereon ?

Minister of Education (Shri M. C. Chagla) : (a) Yes, Sir. The Council of Scientific and Industrial Research proposes to construct a hostel for use of Directors and Senior Scientists from Research Institutions and foreign Scientists who may visit Delhi as guests of the Council.

(b) It is proposed to locate the hostel in Lodi Estate, New Delhi.

(c) The preliminary designs and estimates are under preparation.

Treatment of Dr. Makhan Lal Chaturvedi

1338. **Shri Hukam Chand Kachhavaiya:**
Shri Bade :

Will the Minister of **Education** be pleased to state :

(a) whether Padma Bhushan Dr. Makhan Lal Chaturvedi is under medical treatment; and

(b) if so, whether Government have given him any assistance for this purpose and the nature thereof ?

Deputy Minister in the Ministry of Education (Shri Bhakt Darshan) : (a) Yes, Sir.

(b) The Central and Rajasthan Governments had jointly given a lump sum amount of Rs. 1,500 to Dr. Makhan Lal Chaturvedi during 1963-64. A grant of Rs. 5,000 was also given to him from the Education Minister's Discretionary Fund during 1964-65. In addition to this, since July, 1963, the Government of Madhya Pradesh are paying him a lifetime honorarium of Rs. 500 p.m. for his own treatment and the maintenance of his family.

अचल सम्पत्ति पर कर

1339. **श्री यशपाल सिंह :**
श्री बाल्मीकी :
श्री बागड़ी :
डा० राम मनोहर लोहिया :
श्रीमती सावित्री निगम :

क्या **गृह-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) दिल्ली संघ राज्य क्षेत्र में अचल सम्पत्ति पर कर दर बढ़ाने का कोई प्रस्ताव है; और

(ख) यदि हां, तो कर में कितनी वृद्धि किये जाने का प्रस्ताव है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में उप मंत्री (श्री विद्या चरण शुक्ल) : (क) जी नहीं ।

(ख) प्रश्न ही नहीं उठता ।

नंगल उर्वरक कारखाने से गैस का दिया जाना

1340. **श्रीमती सावित्री निगम :**
श्री हुकम चन्द कछवाय :

क्या **पैट्रोलियम** और **रसायन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि क्या सरकार ने पंजाब के विभिन्न शहरों तथा दिल्ली को भोजन पकाने के लिये नंगल उर्वरक कारखाने से गैस देने की योजना को अन्तिम रूप दे दिया है ?

पैट्रोलियम और रसायन मंत्री (श्री अलगेशन) : भोजन पकाने के लिये नंगल उर्वरक कारखाने से गैस की सप्लाई की कोई योजना विचाराधीन नहीं है । कारखाने में प्रयुक्त प्रक्रिया से ऐसी गैस का उत्पादन नहीं हो सकता है ।

पंजाब में प्रयोगशालायें

1341. **श्री यशपाल सिंह :** क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि पंजाब सरकार राज्य भर में प्रयोगशालाओं की शृंखला स्थापित करने की योजना पर विचार कर रही है;

(ख) यदि हां, तो क्या केन्द्रीय सरकार ने कोई सहायता दी है ; और

(ग) इसके लिये कितना धन नियत किया गया है ?

शिक्षा मंत्रालय में उप मंत्री (डा० श्रीमती सोन्दरम रामचन्द्रन) : (क) मंत्रालय को ऐसी किसी योजना की जानकारी नहीं है ।

(ख) और (ग) : प्रश्न नहीं उठता ।

क्रीड टेलीप्रिंटर मशीनों के पुर्जे

1342. **श्री बूटा सिंह :**

श्री गुलशन :

श्री यशपाल सिंह :

क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या 'क्रीड टेलीप्रिंटर मशीनों' के पुर्जो का बडा स्टाक डाक और तार अधिकारियों के पास बेकार पड़ा है;

The Deputy Minister in the Ministry of Education (Dr. (Mrs.) T. S. Soundaram Ramachandran) : (a) It is estimated that about 78·5% of the children in the age group 6-11 including those in areas where Compulsory Education Acts are in force, will be attending schools by the end of the IIIrd Plan.

(b) Central Assistance to States is given for General Education Schemes in the State Sector as a whole and not for each scheme separately. The pattern and quantum of such Central assistance for the IVth Plan is under consideration.

(c) According to the present estimates 100% enrolment for the children in the age group 6-11 will be achieved by the end of the Vth Plan. In so far as children in the age group 11-14 are concerned, 100% targets will be achieved later still.

तरल पैट्रोलियम गैस

1390. **श्री सुबोध हंसदा :**
श्री स० चं० सामन्त :
श्री भागवत झा आजाद :
श्री म० ला० द्विवेदी :
श्री प्र० चं० बरुआ :

पैट्रोलियम और **रसायन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि बरौनी में तैयार की गई इण्डेन नाम की तरल पैट्रोलियम गैस घरेलू ईंधन के रूप में अन्य किसी तरल पैट्रोलियम गैस से उत्तम और सस्ती है ;

(ख) यदि हां, तो क्या बरौनी में तैयार की जाने वाली सारी इण्डेन गैस बाजार में बेचने के लिये जमा की जाती है; और

(ग) इस समय यह गैस कितनी तैयार की जाती है और क्या इसका वाणिज्यिक आधार पर उत्पादन होने की कोई सम्भावना है ?

पैट्रोलियम और रसायन मंत्री (श्री अलगेशन) : (क) बरौनी शोधनशाला की तरल पैट्रोलियम गैस, जो इण्डेन नाम के मार्का से बिकती है, दूसरी तेल कम्पनियों द्वारा बेची जा रही तरल पैट्रोलियम गैस की अपेक्षा सस्ती है। घरेलू ईंधन के रूप में इण्डेन गैस भारत में इस समय बेची जा रही किसी दूसरी तरल पैट्रोलियम गैस जैसी अच्छी है।

(ख) जी, हां।

(ग) बरौनी शोधनशाला इस समय 100 टन प्रति मास उत्पादन कर रही है किन्तु इस की प्रति वर्ष 10,000 टन की निर्धारित क्षमता है। विवरण सुविधाओं की वृद्धि के साथ साथ उत्पादन की गति को धीरे धीरे बढ़ाया जायेगा ।

World Hindu Religion Conference, Delhi

1391. **Shri Prakash Vir Shastri :**
Shri Hukam Chand Kachhavaiya :
Shri Jagdev Singh Siddhanti :

Will the Minister of **Home Affairs** be pleased to state :

(a) whether Government have received some resolutions adopted at the World Conference on Hindu Religion held in Delhi in December, 1965 ; and

(b) if so, the reaction of Government thereto ?

The Minister of State in the Ministry of Home Affairs and the Minister of Defence Supplies in the Ministry of Defence (Shri Hathi) : (a) No, Sir.

Government have only seen reports in the Press on the resolutions passed at the Conference.

(b) Does not arise.

राजनैतिक दलों की संख्या में वृद्धि

1392. **श्री काजरोलकर** : क्या **गृह-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को पता है कि बिहार में मुसलमान कांग्रेस दल के अन्दर मुसलमानों का एक पृथक गुट बनाने की कोशिश कर रहे हैं;

(ख) यदि हां, तो क्या दलों की संख्या में इस प्रकार की वृद्धि से देश में विघटनकारी प्रवृतियां पैदा होंगी; और

(ग) क्या इससे स्वतंत्रता-पूर्व की मुस्लिम लीग जैसी पार्टी नहीं बन जायेगी ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा प्रतिरक्षा मंत्रालय में प्रतिरक्षा संभरण मंत्री (श्री हाथी) : (क) सरकार को पता है कि 6 मई, 1964 को पटना में हुई एक बैठक में बिहार राज्य कांग्रस मुस्लिम फ्रंट नामक एक दल का निर्माण किया गया।

(ख) और (ग) : ये प्रश्न कल्पना पर आधारित हैं अतः इनके बारे में भिन्न-भिन्न राय हो सकती हैं।

ऐतिहासिक अभिलेखों के संरक्षण के लिये कक्ष

1393. **श्री कर्णी सिंहजी** : क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को इस बात का पता है कि ऐतिहासिक अभिलेखों को सुरक्षित रखने के लिए कलकत्ता में लागत से विशेष प्रकार से बनाया गया एक कमरा बेकार पड़ा हुआ है, क्योंकि उस तहखाने को प्रयोग मे लाने के लिये अपेक्षित दम-पट्टी (गैजेट) का आयात करने की अनुमति नहीं दी गई है;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण है; और

(ग) क्या उसके तुरन्त आयात किये जाने के लिये कोई कार्यवाही की जा रही है ?

शिक्षा मंत्रालय में उपमंत्री (श्री भक्त दर्शन) : (क), (ख) और (ग) : पुराने हस्तलेखों और पुस्तकों के परिरक्षण के लिये कलकत्ता की एशियाटिक सोसाइटी ने एक योजना भेजी थी जिस में भवन की दूसरी मंज़िल के एक लाख रुपये की लागत से वातानुकूल किये जाना भी शामिल था। विदेशी मद्रा संबंधी कठिनाइयों के कारण वह योजना मंजूर नहीं की गई थी। सोसाइटी ने एक एसी साधारण योजना बनाने का सुझाव दिया है जो कार्यान्वित की जा सके और जिसपर अधिक विदेशी मुद्रा की लागत की आवश्यकता न पड़े। अभी यह साधारण योजना प्राप्त नहीं हुई है।

राष्ट्रीय ग्रामीण उच्च शिक्षा परिषद् को मान्यता देना

1394. **श्री सुबोध हंसदा :**

श्री यशपाल सिंह।

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने को कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि राष्ट्रीय ग्रामीण उच्च शिक्षा परिषद् द्वारा दिये जाने वाले ग्रामीण अर्थशास्त्र तथा सहकार के स्नातकोत्तर डिप्लोमा को केवल जून, 1966 तक मान्यता दी जायेगी; और

(ख) यदि हां, तो क्या यह पाठ्यक्रम समाप्त किया जायेगा अथवा 1966 के बाद परिषद कार्य करना बन्द कर देगी ?

शिक्षा मंत्री (श्री मु० क० चागला) : (क) और (ख) : फिलहाल, डिप्लोमा को जून, 1966 तक मान्यता दी गई है; किन्तु इसकी मान्यता एक वर्ष के लिए और आगे बढ़ाने हेतु आवश्यक कार्रवाई कर ली गई है। अन्तर-विश्वविद्यालय बोर्ड द्वारा की गई सिफारिशों के अनुसार पाठ्यचर्या में संशोधन किया जा रहा है और संशोधित पाठ्यचर्या को लागू करने के बाद, इसको स्थायी तौर पर मान्यता देने के प्रश्न पर विचार किया जाएगा।

स्वतंत्र पार्टी के नेता द्वारा काश्मीर के बारे में सुझाव

1395. **श्री उमानाथ** : क्या **गृह-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि भारतीय स्वतंत्र पार्टी के संयुक्त सचिव ने काश्मीर में स्थिति का मूल्यांकन करते हुए प्रधान मंत्री को कुछ सुझाव दिये हैं;

(ख) यदि हां, तो उन का ब्यौरा क्या है; और

(ग) उन पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा प्रतिरक्षा मंत्रालय म प्रतिरक्षा संभरण मंत्री (श्री हाथी) : (क) से (ग) तक : स्वतंत्र पार्टी ने भारत सरकार को जम्मू काश्मीर की स्थिति के बारे में एक गोपनीय पत्र भजा था। उस पत्र के विषय को जाहिर करना लोक-हित की दृष्टि से ठीक नहीं। हां, सरकार सभी क्षत्रों से सुझावों का स्वागत करती है और इस दृष्टि से उनकी जांच करती है कि, क्या निश्चय करना उपयोगी होगा।

भारत-पाक सम्बन्धों पर मास्टर तारासिंह के विचार

1396. श्री उमानाथ : क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उनका ध्यान मास्टर तारासिंह द्वारा दिनांक 1 अक्तूबर, 1965 के अपने समाचार पत्र में लिख गये लेख की ओर दिलाया गया है जिसमें उन्होंने यह विचार व्यक्त किया कि हाल में हुए भारत-पाकिस्तान संघर्ष में भारत की विजय की सम्भावना नहीं थी;

(ख) क्या सरकार को यह भी पता है कि उन्होंने इसी लेख में यह कहा है कि उन्होंने इस विचार का अपने बहुत से मित्रों में प्रचार किया था; और

(ग) यदि हां, तो इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा प्रतिरक्षा मंत्रालय म प्रतिरक्षा संभरण मंत्री (श्री हाथी) (क), (ख) और (ग) : उक्त लेख सरकार के ध्यान में आया है। इसमें ठीक यही बात नहीं है जो प्रश्न में बताई गई है। फिर भी सरकार ने ऐसे लेख प्रकाशित करने के लिये जिन्हें हानिकारक समझा गया समाचार पत्र के सम्पादक के खिलाफ भारत सुरक्षा नियमों के नियम 46 के अधीन यथोचित कार्यवाही की है।

नजरबन्द साम्यवादियों को परिवार भत्ता

1397. श्री कौल्ला बैंकैया :

श्री म० ना० स्वामी :

क्या **गृह-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) (1) 1965 के अन्त तक तथा (दो) फरवरी, 1966 के अन्त तक विभिन्न राज्यों में कितने नज़रबन्द वामपंथी साम्यवादियों को परिवार भत्ता दिया गया;

(ख) उपरोक्त अवधि में विभिन्न राज्यों में प्रत्येक नज़रबन्द व्यक्ति को अधिक से अधिक तथा तथा कम से कम कितनी रकम दी गई;

(ग) उसी अवधि में विभिन्न राज्यों में परिवार भत्ते के कितने आवेदन-पत्र अस्वीकृत किये गये; और

(घ) परिवार भत्ते की दर में अन्तर के क्या कारण हैं ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा प्रतिरक्षा मंत्रालय में प्रतिरक्षा संभरण मंत्री (श्री हाथी) : (क) आधुनिकतम उपलब्ध सूचना के अनुसार विभिन्न राज्यों में 641 वामपंथी साम्यवादी नज़रबन्दी को परिवार-भत्ता दिया जा रहा है। समय की कमी के कारण 28 फरवरी, 1966 की स्थिति के बारे में सूचना प्राप्त करना सम्भव नहीं हुआ।

(ख) तीन राज्यों को छोड़ कर जहां न्यूनतम राशि 50 रुपये से कम थी, क्रमशः 425 रुपये और 50 रुपये प्रतिमास।

(ग) 253।

(घ) यह भत्ता अनुग्रह और प्रत्येक मामले के गुणावगुण के आधार पर राज्य सरकारों द्वारा दिया जा रहा है। किन्तु केन्द्रीय सरकार ने यह सलाह दी है कि न्यूनतम देय राशि प्रत्येक उपयुक्त मामले में एक समान 50 रुपये प्रति मास होनी चाहिये। **[पुस्तकालय में रखा गया। देखिये संख्या एल० टी० 1397/66।]**

उत्तर प्रदेश में बहु-प्रयोजनीय स्कूल

1398. श्री विश्वनाथ पाण्डेय : क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) इस योजना का आरम्भ किये जाने के पश्चात उत्तर प्रदेश में कितने बहु-प्रयोजनीय स्कूलों की संख्या क्या है;

(ख) क्या तीसरी योजना के दौरान इस प्रयोजन के लिए उत्तर प्रदेश सरकार को कोई वित्तीय सहायता दी गई थी; और

(ग) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

शिक्षा मंत्री (श्री मु० क० चागला) : (क) 1250 (1-7-1964 को)।

(ख) जी हां।

(ग) (i) केन्द्रीय सरकार ने 1964-65 के दौरान निम्नलिखित अनुदान दिए थे :—

	रकम रु०
इलाहाबाद और लखनऊ में बहुद्देशीय स्कूलों के विकास के लिए .	1,00,000.00
बहुद्देशीय स्कूलों के पुस्तकालयों को संदर्भ पुस्तकें देने के लिए . .	14,922.00
जोड़ .	1,14,922.00

(ii) इसके अतिरिक्त, उत्तर प्रदेश राज्य में बहुद्देशीय स्कूलों को कृषि विभागों को मजबूत बनाने के लिए 1965-66 में 8.40 लाख रुपये नियत किए गए हैं।

उत्तर प्रदेश में अनुसूचित जातियों तथा पिछड़े वर्गों के लिये छात्रवृत्तियां

1399. श्री विश्वनाथ पाण्डेय : क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या 1965-66 के दौरान उत्तर प्रदेश सरकार को अनुसूचित जातियों तथा पिछड़े वर्गों के लिये मेट्रिक उपरान्त छात्रवृत्तियां देने के सम्बन्ध में कोई अनुदान दिया गया है ; और

(ख) यदि हां, तो उक्त अवधि में अनुसूचित जातियों तथा पिछड़े वर्गों के छात्रों को इस प्रकार दी गई छात्रवृत्तियों की कुल धनराशि क्या है ?

शिक्षा मंत्रालय में उपमंत्री (डा० श्रीमती सौन्दरम् रामचन्द्रन) : (क) जी हां।

(ख) 90.277 लाख रुपये (अभी तक)।

उत्तर प्रदेश में संस्कृत का विकास

1400. श्री विश्वनाथ पाण्डेय : क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 1965-66 के दौरान राज्य में संस्कृत के विकास के लिए उत्तर प्रदेश में स्वैच्छिक संगठनों को कुल कितनी केन्द्रीय सहायता दी गई ;

(ख) उक्त अवधि में ये अनुदान किन किन संगठनों को दिये गये थे; और

(ग) 1966–67 के दौरान उपरोक्त प्रयोजन के लिए इस राज्य में स्वैच्छिक संगठनों को कितनी केन्द्रीय सहायता देने का विचार है ?

शिक्षा मंत्रालय में उपमंत्री (श्री भक्त दर्शन) : (क) 1965–66 के दौरान अभी तक 1.18 लाख रुपये के अनुदान स्वीकृत किए गए हैं ।

(ख) विवरण संलग्न है। [**पुस्तकालय में रखा गया। देखिये संख्या एल० टी० 5657/66।**]

(ग) राज्यवार कोई नियतन नहीं किया जाता है । संस्कृत के प्रसार के लिए स्वैच्छिक संस्कृत संगठनों/संस्थाओं और पाठशालाओं को वित्तीय सहायता की इस मंत्रालय की योजना के अन्तर्गत प्रत्येक वर्ष आवेदन-पत्र आमंत्रित किए जाते हैं और जिन प्रायोजनाओं के लिए अनुदान मांगा जाता है, उनके गुणावगणों को देखते हुए अनुदान स्वीकृत किए जाते हैं ।

प्रादेशिक भाषाओं में गौरव ग्रंथों का हिन्दी में अनुवाद

1401. श्री विश्वनाथ पाण्डेय : क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) भारत सरकार ने 1965–66 में सभी प्रादेशिक भाषाओं के प्रसिद्ध प्राचीन तथा नवीन कितने गौरव ग्रंथों का हिन्दी में अनुवाद किये जाने के लिये अनुदान दिया; और

(ख) किन संस्थाओं को प्रत्येक भाषा के लिये पृथक पृथक ये अनुदान दिये गये हैं ?

शिक्षा मंत्रालय मे उपमंत्री (श्री भक्त दर्शन) : (क) ऐसे उत्कृष्ट ग्रंथों के हिन्दी में अनुवाद के लिये वर्ष 1965–66 के दौरान अभी तक कोई अनुदान नहीं दिया गया है ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

पंजाब में डाक व तार कर्मचारियों के लिये क्वार्टर

1402. श्री दलजीत सिंह: क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि पंजाब में डाक व तार कर्मचारियों को दिये जाने वाले रिहायशी क्वार्टरों की कमी है ; और

(ख) यदि हां, तो (एक) तीसरी पंचवर्षीय योजना अवधि में कितने क्वार्टर बनाये गये थे, और (दो) चौथी पंचवर्षीय योजना अवधि में कितने क्वार्टर बनाने का विचार है ?

संसद-कार्य विभाग तथा संचार विभाग में राज्य मंत्री (श्री जगन्नाथ राव) : (क) पंजाब परिमण्डल में 12.7 प्रतिशत कर्मचारियों को क्वार्टर दे दिये गए हैं ।

(ख) (i) तीसरी योजना के दौरान जनवरी, 1966 तक कर्मचारियों के लिए 381 क्वार्टरों का निर्माण किया गया था (ii) चौथी योजना की अवधि के दौरान 300 यूनिटें बनाने का प्रस्ताव है ।

सरकारी पदाधिकारियों की संख्या

1403. श्री दलजीत सिंह : क्या गृह-कार्य मंत्री सरकारी पदाधिकारियों की संख्या के बारे में 11 नवम्बर, 1965 के अतारांकित प्रश्न संख्या 394 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि उनमें से अनुसूचित जातियों के कितने पदाधिकारी हैं ?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा प्रतिरक्षा मंत्रालय में प्रतिरक्षा संभरण मंत्री (श्री हाथी) : सूचना एकत्रित की जा रही है, सदन के सभा-पटल पर रख दी जायगी ।

पंजाब में उर्वरक कारखाना

1404. **श्री दलजीत सिंह :** क्या **पेट्रोलियम और रसायन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या पंजाब में एक और उर्वरक कारखाना स्थापित करने के बारे में कोई अन्तिम निर्णय कर लिया गया है; और

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है और वह कारखाना कहां लगाया जायगा ?

पेट्रोलियम और रसायन मंत्री (श्री अलगेसन) : (क) और (ख) : पंजाब में दूसरा उर्वरक कारखाना लगाने का कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है ।

पंजाब में पुलिस के लिये आवास योजना

1405. **श्री दलजीत सिंह :** क्या **गृह-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या 1965 तथा 1966 में अब तक पंजाब सरकार को उस राज्य में पुलिस के लिये आवास योजना के अन्तर्गत कोई राशि मंजूर की गई है ; और

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में उपमंत्री (श्री विद्याचरण शुक्ल) : (क) और (ख) : वित्तीय वर्ष 1965–66 के दौरान पंजाब सरकार को पुलिस आवास योजना के अधीन 34.34 लाख रुपये की राशि मंजूर की गई ।

अध्यापकों के वेतन तथा उपलब्धियां

1406. **श्री कोल्ला बैंकैया :**

श्री म० ना० स्वामी :

श्री लक्ष्मी दास :

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा हाई स्कूल तथा इन्टरमिडिएट शिक्षा के पुनर्गठन के सम्बन्ध में नियुक्त की गई समिति ने अध्यापकों के वेतन तथा उपलब्धियों के बारे में कोई सिफारिश की है;

(ख) यदि हां, तो वे सिफारिशें क्या हैं;

(ग) क्या अन्य राज्यों को इन सिफारिशों की जांच पड़ताल के लिये कोई सुझाव भेजा है; और

(घ) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण है ?

शिक्षा मंत्री (श्री मु० क० चागला) : (क) जी, नहीं ।

(ख), (ग) और (घ) : प्रश्न नहीं उठते ।

Wage Board for Cotton Textile Industry

1407. **Shri Bagri :** **Shri Madhu Limaye :**
Shri Ram Sewak Yadav : **Shri Kishen Pattnayak :**
Shri Yashpal Singh :

Will the Minister of **Labour, Employment** and **Rehabilitation** be pleased to state:

(a) whether the Second Wage Board for Cotton Textile Industry has submitted its report to Government;

(b) if so, the main recommendations thereof and the action taken by Government thereon ;

(c) if reply to part (a) be in the negative, the reasons for the delay; and

(d) whether the Board proposes to submit any interim report ?

Minister of Labour, Employment & Rehabilitation (Shri Jagjivan Ram) : (a) Not yet.

(b) Does not arise.

(c) The Board has not yet completed the hearing of the parties concerned. It has heard the representatives of the Central Trade Union Organisations of workers, and proposes to hear the representatives of the employers early in April, 1966.

(d) The workers, representatives on the Board have raised the question of interim relief. The matter is being considered by the Board.

राजस्थान के मुख्य मंत्री के विरुद्ध आरोप

1408. **श्री कोल्ला बैकैया :**
श्री यशपाल सिंह :
श्री प० ह० भील :
श्री नरसिम्हा रेड्डी :
श्री सोलंकी :

क्या **गृह-कार्य** मंत्री राजस्थान के मुख्य मंत्री के विरुद्ध लगाये गये आरोपों सम्बन्धी 24 नवम्बर, 1965 के अतारांकित प्रश्न संख्या 1189 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने इस बीच इस मामले की जांच कर ली है; और

(ख) यदि नहीं, तो विलम्ब के क्या कारण हैं ?

गृह-कार्य मंत्री (श्री नन्दा) : (क) और (ख) : 22 अप्रैल, 1965 का एक ज्ञापन प्राप्त हुआ है जिसमें कुछ लोगों के हस्ताक्षर हैं और जिस के साथ राजस्थान के मुख्य मंत्री पर लगाये गये दोषारोपणों की सूची संलग्न है। राजस्थान के मुख्य मंत्री से प्राप्त टिप्पणियों और राजस्थान सरकार द्वारा भेजी गई सूचना के संदर्भ में इन आरोपों की जांच की गई है। इस सामग्री के आधार पर मुख्य मंत्री के विरुद्ध कोई प्रथम दृष्ट्यावाद नहीं बनता।

दिल्ली के कालेजों में दो पारियों की व्यवस्था

1409. **श्री राम सेवक यादव :**
श्री यशपाल सिंह :
श्री बागड़ी :

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि दिल्ली के कालेजों में दो पारियों की व्यवस्था चालू करने में अब तक क्या प्रगति हुई है ?

शिक्षा मंत्री (श्री मु० क० चागला) : 28/29 अक्तूबर, 1965 की अपनी बैठक में शिक्षा सम्बन्धी सलाहकार बोर्ड ने अन्य बातों के साथ साथ उच्चतर शिक्षा सम्बन्धी स्थायी समिति की दस सिफारिश का अनुमोदन किया कि सायंकाल के कालेजों की ओर उदार दृष्टिकोण अपनाया जाना चाहिये ताकि नियमित विद्यार्थियों की बढ़ती हुई संख्या की आवश्यकता को भी पूरा किया जा सके। समुचित शिक्षा सुविधाओं वाले प्रत्येक कालेज में, स्थानीय परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए एक या दो पारियों में जैसा भी संभव हो, लगभग 10 काम के घंटे होने चाहिये ताकि दाखिलों की बढ़ती हुई मांग की समस्या को हल करने के अतिरिक्त सुविधाओं का अधिकतम उपयोग सुरक्षित किया जा सके।

दिल्ली के कालेजों के सम्बन्ध में इन सिफारिशों को क्रियान्वित करने का प्रश्न विचाराधीन है।

मजूरी संबंधी स्टीयरिंग ग्रुप

1410. श्रीमती विमला देवी :

डा० रानेन सेन :

श्री वासुदेवन् नायर :

क्या **श्रम, रोजगार** तथा **पुनर्वास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उनके मंत्रालय ने दूसरी योजना अवधि में मजूरी सम्बन्धी स्टीयरिंग ग्रुप बनाया था और यदि हां, तो क्या स्टीयरिंग अब भी काम कर रहा है; और

(ख) क्या मजूरी सम्बन्धी स्टीयरिंग ग्रुप ने भारत का कोई मानचित्र तैयार किया है ताकि देश में विभिन्न उद्योगों के लिए मजूरी नीति निर्धारित करने में सहायता मिल सके ?

श्रम, रोजगार तथा पुनर्वास मंत्री (श्री जगजीवन राम) : (क) और (ख) : मजूरी सम्बन्धी स्टीयरिंग ग्रुप नवम्बर, 1957 में स्थापित हुआ था, परन्तु यह अब निष्क्रिय हो गया है। जिन विषयों से इस ग्रुप का सम्बन्ध था उनमें से एक विषय था भारत का उद्योगवार और क्षेत्रवार मजूरी-मानचित्र बनाने हेतु सामग्री एकत्र करने की योजना बनाना। 1958-59 में किए गए व्यावसायिक मजूरी सर्वेक्षण के दौरान आवश्यक डेटा एकत्र कर लिया गया है। इस सर्वेक्षण में महत्वपूर्ण केन्द्रों के विभिन्न उद्योगों में व्यावसायिक मजूरी दरें दी गई हैं। दूसरा सर्वेक्षण 1963-64 में किया गया और इस सर्वेक्षण पर आधारित डेटा इस वर्ष के दौरान उपलब्ध होने की आशा है।

अन्तर्देशीय पत्र

1411. श्री दे० जी० नायक : क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि राजस्थान में दिसम्बर, 1965 और जनवरी, 1966 में अन्तर्देशीय पत्रों की सप्लाई अपर्याप्त थी; और

(ख) यदि हां, तो स्थिति को सुधारने के लिये क्या कदम उठाये गये हैं ?

संसद-कार्य विभाग तथा संचार विभाग में राज्य मंत्री (श्री जगन्नाथ राव) : (क) जी हां, केवल जयपुर के प्रधान डाकघर में दिसम्बर, 1965 के दूसरे सप्ताह में कुछ दिनों तक अन्तर्देशीय पत्रों की कमी रही। फिर भी दिसम्बर, 1965 या जनवरी, 1966 में राजस्थान के किसी भी अन्य डाकघर में अन्तर्देशीय पत्रों की कोई कमी नहीं रही।

(ख) नियन्त्रक, डाक टिकट, नासिक से पर्याप्त सप्ताई पहले ही प्राप्त हो चुकी है।

औद्योगिक विकास

1412. श्री प० ह० भील : **श्री क० ना० तिवारी :**

श्री विभूति मिश्र : **श्री प्र० के० देव :**

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि भारत सरकार गवेषणा और विकास सम्बन्धी कार्यों के लिये उद्योगों के वार्षिक उत्पादन पर 5 प्रतिशत शुल्क लगाने के बारे में विचार कर रही है; और

(ख) यदि हां, तो उसका क्या ब्यौरा है और क्या इस बारे में निर्णय कर लिया गया है ?

शिक्षा मंत्री (श्री मु० क० चागला) : (क) और (ख) : जी नहीं। दिसम्बर, 1965 में दिल्ली में वैज्ञानिकों तथा उद्योगपतियों के हुए सम्मेलन ने अन्य बातों के साथ-साथ यह सिफारिश की थी कि औद्योगिक प्रतिष्ठानों को आत्मनिर्भरता और आत्म-विश्वास प्राप्त करने के लिए अपने कुल उत्पादन के 5 प्रतिशत तक अनुसंधान तथा विकास पर खर्च करने में समर्थ होना चाहिये। सम्मेलन की अन्तिम सिफारिशों की प्रतीक्षा है।

Women Members of Backward Classes of Various Communities

1413. Shri Kishen Pattnayak :
Shri Madhu Limaye :

Will the Minister of **Home Affairs** be pleased to state :

(a) the existing proportion of women members of the Backward Classes (untouchables) of Hindu Community, the members of Backward Classes of Muslim, Sikh and Christian communities, Harijans and Adivasis employed in the four Classes of the Central Government Services; and

(b) the steps proposed to be taken by Government to encourage the members of these backward classes ?

The Deputy Minister in the Ministry of Home Affairs (Shri P. S. Naskar) : (a) The Government of India have not recognised any classes other than the Scheduled Castes and Scheduled Tribes as backward classes for the purpose of reservation of posts under the Government. There are also no *special* concessions to women members of Scheduled Castes and Scheduled Tribes in the matter of employment under the Government. Accordingly, no statistics relating to women members referred to in the Question are maintained.

(b) Does not arise.

शिक्षण संस्थायें

1414. श्री दी० चं० शर्मा :
श्रीमती सावित्री निगम :

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद पहले 14 वर्षों में शिक्षण संस्थाओं की संख्या दुगुनी हो गई है ;

(ख) क्या यह भी सच है कि अब भी शिक्षण संस्थाओं की बहुत कमी है ; और

(ग) यदि हां, तो इन शिक्षण संस्थाओं की मांग को पूरा करने के लिये कोई ठोस प्रयत्न किये जा रहे हैं ?

शिक्षा मंत्री (श्री मु० क० चागला) : (क) स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद पहले 14 वर्षों में देश में शिक्षण संस्थाओं की कुल संख्या में चार गुने से भी अधिक वृद्धि हुई है।

(ख) जी हां। और अधिक संस्थाओं की आवश्यकता है, विशेषकर स्कूल स्तर पर।

(ग) संबंधित क्षेत्र की आवश्यकताओं को ओर वित्तीय तथा जन-शक्ति की उपलब्धता को ध्यान में रखते हुए, विद्यमान संस्थाओं में दाखिले की क्षमता बढ़ाकर और नई संस्थाएं खोलकर अतिरिक्त सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है।

कोलार स्वर्ण खानों में हड़ताल

1415. श्री लिंग रेड्डी : क्या श्रम, रोजगार तथा **पुनर्वास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या नंदीदुर्ग खान तथा कोलार स्वर्ण खान के मजदूरों ने काम करना बन्द कर दिया है और क्या यह हड़ताल अन्य खानों में भी फैल गई;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या मजदूरों तथा प्रबन्धकों के बीच तय की गई मजदूरों तथा अन्य कर्मचारियों की मांगें पूरी नहीं की गई; और

(घ) हड़ताल के कारण अब तक कितनी हानि हुई है तथा हड़ताल को किस प्रकार समाप्त करने का विचार है ?

श्रम, रोजगार तथा पुनर्वास मंत्री (श्री जगजीवन राम) : (क) नंदीदूर्ग खान के 420 मशीन-मिस्त्रियों और मशीन-मैनों ने 1-1-1966 से हड़ताल कर दी और यह हड़ताल 6-1-1966 की शाम को समाप्त हो गई। यह हड़ताल अन्य खानों में नहीं फैली।

(ख) हड़ताल का कारण, कुछ मज़दूरों द्वारा विस्फोटन का अतिरिक्त कार्य करने के लिये, जोकि इस खान के लिए विशेष है, भत्ते का पुन: स्थापन करने की मांग थी।

(ग) मैनेजमेंट और कामगरों के बीच 21-10-1965 को मज़दूरी आदि के बारे में हुए समझौते को कार्यान्वित कर दिया गया है।

(घ) इससे 1,40,008 रुपये की हानि बताई गई है। जैसे कि ऊपर बताया गया है, समझौता-कार्यवाही में समझौता होने के बाद, हड़ताल 6 जनवरी को समाप्त हो गई।

वाणिज्य तथा प्रबंध में अनुसंधान

1416. श्री श्यामलाल सर्राफ : क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि वाणिज्य तथा प्रबन्ध अनुसंधान कार्य में समन्वय स्थापित करने के लिये एक प्रशासन व्यवस्था (मशीनरी) स्थापित करने की मांग की गई है;

(ख) क्या सरकार ने इस मांग पर विचार कर लिया है; और

(ग) यदि हां, तो इसे कब व्यावहारिक रूप दिया जायेगा ?

शिक्षा मंत्री (श्री मु० क० चागला) : (क), (ख) और (ग) : भारतीय वाणिज्य संस्था के तत्वावधान में, 28 दिसम्बर, 1965 को वल्लभ विद्यानगर में हुए अखिल भारतीय वाणिज्य सम्मेलन ने वाणिज्य तथा प्रबंध विज्ञान अनुसंधान कार्य में समन्वय स्थापित करने के लिए एक मशीनरी स्थापित करने की सिफारिश की थी। सरकार को ऐसी मशीनरी स्थापित करने के संबंध में बाकायदा तौर पर कोई प्रार्थना प्राप्त नहीं हुई है।

नि:शुल्क स्कूल पाठ्य पुस्तकें

1417. डा० रानेन सेन :

श्री दीनेन भट्टाचार्य :

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि कुछ विशेष राज्य सरकारों ने दिये गये वचन के अनुसार छात्रों को नि:शुल्क स्कूल पाठ्य पुस्तकें नहीं दी हैं और बदले में घटिया किस्म की पुस्तकों को ऊंचे मूल्यों पर दे रही हैं; और

(ख) यदि हां, तो स्थिति में सुधार करने के लिए सरकार ने क्या कार्यवाही की है ?

शिक्षा मंत्रालय में उप मंत्री (डा० श्रीमती सौंदरम रामचन्द्रन) : (क) जी, नहीं। अधिकतर राज्य प्राथमिक स्तर पर नि:शुल्क अथवा रियायती मूल्य पर पाठ्य पुस्तकें देते हैं;

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

उड़ीसा में तकनीकी संस्था

1418. श्री रामचन्द्र उलाका :
श्री धुलेश्वर मीना :

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या 1966-67 के दौरान उड़ीसा राज्य में कोई जूनियर तकनीकी स्कूलों को खोलने का विचार किया गया है; और

(ख) यदि हां, तो उनका ब्यौरा क्या है ?

शिक्षा मंत्री (श्री मु० क० चागला) : (क) जी नहीं।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

उड़ीसा में टेलीफोन

1419. श्री रामचन्द्र उलाका :
श्री धुलेश्वर मीना :

क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 31 जनवरी, 1966 को उड़ीसा के विभिन्न टेलीफोन एक्सचेंजों में टेलीफोन लगाये जाने से सम्बन्धित कितने आवेदन पत्र अनिर्णीत थे; और

(ख) इस कार्य को शीघ्र करवाने के लिये क्या कार्यवाही की गई है ?

संसद-कार्य विभाग तथा संचार विभाग में राज्य मंत्री (श्री जगन्नाथ राव) : (क) 2339;

(ख) उपलब्ध साधनों के अनुसार नये टेलीफोन केन्द्र स्थापित करने तथा मौजूदा टेलीफोन केन्द्रों का यथा संभव अधिक से अधिक विस्तार करने की दिशा में लगातार प्रयत्न किये जा रहे हैं।

उड़ीसा में टेलीफोन एक्सचेंज

1420. श्री रामचन्द्र उलाका :
श्री धुलेश्वर मीना :

क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 31 जनवरी, 1966 को उड़ीसा में कितने टेलीफोन एक्सचेंज थे;

(ख) क्या 1966-67 में इनकी संख्या में वृद्धि करने का कोई विचार है; और

(ग) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

संसद-कार्य विभाग तथा संचार विभाग में राज्य मंत्री (श्री जगन्नाथ राव) : (क) 50।

(ख) जी हां।

(ग) 1966-67 के दौरान निम्नवर्ती स्थानों पर टेलीफोन केन्द्र खोले जाने की संभावना है :—

टेलीफोन केन्द्र का नाम	क्षमता
अत्ताबीरा	25
बरपल्ली	25
बीरमित्रपुर	50

टेलीफोन केन्द्र का नाम	क्षमता
ब्रजराजनगर	50
चान्दबाली	25
गोपालपुर	25
जोड़ा	50
करांजिया	25
पटनागढ़	25

उड़ीसा में डाकखान

1421. श्री रामचन्द्र उलाका :

श्री धुलेश्वर मीना :

क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उड़ीसा में 1966-67 के दौरान कुछ उप-डाकखानों को, मुख्य डाकखानों तथा शाखा डाकखानों को उप-डाकखानों में परिवर्तित करने का कोई प्रस्ताव है; और

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

संसद कार्य विभाग तथा संचार विभाग में राज्य मंत्री (श्री जगन्नाथ राव) : (क) जी हां।

(ख) लोक-सभा पटल पर एक विवरण रखा जा रहा है। **[पुस्तकालय म रखा गया। देखिये संख्या एल० टी० 1421/66।]**

बिना लाइसेंस के रेडियों

1422. श्री धुलेश्वर मीना :

श्री रामचन्द्र उलाका :

क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

अक्तूबर, 1965 से जनवरी, 1966 के अन्त तक डाक तथा तार विभाग ने राज्यवार बिना लाइसेंस के कितने रेडियों पकड़े हैं; और

(ख) इस बारे में सरकार ने सम्बन्धित व्यक्तियों के विरुद्ध क्या कार्यवाही की है ?

संसद कार्य विभाग तथा संचार विभाग में राज्य मंत्री (श्री जगन्नाथ राव) : (क) इस अवधि के दौरान बिना लाइसेंस पकड़े गए रेडियो सेटों की संख्या इस प्रकार है—

आसाम	885
आन्ध्र	1059
बंगाल	1104
बिहार	2403
दिल्ली	1942
गुजरात	1563
केरल	938
मद्रास	2145
महाराष्ट्र	1606

मध्य प्रदेश	633
मैसूर	975
उड़ीसा	1107
पंजाब	3179
राजस्थान	2614
उत्तर प्रदेश	1854
	24,007

(ख) इस प्रकार पकड़े गए मामलों को तब तक चालू रखा जाता है जब तक कि लाइसेंस शुल्क तथा अधिभार की अदायगी करके लाइसेंस न प्राप्त कर लिया जाए। जो पकड़े गए मामले अक्तूबर-दिसम्बर, 1965 के दौरान निपटाये गए उनकी संख्या इस प्रकार है—

आसाम	607
आन्ध्र	971
बंगाल	1250
बिहार	2356
दिल्ली	1824
गुजरात	1204
केरल	1026
मद्रास	2621
महाराष्ट्र	1606
मध्य प्रदेश	617
मैसूर	1002
उड़ीसा	298
पंजाब	1450
राजस्थान	2289
उत्तर प्रदेश	2443
	21,564

मोजाम्बिक से लौटाये गये भारतीय

1423. **श्री धुलेश्वर मीना :**
श्री रामचन्द्र उलाका :

क्या **श्रम, रोजगार** तथा **पुनर्वास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मोजाम्बिक से लौटाये गये भारतीयों के पुनर्वास के लिये अब तक क्या कदम उठाये गये हैं; और

(ख) इस सम्बन्ध में अब तक क्या प्रगति हुई है ?

श्रम, रोजगार तथा पुनर्वास मंत्री (श्री जगजीवन राम) : (क) मोजाम्बिक से लौटने वाले अधिकांश भारतीय गुजरात में बसे हैं। भारत सरकार ने उनके पुनर्वास के लिये आदेश जारी किये हैं जिनमें निम्न सुविधायें दी गई है :

(1) लौटने वाले निर्धन व्यक्तियों के लिये 1,200 रुपये तक प्रति वर्ष धन संबंधी जिसका कुल व्यय गुजरात राज्य सरकार तथा केन्द्रीय सरकार द्वारा बराबर-बराबर किया जा रहा है।

(2) लौटने वालों के लिये व्यापार या छोटे पैमाने पर लघु उद्योग चालू करने के लिये 3 प्रतिशत रिआयती दर ऋण की मंजूरी। प्रत्येक व्यक्तिगत मामले में ऐसे ऋण की अधिकतम सीमा 5,000 रुपये निर्धारित की गई है।

(3) पाकिस्तान से आये विस्थापित व्यक्तियों के आधार पर कृषि भूमि के बंटवारे में अग्रता।

(4) निःशुल्क छात्रवृत्तियों के अनुदान के मामले में छात्रवृत्तियों तथा निःशुल्क स्कूल की किताबों के लिये गुजरात में लागू योजनाओं के अनुसार लौटने वाले भी वास्तविक पात्र तथा भागी होंगे। लौटने वालों के बच्चों के लिये प्रति परिवार प्रतिवर्ष 200 रुपय की निशुल्क किताबें मंजूर की गई हैं। तकनीकी शिक्षा के बारे में यह निर्णय किया गया था कि सभी शुल्क जो सामान्य रूप में तकनीकी संस्थाओं में लिया जाता है, लौटने वालों के बच्चों को उसके बराबर धन राशि दी जायेगी तथा उसके साथ प्रति छात्र 60 रुपये वार्षिक भत्ता दिया जायेगा।

(5) विभिन्न आदेशों के अंतर्गत लौटने वाले बिक्रय लाईसेंस की मंजूरी के पात्र होंगे, जैसे कि, अनाज, चीनी, तथा गुड़ कंट्रोल आदेशों के बारे में विशेष ध्यान दिया जायेगा। अन्य राज्य सरकारों द्वारा भी लौटने वालों को वित्तीय तथा अन्य सहायता इसी आधार पर दी गई है।

(ख) (1) 107 परिवारों को ऋण मंजूर किया गया है। दी गई कुल धन-राशि 2,40,500 रुपये है।

(2) 50 परिवारों को वित्तीय सहायता दी गई है। दी गई कुल धन-राशि 58,278.58 रुपये है।

(3) कृषि प्रयोजन के लिये 23 एकड़ भूमि आवंटित की गई है।

(4) 69 बच्चों को शिक्षा सुविधायें दी गई हैं। दी गई कुल धन राशि 4,534.73 रुपये है।

(5) 40 परिवारों को उचित मूल्य की दुकानों के लाईसेंस दिये गये हैं।

(6) 29 व्यक्तियों को चीनी के लाईसेंस दिये गये हैं।

(7) 6 व्यक्तियों को सरकारी सेवा में रोजगार पर लगाया गया है।

(8) लग भग 500 परिवार गुजरात राज्य में गये थे और उनमें से लग भग सभी का पुनर्वास हो चुका है।

दिल्ली में जामा मस्जिद और लाल किला की मरम्मत

1424. श्री धुलेश्वर मीना :

श्री रामचन्द्र उलाका :

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या 1965-66 के दौरान दिल्ली में जामा मस्जिद और लाल किला में कुछ मरम्मत कार्य किया गया था; और

(ख) यदि हां, तो उक्त अवधि में उस पर कितना व्यय किया गया था ?

शिक्षा उप मंत्री (श्री भक्त दर्शन) : (क) जी हां।

(ख) अप्रल, 1965 से जनवरी, 1966 तक का खर्च इस प्रकार है :—

जामा मस्जिद	लाल किला
9,418.90 रुपये	5,128.13 रुपये

केन्द्रीय सरकार में उड़ीसा सरकार के अधिकारी

1425. **श्री धुलेश्वर मीना :**

श्री रामचन्द्र उलाका :

क्या **गृह-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) इस समय केन्द्रीय सरकार के कार्यालयों में उड़ीसा सरकार के कितने अधिकारी काम कर रहे हैं और किन किन पदों पर; और

(ख) अधिकारियों में कितने अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित आदिम जातियों के हैं ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा प्रतिरक्षा मंत्रालय में प्रतिरक्षा संभरण मंत्री (श्री हाथी): (क) 4 नवम्बर, 1965 को उड़ीसा सरकार के 259 अधिकारी केन्द्रीय सरकार के कार्यालयों में कार्य कर रहे थे। उनमें से :—

2 सचिव, थे।

1 अतिरिक्त सचिव।

3 संयुक्त सचिव।

5 उप सचिव और

2 अवर सचिव थे।

शेष 246 क्षेत्र कार्य पर नियुक्त थे।

(ख) तीन।

विभिन्न उद्योगों में मजदूरों की न्यूनतम मजूरी

1426. **श्री रामेश्वर टांटिया :**

श्री हिम्मतसिंहका :

क्या **श्रम, रोजगार** तथा **पुनर्वास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार ऐसे उद्योग में काम करने वाले मज़दूरों की न्यूनतम मजूरी पुन: निश्चित करने के लिये विचार कर रही है जो कृषि उपकरण, मशीनों के हथियार और सामान्य इंजीनीयरी सामान बनाते हैं;

(ख) यदि हां, तो इसके कब तक क्रियान्वित किये जाने की संभावना है और पुन: निश्चित की गई मजूरी दर क्या होगी; और

(ग) समिति ने और कौन सी सिफारिशें की थीं और उन्हें कहां तक लागू किया गया है ?

श्रम, रोजगार और पुनर्वास मंत्री (श्री जगजीवन राम) : (क) जी नहीं। ये उद्योग न्यूनतम मजूरी अधिनियम के अन्तर्गत उद्योगों की अनुसूची में शामिल नहीं हैं। स्टील प्लांट्स को छोड़कर इंजीनियरी उद्योग सम्बन्धी केन्द्रीय मजूरी बोर्ड, जिसकी स्थापना दिसम्बर, 1964 में हुई थी, अब इन उद्योगों के कर्मचारियों के विभिन्न वर्गों के मजूरी-विन्यास की जांच कर रहा है।

(ख) और (ग): मज़ूरी बोर्ड की सिफारिशों की प्रतीक्षा की जा रही है।

पुरस्कृत हिन्दी पुस्तकें

1427. **श्री बादशाह गुप्त :** क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि पिछले दस वर्ष में किन हिन्दी पुस्तकों के लिये पुरस्कार दिया गया है ?

शिक्षा मंत्रालय में उप मंत्री (श्री भक्त दर्शन) : अपेक्षित सूचना एकत्रित की जा रही है और यथासमय सभा पटल पर रख दी जाएगी।

श्रीमती लाल बहादुर शास्त्री को भत्ता

1428. **डा० लक्ष्मीमल्ल सिंघवी :**

श्री गुलशन :

श्री लहरी सिंह :

क्या **गृह-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या दिवंगत प्रधान मंत्री की विधवा तथा उनके बच्चों को कुछ विशेष भत्ते तथा सहायता देने का विचार है; और

(ख) क्या इस सम्बन्ध में पहले ही उचित व्यवस्था की जा चुकी है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा प्रतिरक्षा मंत्रालय में प्रतिरक्षा संभरण मंत्री (श्री हाथी) : (क) और (ख) : निम्नलिखित के लिये स्वीकृति दी गई है :—

(1) श्रीमती शास्त्री को आजीवन 15,000 रुपये वार्षिक पेंशन;

(2) दिल्ली/नई दिल्ली में जैनरल पूल से उन्हें उपयुक्त आवास-स्थान जिसका किराया मूल नियम 45 क के अधीन किराये अथवा पेंशन के दस प्रतिशत में से जो भी कम हो, देना; और

(3) केन्द्रीय सरकारी स्वास्थ्य योजना के अधीन श्रीमती शास्त्री और उनके परिवार को पेंशनरों की तरह चिकित्सा सम्बन्धी सुविधाएं।

विज्ञान मंदिर योजना के अन्तर्गत प्रयोगशालायें

1429. **श्री गोपाल दत्त नेगी :** क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 1965 के अन्त तक विज्ञान मन्दिर योजना के अन्तर्गत (राज्य-वार) ग्रामीण क्षेत्रों में कितनी प्रयोगशालायें स्थापित की गई;

(ख) इन प्रयोगशालाओं ने स्थानीय किसानों के लाभ के लिये मिट्टी, पानी तथा पौधों के कुल कितने परीक्षण किये; और

(ग) ज्ञान प्रसार के लिये कितनी पुस्तिकाएं बांटी गई और उन पर कितना खर्च हुआ ?

शिक्षा मंत्रालय में उप मंत्री (डा० (श्रीमती) सौंदरम् रामचन्द्रन) : (क) से (ग) : विवरण संलग्न है, जिसमें उपलब्ध सूचना दी गई है। **[पुस्तकालय म रखा गया। देखिये संख्या एल०टी० 5660/66।]**

विश्वविद्यालय शिक्षा के लिये पत्राचार पाठ्यक्रम तथा सायंकालीन कक्षायें

1430. **श्री गोपाल दत्त नेगी :**

श्री महेश्वर नायक :

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) विश्वविद्यालय की शिक्षा देने के लिये पत्राचार पाठ्यक्रम तथा सायंकालीन कालेजों की व्यवस्था किन किन राज्यों में है; और

(ख) क्या विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने ऐसे पाठ्यक्रमों को प्रोत्साहन देने के लिये इस सम्बन्ध में विभिन्न विश्वविद्यालयों से बातचीत की है ?

शिक्षा मंत्री (श्री मु० क० चागला) : (क) और (ख) : अब तक केवल दिल्ली विश्वविद्यालय ने ही बी०ए० (पास) डिग्री के लिए डाक द्वारा पाठ्यक्रम शुरू किया है। चौथी पंचवर्षीय आयोजना के दौरान, इस योजना को अन्य विश्वविद्यालयों में भी लागू करने का विचार है। चौथी पंचवर्षीय आयोजना के ही दौरान सेकेंडरी स्कूलों के अध्यापकों को कुछ विश्वविद्यालयों तथा अन्य शैक्षिक संस्थाओं और इंजीनियरी तथा टेकनोलोजी में प्रशिक्षण देने के लिए डाक द्वारा पाठ्यक्रम शुरू करने का भी विचार है।

उपलब्ध सूचना के अनुसार नागालैंड को छोड़कर दिल्ली के संघीय क्षेत्र और अन्य सभी राज्यों के कुछ सम्बद्ध कालेजों में सायंकालीन / प्रातःकालीन कक्षाएं चल रही हैं।

मैसूर-महाराष्ट्र सीमा विवाद

1431. **श्री मा० ल० जाधव** : क्या **गृह-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मैसूर तथा महाराष्ट्र राज्यों के बीच के अन्तर्राज्यिक सीमा विवाद के बारे में कोई समझौता हो चुका है; और

(ख) यदि हां, तो क्या समझौता हुआ है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा प्रतिरक्षा मंत्रालय में प्रतिरक्षा संभरण मंत्री (श्री हाथी) : (क) जी नहीं।

(ख) प्रश्न ही नहीं उठता।

दिल्ली में अवैतनिक मजिस्ट्रेटों की नियुक्ति

1432. **श्री शिव चरण गुप्त** : क्या **गृह-कार्य** मंत्री मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) दिल्ली में अवैतनिक मैजिस्ट्रेटों की नियुक्ति के बारे में समय समय पर निर्धारित की गई योग्यता क्या है ;

(ख) उनका चुनाव करने की प्रक्रिया क्या है; और

(ग) इस समय काम कर रहे उन मैजिस्ट्रेटों के नाम, शिक्षा-योग्यता और नियुक्ति की तिथि क्या है जिनकी नियुक्ति दिल्ली प्रशासन ने मंजूर की है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में उप मंत्री (श्री विद्या चरण शुक्ल) : (क) से (ग) : तक एक विवरण संलग्न है। [**पुस्तकालय में रखा गया । देखिये संख्या एल० टी० 5661/66।**]

दिल्ली प्रशासन व्यय में कमी करना

1433. **श्री शिव चरण गुप्त :** क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दिल्ली प्रशासन के व्यय में कमी करने के लिये भारत सरकार ने एक समिति नियुक्त की है ;

(ख) यदि हां, तो क्या कोई प्रतिवेदन प्राप्त हो गया है; और

(ग) समिति ने व्यय को कम करने के बारे में क्या सूझाव दिये हैं ?

गृह-कार्य मंत्रालय में उप मंत्री (श्री विद्या चरण शुक्ल) : (क), (ख) और (ग) : सदन के सभा-पटल पर एक विवरण रख दिया गया है ।

विवरण

भारत सरकार ने दिल्ली प्रशासन में मितव्ययता के लिये कोई औपचारिक समिति नहीं बनाई है । परन्तु अनौपचारिक रूप से एक समिति जिसमें गृह-मंत्रालय में संयुक्त सचिव (केन्द्र प्रशासित क्षेत्र), श्री ए० डी० पांडे, और दिल्ली प्रशासन के मुख्य सचिव और वित्त सचिव शामिल थे, दिल्ली प्रशासन के वर्तमान बजट तथा 1966-67 के लिये आय-व्ययक प्रस्तावों का बचत की संभावना जानने के ध्येय से पुनरीक्षण करने के लिये बनाई गई थी । समिति ने अपनी जांच दिल्ली क्षत्र की मांगों में शामल राजस्व लेखा पर खर्चे के विषय तक सीमित रखी । समिति ने कई विभागों के आय-व्ययकों की जांच की ओर कई विभागों के अध्यक्षों से बातचीत करने के पश्चात यह निर्णय हुआ कि अगले वित्तीय वर्ष में 81.175 लाख रुपये की बचत की जा सकती है । अगले वर्ष के बजट में इस कमी को कुछ पदों के बनाये जाने के मामले को प्रसुप्तावस्था में रख कर, कुछ योजनाओं के परिपालन में तबदीली कर के और देश में वतमान सामान्य स्थिति को देखते हुए अतिसंयम उपायों का प्रवर्तन करने की आवश्यकता को ध्यान में रख कर की गई है ।

Price of Sulphuric Acid

1434. **Dr. Ram Manohar Lohia :**
Shri Kishen Pattnayak :
Shri Ram Sewak Yadav :

Will the Minister of **Petroleum** and **Chemicals** be pleased to state :

(a) whether it is a fact that the price of Sulphuric Acid has gone up three times during the last eighteen months ; and

(b) if so, the action taken in the matter ?

Minister of Petroleum and Chemicals (Shri Alagesan) : (a) Due to the worldwide scarcity of sulphur and its higher cost of import the price of sulphuric acid has gone up during the last 18 months. The wholesale selling price of the acid as reported by the manufacturers has risen about 1½ times.

(b) Despite best efforts the country has not been able to procure its full requirements of sulphur, which is the only raw material now used in the manufacture of sulphuric acid. Government is however trying to import sulphur from all available sources and enter into long term agreements with the suppliers to meet future requirements. Steps have also been taken to manufacture sulphuric acid from sulphurous materials like iron pyrites and from zinc and copper smelters.

Price of Sulphuric Acid

1435. **Dr. Ram Manohar Lohia :**
Shri Kishen Pattnayak :
Shri Ram Sewak Yadav :

Will the Minister of **Labour, Employment** and **Rehabilitation** be pleased to state :

(a) whether it is a fact that two thousand factory workers in Calcutta have been rendered jobless as a result of the increase in the price of Sulphuric Acid ;

(b) whether the Chemical Manufacturers Association has represented to Government in this connection ; and

(c) if so, the action taken in the matter ?

Minister of Labour , Employment & Rehabilitation (Shri Jagjivan Ram) : (a), (b) & (c). The Government of West Bengal has reported that no complaint regarding retrenchment of workers from Acid and Chemicals manufacturing establishments on account of any rise in price of Sulphuric Acid has been received by them so far.

त्रिपुरा संबंधी जनगणना प्रतिवेदन

1436. **श्री दशरथ देव :** क्या **गृह-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या त्रिपुरा संघ राज्य क्षेत्र की 1961 की जनगणना का प्रतिवेदन प्रकाशित हो चुका है;

(ख) यदि नहीं, तो इसके कब प्रकाशित होने की संभावना है; और

(ग) इस के प्रकाशित होने में देरी होने के क्या कारण है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में उप मंत्री (श्री पू० शे० नस्कर) : (क) और (ख): त्रिपुरा की 1961 की जनगणना के प्रतिवेदन से सम्बन्धित कुछ सहायक प्रतिवेदन प्रकाशित किये जा चुके या छप रहे है; किन्तु मुख्य प्रतिवेदन का अभी तक मसौदा तैयार किया जा रहा है और इसके लगभग छः महीनें में पूरा होने की आशा है।

(ग) मुख्य प्रतिवेदन में शामिल किये जाने वाले जटिल सारणीकरण और विश्लेषण के लिये पर्याप्त समय तथा काम की जरूरत है।

Language Teachers in Kerala State

1437. **Shri Prakash Vir Shastri :** Will the Minister of **Education** be pleased to state :

(a) the requisite qualifications prescribed in Rule 6 of Chapter XXVI of Kerala Education Rules for promotion as first grade teachers in Kerala State and the ratio prescribed for them ;

(b) the present position in respect of language teachers having the same qualifications ;

(c) since when and on what basis the degree teachers have been given the same scale ; and

(d) the reasons for giving less importance to the language teachers as compared to the degree holders even when the language teachers have also got the degrees in their subject ?

Minister of Education (Shri M. C. Chagla) : (a) to (d). The information is being collected from the State Government and will be laid on the Table of the house.

टेलीफोन कनेक्शनों का काट दिया जाना

1438. **श्री रामपुरे :** क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) टेलीफोन बिलों का भुगतान न किये जाने के कारण पिछले एक साल के दौरान कितने गैर-सरकारी व्यक्तियों के टेलीफोन कनेक्शन काट दिये गये;

(ख) क्या टेलीफोन बिलों का भुगतान न किये जाने के कारण सरकारी टेलीफोन रखने वालों के टेलीफोन कनेक्शन भी काट दिये गये थे; और

(ग) यदि नहीं, तो टेलीफोन रखने वाले सरकारी तथा गैर-सरकारी व्यक्तियों पर भिन्न भिन्न नियम लागू करने के क्या कारण हैं ?

संसद-कार्य विभाग तथा संचार विभाग में राज्य मंत्री (श्री जगन्नाथ राव) : (क) सूचना फिलहाल उपलब्ध नहीं है।

(ख) जी, हां।

(ग) प्रश्न ही नहीं उठता।

बट्टे खाते में डाला गया टेलीफोन राजस्व

1439. **श्री रामपुरे :** क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि प्रति वर्ष टेलीफोन राजस्व की बड़ी बड़ी रक़में बट्टे खाते में डाल दी जाती हैं;

(ख) टेलीफोन रखने वाले सरकारी तथा गैर-सरकारी व्यक्तियों की कितनी कितनी देय रक़में पिछले चार वर्षों में बट्टे खाते में डाली गई हैं; और

(ग) देय राशि न देने वाले लोगों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने पर कितनी राशि खर्च की गई है ?

संसद-कार्य विभाग तथा संचार विभाग में राज्य मंत्री (श्री जगन्नाथ राव) : (क) जब कभी पूरी जांच करने पर यह निश्चित हो जाए कि कुछ खास उपभोक्ताओं से रक़म की वसूली नहीं हो सकती तो टेलीफोन राजस्व की छोटी छोटी रक़में बट्टे-खाते में डाल दी जाती हैं।

(ख) तथा (ग) : यह सूचना फिलहाल उपलब्ध नहीं है। सरकारी उपभोक्ताओं के मामले में कोई भी रक़म बट्टे-खाते में नहीं डाली जाती।

बदजाना कोयला खान में दुर्घटना

1440. **श्री रामपुरे :** क्या **श्रम, रोजगार** तथा **पुनर्वास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि धनबाद के निकट बदजाना कोयला खान में 13 जनवरी, 1966 को गम्भीर दुर्घटना हुई थी;

(ख) यदि हां, तो उसमें कितने व्यक्ति मारे गये; और

(ग) क्या दुर्घटना के कारणों की जांच कर ली गई है ?

श्रम, रोजगार और पुनर्वास मंत्री (श्री जगजीवन राम) : (क), (ख) और (ग) : जी, नहीं; लेकिन बदजाना लोयर कालियारी में 11-1-66 को एक दुर्घटना हुई, जिसमें 5 व्यक्ति मारे गये। खान निरीक्षणालय द्वारा दुर्घटना के कारणों की विस्तृत जांच की जा रही है।

बेरोजगार साइन्स स्नातक

1441. **श्री दशरथ देव :** क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) भारत में ऐसे कुल कितने साइन्स स्नातक हैं जो इस समय बेरोजगार हैं;

(ख) बेरोजगार इंजीनियर कितने हैं;

(ग) कृषि विज्ञान के ऐसे कितने स्नातक तथा स्नातकोत्तर उपाधि प्राप्त व्यक्ति (पोस्ट-ग्रेजुएट) हैं, जो बेरोजगार हैं; और

(घ) उन्हें रोजगार देने के सम्बन्ध में क्या प्रभावी कार्यवाही की जा रही है ?

शिक्षा मंत्री (श्री मु० क० चागला) : (क) और (ख) : 30 जून, 1965 को रोजगार कार्यालयों में रजिस्टर्ड विज्ञान स्नातकों और इंजीनियरों की संख्या निम्नलिखित है :—

विज्ञान स्नातक	17584
इंजीनियरी स्नातक	3011

इन आंकड़ों में बेरोजगार तथा वे व्यक्ति भी शामिल हैं जो और अच्छा रोजगार चाहते हैं।

(ग) कृषि-विज्ञान के स्नातक और उत्तर-स्नातकों संबंधी सूचना अलग से नहीं रखी जाती है। फिर भी, पिछले तीन महीनों में वैज्ञानिक तथा तकनीकी व्यक्तियों के राष्ट्रीय रजिस्टर के अनुसार 25 उत्तर-स्नातक (कृषि) बेरोजगार बताए गए हैं।

(घ) चौथी पंचवर्षीय योजना की विकास प्रायोजनाओं में कृषि, उद्योग और शिक्षा के क्षेत्र में रोजगार के काफी अवसर मिलने की सम्भावना है।

त्रिपुरा में रोगी नजरबन्द व्यक्ति

1442. **श्री दशरथ देव :** क्या **गृहकार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उनका ध्यान इस बात की ओर आकर्षित किया गया है कि भारत सुरक्षा नियमों, 1962 के अन्तर्गत बिहार की जेलों में रखे गये त्रिपुरा के कुछ नज़रबन्द व्यक्ति बहुत समय से बहुत सख्त बीमार हैं;

(ख) क्या यह भी सच है कि इन रोगी नज़रबन्द व्यक्तियों ने भारत सरकार से उन्हें पैरोल पर रिहा कर देने के लिए कहा है ताकि वे अपने उचित इलाज का प्रबन्ध कर सकें; और

(ग) यदि हां, तो इस सम्बन्ध में सरकार ने क्या कदम उठाये हैं ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा प्रतिरक्षा मंत्रालय में प्रतिरक्षा संभरण मंत्री (श्री हाथी) : (क) समय-समय पर सरकार का ध्यान बिहार की जेलों में नज़रबन्द त्रिपुरा के व्यक्तियों की बीमारियों की ओर आकृष्ट कराया गया है।

(ख) ऐसी एक प्रार्थना प्राप्त हुई थी।

(ग) पैरोल पर रिहा करना जरूरी नहीं समझा गया क्योंकि इलाज के बाद नज़रबन्द की हालत संतोष जनक समझी गई।

त्रिपुरा के छात्रों को वजीफा

1443. **श्री दशरथ देव : क्या शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को पता है कि त्रिपुरा के आदिम जातियों के छात्रों को अध्ययन के लिये मिलने वाले वजीफे प्रायः शिक्षा वर्ष के अन्त में दिये जाते हैं और इस प्रकार उन्हें वजीफे देने का मुख्य उद्देश्य ही समाप्त हो जाता है; और

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार का विचार वर्ष के आरम्भ से प्रत्यक महीने में वजीफे देने के बारे में कोई कार्यवाही करने का है ?

शिक्षा मंत्री (श्री मु० क० चागला) : (क) और (ख) : जानकारी एकत्रित की जा रही है और यथासमय सभा के पटल पर रखी जायगी ।

रोजगार प्राप्त तथा बेरोजगार शिक्षित व्यक्ति

1444. श्री शिवमूर्ति स्वामी : क्या **श्रम, रोजगार** तथा **पुनर्वास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) इस समय देश में मैट्रिक से अधिक शिक्षित रोजगार प्राप्त तथा बेरोजगार व्यक्तियों की (राज्यवार) संख्या कितनी है; और

(ख) उन्हें रोजगार दिलाने के अवसर पैदा करने के लिये क्या कार्यवाही की जा रही है ?

श्रम, रोजगार तथा पुनर्वास मंत्री (श्री जगजीवन राम) : (क) सन् 1961 की जनगणना के अनुसार मैट्रिक या इससे अधिक शिक्षित कामगारों की कुल संख्या 53,65,482 थी । इनका राज्यानुसार ब्योरा साथ लगे विवरण पत्र I में दिया गया है ।

देश में बेरोजगार लोगों की संख्या का अनुमान प्राप्त नहीं है । रोजगार कार्यालयों में उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार देशभर के रोजगार कार्यालयों में दर्ज शिक्षित उम्मीदवारों की संख्या 30 जून 1965 को 8,40,822 थी । इनका राज्यानुसार ब्योरा साथ लगे विवरण पत्र II में दिया गया है । **[पुस्तकालय में रखा गया । देखिये संख्या एल०टी० 5662/66 ।]**

(ख) अनुमान है कि पंचवर्षीय योजनाओं के अधीन चल रही विभिन्न विकास योजनाओं द्वारा बहुत से बेरोजगार लोगों को (जिनमें शिक्षित बेरोजगार लोग भी शामिल हैं) काम मिल सकेगा ।

विदेशी तथा देशी शराब की खपत

1445. श्री शिव चरण गुप्त : क्या **गृह-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) दिल्ली में वर्ष 1955-56, 1960-61, 1962-63, 1963-64, 1964-65 तथा 1965-66 में (जनवरी, 1966 तक) विदेशी शराब तथा देशी शराब की कितनी खपत हुई है;

(ख) दिल्ली में शराब की खपत में वृद्धि को रोकने के लिये सरकार ने क्या कार्यवाही की है अथवा करने का विचार किया है; और

(ग) क्या इस बारे में गैर-कानूनी गतिविधियों पर अधिक निगरानी रखने के उद्देश्य से उत्पादन शुल्क अधिनियम में संशोधन करने का कोई नियम है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में उप मंत्री (श्री विद्या चरण शुक्ल) : (क)

वर्ष	देशी शराब (गैलन)	विदेशी शराब (गैलन)
1955-56 . .	1,18,703	2,62,692
1960-61	1,38,260	2,95,737
1962-63	1,20,000	3,80,287
1963-64 .	1,19,896	4,51,816
1964-65	79,192	5,59,010
1965-66 . . . . (जनवरी 1966 तक)	87,766	5,41,007

(ख) सरकार ने दिल्ली में शराब की खपत में वृद्धि को रोकने के लिये निम्नलिखित उपाय किये हैं :—

(i) शराब की बोतलों की बरोकटोक बिक्री की बजाय देशी शराब की खपत के अनुमान के आधार पर प्रत्येक दुकान के लिये कोटा निर्धारित कर दिया गया है। इस समय वार्षिक कोटा 5 लाख लिटर है।

(ii) कर तथा शुल्क में उत्तरोत्तर वृद्धि की गई है।

(iii) निषिद्ध दिवसों की संख्या बढ़ा कर वर्ष में 137 कर दी गई है जो भारत के अन्य किसी भी राज्य से अधिक है।

(iv) बिक्री के समय में भी कमी की गई है और उसका व्यवस्थापन किया गया है। अब शराब की बिक्री सायंकाल 7.30 बजे तक ही बेची जा सकती है।

(v) सार्वजनिक स्थानों पर तथा खड़ी हुई मोटर गाड़ियों में शराब पीने पर रोक लगाई गई है।

(vi) एल-2 लायसेंस जारी किये जा रहे हैं।

(ग) जी, नहीं।

दिल्ली के ग्रामीण क्षेत्रों में अध्यापकों की नियुक्ति

1446. **श्री शिव चरण गुप्त :** क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दिल्ली अध्यापक ग्रामीण क्षेत्रों में अपनी नियुक्ति नहीं चाहते हैं; और

(ख) यदि हां, तो सरकार उनके लिये ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों के प्रांगण में आवास व्यवस्था करने तथा उन्हें विशेष भत्ता देने के लिये क्या कार्यवाही कर रही है ?

शिक्षा मंत्री (श्री मु० क० चागला) : (क) जी, हां।

(ख) दिल्ली प्रशासन के अधीन कुछ ग्रामीण स्कूलों में रिहायशी क्वार्टरों की व्यवस्था की गई है। ग्रामीण अध्यापकों को आवास संबंधी सुविधाएं दिये जाने के लिये एक योजना दिल्ली नगर निगम, दिल्ली के विचाराधीन है।

श्री सावरकर को चिकित्सा सहायता

1447. **श्री हरि विष्णु कामत :**

श्री हुकम चन्द कछवाय :

श्री बड़े :

क्या **गृह-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को मालूम है कि श्री वी० डी० सावरकर, जो किसी समय भारत के स्वतंत्रता संग्राम के क्रान्तिकारी नेता थे, सख्त बीमार हैं;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार ने उनके इलाज के लिये उपयुक्त चिकित्सा सहायता देने का प्रस्ताव किया है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

गृह-कार्य मंत्रालय में उप मंत्री (श्री विद्या चरण शुक्ल) : (क) और (ख): सरकार को स्वर्गीय श्री सावरकर की अवस्था के बारे में पता चल गया था और उनके इलाज के लिये गृह-मंत्री के अनुदान में से 1000 रुपये की राशि और मंजूर की गई थी।

(ग) प्रश्न ही नहीं उठता।

गृह-कार्य मंत्रालय में अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित आदिम जातियों से सम्बन्धित अनुभाग

1448. श्री गुलशन : क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या गृह-कार्य मंत्रालय में अनसूचित जातियों तथा अनुसूचित आदिम जातियों से सम्बन्धित काम करने के लिए कोई पृथक अनुभाग है; और

(ख) यदि हां, तो इसके कार्य क्या है तथा अब तक इसकी क्या सफलतायें रही हैं ?

गृह-कार्य मंत्रालय में उप मंत्री (श्री पू० शे० नस्कर) : (क) जी, हां। गृह मंत्रालय का एक अनुभाग अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित आदिम जातियों के सरकारी सेवाओं में प्रतिनिधित्व से सम्बन्धित कार्य करता है।

(ख) यह अनुभाग अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित आदिम जातियों के केन्द्रीय सेवाओं में प्रतिनिधित्व के बारे में नीति तथा नीति सम्बन्धी निर्णयों के क्रियान्वयन से सम्बन्धित कार्य करता है। सरकारी सेवाओं में अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित आदिम जातियों के व्यक्तियों की संख्या में उत्तरोत्तर वृद्धि होती रही है जैसा कि संलग्न विवरण में दिखाया गया है। **[पुस्तकालय में रखा गया। देखिये संख्या एल०टी० 5663/66।]**

UNESCO Report about Indian Students

1449. Shri Sidheshwar Prasad :
Shri K. C. Pant :

Will the Minister of **Education** be pleased to state :

(a) whether it is a fact that the UNESCO has published a report regarding the Indian students educated abroad ;

(b) if so, the main features thereof ; and

(c) the action being taken to improve the present system of education in India in the light thereof ?

Minister of Education (Shri M. C. Chagla) : (a) & (b). Unesco initiated some time ago a research project on the study of Eastern students as Culture-Carriers. The study was designed to throw light, among other things, on the specific difficulties of students' adjustments during their stay abroad and after their return to the home country. It also sought to determine the impact of foreign education and of living abroad on the personality of the students. Students from three countries namely India, Iran and the United Arab Republic who had studied in the Federal Republic of Germany, the United Kingdom and the United States were included in the investigation.

The October 1965 issue of Unesco's 'Orient Occident' carried a news item entitled "The Role as Culture-carriers of students from Eastern countries who received their university education in the West".

It reported on the basis of collective information gathered from the three countries included in the study that a large percentage of the students who returned from studying abroad have accepted the habits, ways of living, as well as values and ideas of the former host country. It mentioned "that 98% of the trainees would go abroad again if given a chance to do so". One positive result of foreign education mentioned is "that 90% of the returnees gained personal advantages from their stay abroad and more than 60% were effective in transmitting the knowledge acquired abroad to their colleagues and superiors".

(c) The three studies and the detailed analysis of their findings are expected to be published sometime this year. Any action in this behalf will have to await the release of the report proper.

भारत और पाकिस्तान के बीच डाक तथा तार सेवाओं का फिर से चालू करना

1450. **श्री प्र० चं० बरुआ :**

श्री रामेश्वर टांटिया :

श्री बसुमतारी :

क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या दोनों देशों के बीच डाक और तार सेवायें फिर से चालू करने के लिये भारत और पाकिस्तान के बीच कोई समझौता हुआ है;

(ख) यदि हां, तो कब; और

(ग) इसकी शर्तें क्या है ?

संसद-कार्य विभाग तथा संचार विभाग में राज्य मंत्री (श्री जगन्नाथ राव) : (क) जी हां ।

(ख) दूर-संचार सेवाओं को पुन: चालू करने के सम्बन्ध में 31 जनवरी, 1966 को तथा डाक सेवाओं के सम्बन्ध में 11 फरवरी, 1966 को समझौते किये गए ।

(ग) दूर-संचार परिपथों को पुन: चालू करने के सम्बन्ध में समन्वय स्थापित करने तथा इस दिशा में सीधे परामर्श द्वारा जल्दी से जल्दी तारीखें निश्चित करने के उद्देश्य से दोनों पक्षों द्वारा सम्पर्क अधिकारी नामजद किये जाने थे । डाक सेवाएं पुन: चालू करने के सम्बन्ध में यह समझौता किया गया कि डाक का विनिमय इस प्रकार किया जाए—

पश्चिमी पाकिस्तान के लिए

बम्बई - कराची के समुद्री मार्ग तथा अमृतसर-लाहौर के थल मार्ग द्वारा । जब तक लाहौर के लिए रेलगाड़ियों का आना जाना फिर चालू न हो तब तक हुसैनीवाला पुल पर डाक का विनिमय किया जाएगा ।

पूर्वी पाकिस्तान के लिए

डाक का विनिमय बेनापोल-पेट्रापोल मार्ग पर किया जायगा ।

बुक पोस्ट के शुल्क में वृद्धि

1451. **श्री मधु लिमये :** क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या बुक-पोस्ट के शुल्क में वृद्धि के बारे में कोई अभ्यावेदन तथा विरोधपत्र सार्वजनिक संस्थाओं की ओर से सरकार को मिले हैं; और

(ख) यदि हां, तो इस सम्बन्ध में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

संसद-कार्य विभाग तथा संचार विभाग में राज्य मंत्री (श्री जगन्नाथ राव) : (क) जी, हां ।

(ख) यह स्पष्ट कर दिया गया कि दरों का संशोधन केवल पुस्तक, पैटर्न, तथा नमूने के पैकेटों के लिए किया गया है, ऐसे बुक-पैकेटों के लिए नहीं जिनमें छपी हुई पुस्तकें और पत्र-पत्रिकाएं हो ।

डाक और तार विभाग के विभागातिरिक्त कर्मचारियों को अतिरिक्त ड्यटी भत्ता

1452. **श्री जेधे :** क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि डाक और तार विभाग के चतुर्थ श्रेणी के नियमित कर्मचारियों को परक्राम्य लिखत अधिनियम (निगोशियेबल इंस्ट्रूमेंट ऐक्ट) के अन्तर्गत 26 जनवरी, 15 अगस्त और अन्य राजपत्रित सार्वजनिक छुट्टियों के दिन ड्यूटी पर बुलाय जाने पर अतिरिक्त ड्यूटी भत्ता दिया जाता है;

(ख) क्या यह भी सच है कि डाक और तार विभाग के विभागातिरिक्त कर्मचारियों को परक्राम्य लिखत अधिनियम के अन्तर्गत 26 जनवरी, 15 अगस्त अथवा अन्य राजपत्रित सावजनिक छुट्टियों के दिन ड्यूटी पर बुलाये जाने पर कोई अतिरिक्त ड्यूटी भत्ता नहीं दिया जाता; और

(ग) यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं ?

संसद-कार्य विभाग तथा संचार विभाग में राज्य मंत्री (श्री जगन्नाथ राव) : (क) चौथी श्रेणी के नियमित कर्मचारियों को राष्ट्रीय छुट्टियों में काम करने पर सरकार द्वारा जारी किये गए समयोपरि भत्ता नियमों के अनुसार समयोपरि भत्ता दिया जाता है न कि अतिरिक्त कार्य भत्ता। अन्य साधारण छुट्टियों के दौरान काम करने पर इन्हें यथा संभव प्रतिकर छुट्टी मंजूर की जाती है, अन्यथा समयोपरि भत्ता दे दिया जाता है।

(ख) चूँकि अतिरिक्त विभागीय कर्मचारी समयोपरि या किसी प्रकार के अतिरिक्त कार्य-भत्ता पाने के अधिकारी नहीं है अतः उन्हें ऐसे किसी भत्ते की अदायगी नहीं की जाती।

(ग) समयोपरि भत्ते की सुविधा केवल ऐसे नियमित कर्मचारियों को दी जाती है जो पूर्णकालिक सरकारी कर्मचारी होते हैं। अतिरिक्त विभागीय कर्मचारियों को, जो कि नियमित पूर्णकालिक सरकारी कर्मचारी नहीं होते, सौंपे गए काम के अनुपात और स्वरूप के आधार पर एकमुश्त भत्ते की अदायगी कर दी जाती है। अतः अतिरिक्त कार्य-भत्ता अदा करने का प्रश्न ही नहीं उठता।

करनाल जिले में डाक और तार विभाग के विभागातिरिक्त कर्मचारी

1453. श्री जेधे : क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) करनाल डिवीजन (पंजाब सर्किल) में डाक और तार विभाग के विभागातिरिक्त ऐसे कर्मचारियों की श्रेणीवार संख्या क्या है जो 1 फरवरी, 1966 को 3 वर्ष की लगातार सेवा कर चुके हैं और स्थायी नहीं बनाये गये हैं; और

(ख) इन पदों को अभी तक स्थायी घोषित न करने के क्या कारण हैं ?

संसद-कार्य विभाग तथा संचार विभाग में राज्य मंत्री (श्री जगन्नाथ राव) : (क) अतिरिक्त विभागीय एजेंट नियमित कर्मचारी नहीं होते बल्कि केवल एजेंट होते हैं जिन्हें डाकघरों में कुछ काम करना होता है और उन्हें इस काम के लिए एकमुश्त रकम अदा की जाती है। अतः ऐसे कर्मचारियों को स्थायी बनाने का प्रश्न ही नहीं उठता। फिर भी विभिन्न श्रेणियों के ऐसे अतिरिक्त विभागीय कर्मचारियों की संख्या जो 1 फरवरी, 1966 को 3 वर्ष से अधिक की लगातार सेवा कर चुके हैं, नीचे दी गई है :

1. अतिरिक्त विभागीय हरकारे	41
2. अतिरिक्त विभागीय उप डाकपाल	2
3. अतिरिक्त विभागीय शाखा डाकपाल	118
4. अतिरिक्त विभागीय वितरण एजेंट	55
5. अतिरिक्त विभागीय पैकर	2
6. अतिरिक्त विभागीय डाकटिकट विक्रेता	1

(ख) प्रश्न ही नहीं उठता।

डाक और तार विभाग के विभागातिरिक्त कर्मचारियों के लिये छुट्टी

1454. **श्री जेधे :** क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि डाक और तार विभाग के विभागातिरिक्त कर्मचारियों को आकस्मिक/अर्जित/मेडिकल छुट्टी उसी आधार पर मिलती है जैसे कि डाक और तार विभाग के नियंत्रित कर्मचारियों को मिलती है;

(ख) यदि नहीं, तो उन्हें प्रति वर्ष कितनी आकस्मिक/अर्जित/मेडिकल छुट्टियां मिलती हैं; और

(ग) इस भेदभाव के क्या कारण हैं ?

संसद्-कार्य विभाग तथा संचार विभाग में राज्य मंत्री (श्री जगन्नाथ राव) : (क) जी, नहीं।

(ख) अतिरिक्त विभागीय एजेंट सरकारी खर्चे पर किसी प्रकार की छुट्टी पाने के अधिकारी नहीं हैं।

(ग) किसी प्रकार के भेद-भाव का प्रश्न इस लिए नहीं उठता क्योंकि अतिरिक्त विभागीय एजेंट नियमित सरकारी कर्मचारी नहीं होते। ये कर्मचारी केवल एजेंट होते हैं जिनके पास आमदनी के अन्य साधन भी होते हैं और उन्हें डाक-तार विभाग की ओर से कुछ घंटे काम करने के लिए भत्ता दिया जाता है।

अभ्रक खानों में बोनस का भुगतान

1455. **डा० रानेन सेन :** क्या **श्रम, रोजगार** तथा **पुनर्वास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि बिहार की अभ्रक खानों और कारखानों के मालिकों ने बोनस भुगतान अधिनियम, 1965 के उपबन्धों की परवाह न करते हुए अपने कर्मचारियों को बोनस देने से इंकार कर दिया है; और

(ख) यदि हां, तो इस बारे में सरकार ने क्या कार्यवाही की है ?

श्रम, रोजगार तथा पुनर्वास मंत्री (श्री जगजीवन राम) : (क) और (ख) : यह सही है कि बिहार की अभ्रक खानों के मालिकों ने अभी तक बोनस भुगतान अधिनियम, 1965 के उपबन्धों के अनुसार अपने कर्मचारियों को बोनस नहीं दिया है। प्रादेशिक श्रमायुक्त इस समय समझौता कार्यवाही में लगे हैं।

जहां तक अभ्रक कारखानों का सम्बन्ध है, यह मामला राज्य सरकार से संबंधित है और भारत सरकार के पास कोई सूचना नहीं है।

केरल आन्दोलन के दौरान गिरफ्तारियां

1456. **श्री मुहम्मद इलियास :**
श्री स० मो० बनर्जी :
श्री कोल्ला वेंकैया :

क्या **गृह-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) केरल में हाल के खाद्य आन्दोलन के दौरान कुल कितने व्यक्ति गिरफ्तार किये गये;

(ख) वे किन कानूनों के अन्तर्गत गिरफ्तार किये गये थे; और

(ग) यदि हां, तो उन्हें कितने समय तक नजरबन्द रखा जायेगा ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा प्रतिरक्षा मंत्रालय में प्रतिरक्षा संभरण मंत्री (श्री हाथी): (क) 915--पत्थर फेंकने के अपराध में 28-1-66 से 21-2-66 तक।

3--भारत प्रतिरक्षा नियम के नियम 30(1)(ख) के अन्तर्गत उसी अवधि में।

2307--सरकारी कार्यालयों पर धरना देने के अपराध में 7-2-66 से 21-2-66 तक।

(ख) (1) भारतीय रेलवे अधियिनियम

(2) भारतीय दंड संहिता

(3) केरल पुलिस अधिनियम

(4) भारतीय तार अधिनियम

(5) मद्यनिषेध अधिनियम

(ग) हर मामले का पुनरीक्षण तथा वर्तमान स्थिति के आधार पर निर्णय लेना राज्य सरकार का कार्य है।

भारत सुरक्षा नियमों के अन्तर्गत गिरफ्तार किये गये पत्रकार

1457. **श्री सेझियान :**

श्री कन्डप्पन :

श्री राजा राम :

क्या **गृह-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) प्रकाशित समाचारों अथवा लेखों के सम्बन्ध में समाचारपत्रों तथा पत्रिकाओं के सम्पादकों, मुद्रकों, प्रकाशकों, अथवा लेखकों के विरुद्ध भारत सुरक्षा नियमों (1962) के अन्तर्गत अब तक कितने अभियोग चलाये गये हैं;

(ख) अन्तर्ग्रस्त समाचारपत्रों तथा पत्रिकाओं के क्या नाम हैं; और

(ग) उन में से प्रत्येक के विरुद्ध क्या आरोप लगाये गये हैं ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा प्रतिरक्षा मंत्रालय में प्रतिरक्षा संभरण मंत्री (श्री हाथी) : (क), (ख) और (ग) : सूचना एकत्रित की जा रही है और यथासमय सदन के सभा पटल पर रख दी जायगी।

कोयम्बतूर में कताई और बुनाई मिल का बन्द होना

1458. **श्री सेझियान :**

श्री राजाराम :

क्या **श्रम, रोजगार** तथा **पुनर्वास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को कोयम्बतूर में कताई और बुनाई मिल के बन्द होने की जानकारी है;

(ख) क्या मिल के ऐसे कर्मचारियों को कोई सहायता दी गई है जो बेरोजगार हो गये थे; और

(ग) मिल को पुनः खोलने के लिये ताकि वह सामान्य रूप से काम करने लग जाये क्या कार्यवाही की गई है ?

श्रम, रोजगार और पुनर्वास मंत्री (श्री जगजीवन राम) : (क), (ख) और (ग) : इस मामले का सम्बन्ध राज्य सरकार से है। भारत सरकार के पास इस सम्बन्ध में कोई सूचना नहीं है।

गोरखपुर उर्वरक निगम

1459. **डा० महादेव प्रसाद :** क्या **पैट्रोलियम** और **रसायन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि हाल में गोरखपुर उर्वरक निगम के अहाते से 10,000 रुपये मूल्य के तांबे के नल (पाइप) गायब पाये गये; और

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

पैट्रोलियम और रसायन मंत्री (श्री अलगेसन) : (क) जी, हां।

(ख) एक लकड़ी की पेटी कारखाने-स्थल पर थी। इस पेटी में गढ़े हुए तांबा पाइप के टुकड़े थे; जो भिन्न आकृतियों में मुरे हुए और संघानित फ्लेंज (flanges) सहित थे। इस पेटी को तोड़ा गया और कुछ अंश चुराये गये। 1 जनवरी 1966 को नुकसान का पता चला।

पुलिस के पास मामला दर्ज कराया गया; जो छानबीन कर रही है। दो धातु-व्यापारियों से कुछ वसूली की गई है। विभागीय जांच करने के लिए एक समिति बनाई गई है।

उक्त पाइप की चोरी से कारखाने के निर्माण-कार्य में देरी या विस्थापन होने की सम्भावना नहीं है।

केन्द्रीय स्कूलों में होस्टल

1460. **श्री प्र० चं० बरुआ :**

श्री राम हरख यादव :

श्री मुरली मनोहर :

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या केन्द्रीय सरकारी कर्मचारियों के बच्चों के लिये केन्द्रीय रिहायशी स्कूलों में राज-सहायता प्राप्त होस्टल सुविधाओं सम्बन्धी योजना लागू कर दी गई है;

(ख) यदि हां, तो योजना का ब्यौरा क्या है; और

(ग) इस योजना के अन्तर्गत कौन कौन से रिहायशी स्कूल आते हैं ?

शिक्षा मंत्रालय में उपमंत्री (डा० श्रीमती सौन्दरम रामचन्द्रन) : (क), (ख) और (ग) : जहां कहीं सुविधाएं उपलब्ध हों और उनके लिए फंड भी हों, वहां केन्द्रीय स्कूलों को आंशिक रूप से रिहायशी स्कूलों में विकसित किया जाना है। ऐसे स्कूलों में लागू की गई छात्रावास उपदान की योजना सभा पटल पर रख दी गई है। **[पुस्तकालय में रखा गया। देखिये संख्या एल० टी० 5664/66]**

निम्नलिखित केन्द्रीय स्कूलों में ऐसी छात्रावास सुविधाएं उपलब्ध कर दी गई हैं :—

(1) फतहगढ़

(2) बीकानेर

(3) ए०एस०सी० केन्द्र (दक्षिण) बंगलौर।

कालिकट तथा एरणाकुलम विश्वविद्यालय

1461. **श्री मुहम्मद कोया :** क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान केरल के राज्यपाल द्वारा केरल विश्वविद्यालय के दीक्षान्त भाषण में एरणाकुलम तथा कालिकट में विश्वविद्यालय केन्द्रों को सम्पूर्ण अधिकार प्राप्त विश्वविद्यालय बना देने के बारे में दिये गये सुझाव की ओर आकर्षित किया गया है; और

(ख) यदि हां, तो उस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

शिक्षा मंत्री (श्री मु० क० चागला) : (क) जी, हां।

(ख) यद्यपि केरल के राज्यपाल द्वारा व्यक्त किए गए विचारों पर यथापूर्वक ध्यान दिया जाएगा, किन्तु सरकार की सामान्य नीति यह है कि जहां तक सम्भव हो, चौथी पंचवर्षीय आयोजना के दौरान कोई नया विश्वविद्यालय नहीं खोला जाए और विद्यमान विश्वविद्यालय को ही सुदृढ़ बनाया जाए।

पत्तन न्यास तथा गोदी मजदूर बोर्ड

1462. श्री कोल्ला वेंकैया :

श्री प्र० चं० बरुआ :

क्या **श्रम, रोजगार** तथा **पुनर्वास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भारतीय पत्तन, गोदी तथा जल-पत्तन मज़दूर संघ ने दिल्ली में हुए अपने हाल के अधिवेशन में एक ही सरकारी अधिकार के अधीन पत्तन न्यास तथा गोदी मज़दूर बोर्डों के लिए एकीकृत प्रशासन व्यवस्था स्थापित किये जाने की मांग की है;

(ख) यदि हां, तो इस मांग के बारे में सरकार ने क्या निर्णय किया है; और

(ग) इस अधिवेशन में और क्या सुझाव दिये गये थे तथा क्या मत व्यक्त किये गये थे और उनके बारे में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

श्रम, रोजगार तथा पुनर्वास मंत्री (श्री जगजीवन राम) : (क) जी, हां।

(ख) परिवहन और विमानन मंत्रालय के परामर्श से इस मामले पर विचार किया जा रहा है।

(ग) पत्तन और गोदी श्रमिकों की अस्थायी और अनियत श्रेणियों के स्थायीकरण, 'ए' श्रणी के श्रमिकों की निकायतों के निवारण, पर्याप्त महंगाई भत्ता की मंजूरी, फेडरेशन की मान्यता, स्टेवेडोरिंग प्रणाली के उन्मूलन, मज़दूरों के प्रशिक्षण, सभी मज़दूरों के लिए बोनस, आवास तथा चिकित्सा सुविधाओं, सुरक्षा के समुन्नत उपाय और मकैनाइजेशन की विस्तृत योजनाओं को रद्द करने के बारे में अन्य टिप्पणियां और सुझाव विचाराधीन हैं।

अविलम्बनीय लोक-महत्व के विषय की ओर ध्यान दिलाना

CALLING ATTENTION TO MATTER OF URGENT PUBLICE IMPORTANCE

ऐजल और लंगलेह में सरकारी राजकोषों आदि पर मिजों लोगों द्वारा आक्रमण

श्री हेम बरुआ (गोहाटी) : मैं **गृह-कार्य** मंत्री का ध्यान अविलम्बनीय लोक महत्व के निम्न विषय की ओर दिलाता हूं और प्रार्थना करता हूं कि कि वह उस पर अपना वक्तव्य दें :—

"मिज़ो राष्ट्रीय मोर्चे के 10,000 मिज़ों लोगों द्वारा मिज़ो जिले के ऐजल तथा लंगलेह में सरकारी राजकोषों तथा शस्त्रागारों पर आक्रमण किये जाने के समाचार।"

गृह-कार्य मंत्री (श्री नन्दा) : कुछ सूचना तो मैं अभी दे सकता हूं परन्तु यदि उसे साढ़े चार बजे लिया जावे तो मैं और अधिक सूचना दे सकूंगा।

श्री सुरेन्द्र नाथ द्विवेदी (केन्द्रपाड़ा) : आज चार बजे हमें एक समिति की बैठक में भाग लना है इसलिये क्या यह मामला साढ़े तीन बजे लिया जा सकता है ?

उपाध्यक्ष महोदय : इसे साढ़े तीन बजे लिया जायगा।

ध्यान दिलाने की सूचनाओं के बारे में—(प्रश्न)

RE : CALLING ATTENTION NOTICES—(Query)

Shri Onkar Lal Berwa (Kotah) : Mr. Deputy Speaker, under Rule 197, I want to say that on 26th February the Governor of Rajasthan while violating Article 143 of the constitution expelled twelve members out of Rajasthan legsilature.

Mr. Deputy Speaker : This is a state-subject and hence there is no point of order.

Shri Ram Sewak Yadav (Bara Banki) : Mr. Deputy speaker, respectfully I beg to raise a point.....

उपाध्यक्ष महोदय : इस कार्यवाही को रिकार्ड नहीं किया जायेगा ।

डा० लक्ष्मीमल्ल सिंघवी (जोधपुर) : मैं एक निवेदन करना चाहता हूं । यह बहुत महत्वपूर्ण विषय है। इस पर आप अपना निर्णय तब तक मत दीजिये जब तक हम आपको अपनी स्थिति समझा न दें ।

उपाध्यक्ष महोदय : मैं इस पर दोबारा विचार करने को तैयार हूं । आप मेरे कमरे में आकर मुझ से मिलें और मुझे आकर समझा दें तो मैं इस पर पुन: विचार के लिये तैयार हूं ।

Dr. Ram Manohar Lohia (Farrukhabad) : Mr. Deputy speaker, I have a point of order. If you read article 256 of the constitution of India you would know that I am raising a central subject and not a state subject. If a law of Parliament has been broken in Rajasthan ligislature it becomes the duty of the Central Government . If the Central Government has failed to fulfill its responsibility it is its failure. Hence it is a Central subject and it should be discussed.

उपाध्यक्ष महोदय : मैंने डा० सिंघवी के सुझाव पर पहले ही कह दिया है कि सदस्य महोदय मेरे पास आ सकते हैं और यदि मैं संतुष्ट हो गया तो मैं इस पर पुन: विचार के लिये तैयार हूं । अब अगला विषय उठाया जाय ।

सभा-पटल पर रखे गये पत्र

PAPERS LAID ON THE TABLE

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग का वर्ष 1964-65 का वार्षिक प्रतिवेदन

शिक्षा मंत्रालय में उपमंत्री (श्री भक्त दर्शन) : मैंश्री मु० क० चागला की ओर से विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम, 1956, की धारा 18 के अन्तर्गत विश्वविद्यालय अनदान आयोग के वर्ष 1964–65 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति सभा-पटल पर रखता हूं । [**पुस्तकालय में रखी गयी । देखिये संख्या एल०टी० 5635/66 ।**]

पायराइटस् एण्ड केमिकल्स डेवलपमेंट कम्पनी लिमिटेड, फर्टिलाइजर कारपोरेशन आफ इंडिया लिमिटेड, इंडियन आयल कारपोरेशन लिमिटेड, हिन्दुस्तान ऑरगैनिक केमिकल्स लिमिटेड, और तेल तथा प्राकृतिक गैस आयोग के वार्षिक प्रतिवेदन और उनके कार्य की सरकार द्वारा समीक्षा

पेट्रोलियम और रसायन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अलगेशन) : मैं इन पत्रों की एक एक प्रति सभा पटल पर रखता हूं :—

(1) (i) (एक) कम्पनी अधिनियम, 1956, की धारा 619क की उपधारा (1) के अन्तर्गत पायराइट्स एण्ड कैमीकल्स डेवलपमेंट कम्पनी लिमिटेड, नई दिल्ली, के वर्ष 1964–65 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति लेखा-परीक्षित लेखे तथा उन पर नियंत्रक - महालेखापरीक्षक की टिप्पणियां ।

(ii) उक्त कम्पनी के कार्य की सरकार द्वारा समीक्षा ।

[**पुस्तकालय में रखी गयी । देखिये संख्या एल०टी०5636/66** ।]

(2) (i) कम्पनी अधिनियम, 1956, की धारा 619क की उप-धारा (1) के अन्तर्गत फर्टिलाइजर कारपोरेशन आफ इंडिया लमिटेड, नई दिल्ली, के वर्ष 1964–65 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति, लेखा परीक्षित-लेखे तथा उन पर नियंत्रक-महा-लेखापरीक्षक की टिप्पणियां ।

(ii) उक्त कम्पनी के कार्य की सकरार द्वारा समीक्षा ।

[**पुस्तकालय में रखी गयी । देखिये संख्या एल०टी०-5637/६६** ।]

(3) (i) एक कम्पनी अधिनियम, 1956, की धारा 619क की उपधारा (1) के अन्तर्गत इण्डियन आयल कारपोरेशन लिमिटेड, बम्बई के वर्ष 1964-65 के वार्षिक प्रति-वेदन की एक प्रति, लेखा-परीक्षित लेखे तथा उन पर नियंत्रक-महालेखापरीक्षक की टिप्पणियां ।

(ii) उक्त कम्पनी के कार्य की सरकार द्वारा समीक्षा ।

[**पुस्तकालय में रखी गयी । देखिये संख्या एल०टी०-5638/66** ।]

(4) (i) कम्पनी अधिनियम, 1956, की धारा 619क की उपधारा (1) के अन्तर्गत हिन्दुस्तान ऑरगैनिक केमिकल्स लिमिटेड, रसायनी, के वर्ष 1964–65 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति, लेखा-परीक्षित लेखे तथा उन पर नियंत्रक महालेखापरीक्षक की टिप्पणियां ।

(ii) उक्त कम्पनी के कार्य की सरकार द्वारा समीक्षा ।

[**पुस्तकालय में रखी गयी । देखिये संख्या एल०टी०-5639/66** ।]

(5) तेल तथा प्राकृतिक गैस आयोग अधिनियम, 1959, की धारा 23 की उपधारा (3) के अन्तर्गत तेल तथा प्राकृतिक गैस आयोग के वर्ष 1964–65 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति । [**पुस्तकालय में रखी गयी । देखिये संख्या एल०टी०-5640/66** ।]

(घ) लोक सेवा आयोग का पन्द्रहवीं प्रतिवेदन और आयोग की सलाह सरकार द्वारा स्वीकार न किये जाने के कारण बताने वाला ज्ञापन तथा भारत प्रति रक्षा अधिनियम के अन्तर्गत अधिसूचनायें

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य-मंत्री तथा प्रतिरक्षा मंत्रालय में प्रतिरक्षा संभरण मंत्री (श्री हाथी) : मैं सभा पटल पर ये पत्र रखता हूं :—

(1) संविधान के अनुच्छेद 323 (1) के अन्तर्गत निम्नलिखित पत्रों की एक-एक प्रति :—

(i) संघ लोक सेवा आयोग का 1 अप्रैल, 1964 से 31 मार्च, 1965 तक की अवधि के लिये 15 वां प्रतिवेदन।

(ii) प्रतिवेदन के पैरा 33 में उल्लिखित मामले में आयोग की सलाह के सरकार द्वारा स्वीकार न किया जाने के कारण बताने वाला ज्ञापन।

[पुस्तकालय में रखा गया। देखिये संख्या एल०टी०-5641/66।]

(2) भारत प्रतिरक्षा अधिनियम, 1962 की धारा 41 के अन्तर्गत निम्नलिखित अधिसूचनाओं की एक-एक प्रति :—

(i) भारत प्रतिरक्षा (छठा संशोधन) नियम, 1965, जो दिनांक 11 दिसम्बर, 1965 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या जी० एस० आर० 1833 में प्रकाशित हुए थे।

(ii) भारत प्रतिरक्षा (सातवां संशोधन) नियम, 1965, जो दिनांक 27 दिसम्बर, 1965 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या जी० एस० आर० 1893 में प्रकाशित हुए थे।

(iii) भारत प्रतिरक्षा (आठवां संशोधन) नियम, 1965, जो दिनांक 29 दिसम्बर, 1965 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या जी० एस० आर० 1894 में प्रकाशित हुए थे।

[पुस्तकालय में रखे गये। देखिये संख्या एल०टी०-5642/66।]

प्रतिलिप्यधिकार अधिनियम के अन्तर्गत अधिसूचना

श्री भक्त दर्शन : मैं प्रतिलिप्यधिकार अधिनियम, 1957, की धारा 43 के अन्तर्गत अन्तर्राष्ट्रीय प्रतिलिप्यधिकार (पांचवां संशोधन) आदेश, 1965, की एक प्रति, जो दिनांक 1 दिसम्बर, 1965 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या एस० ओ० 3781 में प्रकाशित हुआ था, की एक प्रति सभा पटल पर रखता हूं। **[पुस्तकालय में रखी गयी। देखिये संख्या एल०टी०-5643/66।]**

Shri Hukam Chand Kachhavaiya (Dewas) : Mr. Speaker, this is not just. You should have heard them also.

उपाध्यक्ष महोदय : श्री हुकम चन्द कछवाय सदन की कार्यवाही में बाधा डाल रहे हैं। मैं उनसे बाहर जाने को कहता हूं।

[श्री हुकुम चन्द कछवाय सदन छोड़ कर चले गये।

Shri Hukam Chand Kachhavaiya left the House.]

नेशनल रिसर्च डेवलपमेंट कारपोरेशन आफ इण्डिया का वार्षिक प्रतिवेदन

शिक्षा मंत्रालय में उप मंत्री (श्रीमती सौंदरम रामचन्द्रन) : मैं कम्पनी अधिनियम, 1956, की धारा 619क की उपधारा (1) के अन्तर्गत नेशनल रिसर्च डेवलेपमेंट कारपोरेशन आफ इण्डिया, नई दिल्ली, के 31 मार्च, 1965 को समाप्त होने वाले वर्ष के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति, लेखा-परीक्षित लेखे तथा उन पर नियंत्रक महालेखापरीक्षक की टिप्पणियां सभा पटल पर रखती हूं । **[पुस्तकालय में रखी गयी । देखिये संख्या एल०टी०-5644/66 ।]**

Shri Ram Sawak Yadav : I rise on a point of order.

उपाध्यक्ष महोदय : मैं माननीय सदस्य से बाहर जाने को कहता हूं । वह कृपया चले जायें। इस प्रकार कार्य नहीं चल सकता ।

[श्री राम सेवक यादव सदन से बाहर चले गये]
[Shri Ram Sawak Yadav Left the House]

Shri Bagri (Hissar) : Mr. Deputy Speaker, please listen to us. you have got earphones on ears and so you could not hear us.

उपाध्यक्ष महोदय : श्री बागड़ी कार्यवाही में बाधा डाल रहे हैं । वह कृपया बाहर चले जायें ।

[श्री बागड़ी सदन से बाहर चले गये]
[Shri Bagri left the House.]

पैरोल पर रिहा सदस्य के सदन में उपस्थित होने के अधिकार के बारे में वक्तव्य

STATEMENT RE : RIGHT OF MEMBER ON PAROLE TO ATTEND HOUSE

विधि मंत्री (श्री गोपाल स्वरूप पाठक) : मैं यह वक्तव्य कल अध्यक्ष द्वारा दिये गये आदेश के अनुसार दे रहा हूं ।

यह बात मानी हुई है कि जिस व्यक्ति को मान्य तौर पर बन्द किया हुआ है वह तब तक संसद् में भाग नहीं ले सकता जब तक बन्दी का हुक्म जारी है । यह पैरोल का आदेश भारत रक्षा नियम के नियम 30 बी के अन्तर्गत पास किया गया है ।

इस मामले में सदस्य महोदय का यह कहना कि वह संसद् की कार्यवाही में भाग ले सकते हैं उस बात के विरुद्ध है जो शर्तें उन पर उस समय लगाई गयी जब उन्हें पैरोल पर रिहा किया गया। इस कारण श्री उमानाथ संसद् सदस्य को यह मांग करने का अधिकार नहीं है कि वह पैरोल पर रहते हुये सदन में भाग ले सकते हैं ।

श्री हरि विष्णु कामत (होशंगाबाद) : उपाध्यक्ष महोदय मैंने कल भी यह मामला उठाया था । यह मैं कहूं कि इस समय सदन के सामने एक बहुत ही संविधानिक महत्व का मामला है और वह सदस्यों के अधिकारों तथा विशेषाधिकारों के मामले से उलझा हुआ है । यदि इसे आप कान्साइज़ आक्सफोर्ड के शब्द कोष में पैरोल शब्द के अर्थ देखें तो पता चलेगा कि नजरबन्द इस में यह वचन देता है कि यदि उसे रिहा कर दिया जावे तो वह भागेगा नहीं ।

संविधान केअनुच्छेद 105(3) के अनुसार यहां संसद सदस्यों के अधिकार तथा उन्मुक्तियां वहीं हैं जो इंग्लैंड में हाउस आफ कामंस के सदस्यों के हैं ।

[श्री हरि विष्णु कामत]

जब संसद् का अधिवेशन आरम्भ होता है तो नजरबन्द सदस्य भी राष्ट्रपति सम्मन प्राप्त करते हैं कि संसद् में भाग लें। इस प्रकार पिछले एक वर्ष से भी अधिक से चल रहा है जब से भारत रक्षा नियम लागू हुए। इसी कारण नजरबन्द सदस्य भी अपने प्रश्न भेज सकते हैं। मुझे पता नहीं है कि उनके पास प्रश्नों के लिखे उत्तर भेजे जाते हैं या नहीं।

श्री उमानाथ को एक आदेश सरकार ने दिया था। मैं आशा करता हूं कि मंत्री महोदय उस आदेश की एक प्रति सभा पटल पर रखेंगे ताकि हमें यह आसानी से मिल सके। उन्हें पैरोल पर इसलिये छोड़ा गया है ताकि अपनी बीमार पत्नी से मिल सकें। उन्हें कहा गया है कि वे किसी राजनैतिक कार्य में भाग न लें सकें अथवा किसी मजदूर या किसानों के कार्य में अथवा किसी विच्यसक कार्यवाही में भाग न ले सकें। मुझे विश्वास है कि अभी यहां वह समय नहीं आया है जब, संसद में भाग लेना विच्यसक कार्यवाही मानी जावे। आदेश में यह भी नहीं लिखा था कि वह संसद की कार्यवाही में भाग नहीं ले सकता क्यों कि जिन चीजों का निषेध किया गया है वह हैं राजनैतिक कार्य, किसानों तथा मजदूरों संबंधी कार्य और विच्यसक कार्यवाहियां। इस मामले में राष्ट्रपति के सम्मन को यदि किसी अधिकारी ने काम में न आने दिया तो यहां लोकतन्त्रता का क्या होगा।

इसलिये मेरा कहना यह है कि यदि वह परोल पर रिहा हुए संसद् में आते हैं तो वह पैरोल के नियमों का उल्लंघन नहीं करते हैं। जब पैरोल की अवधि समाप्त हो जाये तो वे फिर नजरबन्द हो जावें।

श्री ही० ना० मुकर्जी (कलकत्ता-मध्य) : महोदय, श्री उमानाथ पर जितनी भी पाबंदियां लगी हैं उनके होते हुए भी उनका नाम अतारांकित प्रश्न संख्या 1333, 1395 तथा 1396 में आया है। इसलिये यह कहा जा सकता है कि वह संसद् की कार्यवाही में भाग ले रहे हैं। इसलिये राजनैतिक कार्यवाही संसदीय कार्यवाही में इस मामले में नहीं आती।

दूसरे पंजाब के एक नजरबन्द को भी परोल पर छोड़ा गया और वही शर्तें लगायी गयीं जो श्री उमानाथ पर लगायी गयी थीं। उसे हमारे स्पीकर महोदय ने पंजाबी सूबा समिति के अध्यक्ष के नाते समिति के सामने गवाही देने को बुलाया। उसे उनकी बीमार पत्नी के कारण पैरोल पर छोड़ा गया है। हो सकता है कि यदि वह दिल्ली आयें और यहां की अच्छी जलवायू के कारण अपनी पत्नी को भी साथ ले आवें और यदि यह सदन उन्हें अनुमति दे दे तो यहां संसद् की कार्यवाही में भी भाग ले सकें। इसलिये यदि इस प्रकार की सुविधा श्री हरिकिशन सिंह सुर्जीत पंजाब विधान सभा के सदस्य को दी जा सकती है तो सदन को आवश्यक हो जाता है कि इस मामले पर भी विचार करे और इस पर संसद् के हितों को ध्यान में रख कर विचार करना चाहिये।

डा० लक्ष्मीमल्ल सिंघवी (जोधपुर) : महोदय, यह बहुत ही महत्वपूर्ण विषय है। इसे दो तरीकों से देखना चाहिये। एक तो कानूनी ढंग से और दूसरे न्यायशास्त्र के ढंग से जिसमें राजनैतिक को भी शामिल कर लिया गया है। भारत रक्षा नियम बहुत ही शर्मनाम है। और दुःखदायी है। इस मामले में भी यह आवश्यक नहीं है कि पैरोल पर रिहा हुए उदस्य को संसद में आने से रोका जा सके। यदि वह सदस्य दिल्ली में होता तो संसद में आ सकते थे। इसलिये यह न्याय नहीं है कि उसे केवल इसलिये यहां न आने दिया जाये क्योंकि वह दूसरे राज्य में रहता है। इन बातों का ध्यान रखते हुए ही इस प्रश्न पर फैसला होना चाहिये। मुझे विश्वास है कि यदि हो सके तो पैरोल संबंधी कानून में संशोधन किया जावे।

श्री प्र० के० देव (कालाहांडी) : मैं उन विचारों से सहमत हूं जो मेरे मित्र कामत, मुकर्जी, तथा डा० सिंघवी ने व्यक्त किये हैं। पैरोल का हुक्म इतना दम घोटने वाला है कि हम सब इस बात में एक मत हैं कि भारत सुरक्षा नियमों को समाप्त किया जाय। यदि इसका अर्थ यह लिया जावें कि वह संसद् की कार्यवाही में भाग नहीं ले सकते तो यह राष्ट्रपति के सम्मनों का उल्लंघन करना होगा जिन्होंने उन्हें यहां आने को कहा है। मैं आप से प्रार्थना करता हूं और आपके द्वारा सरकार से भी कि श्री उमानाथ को संसद् की कार्यवाही में भाग लेने की अनुमति दी जावे।

Shri Madhu Limaye (Monghyr) : Mr. Deputy speaker, I have laid stress on the needing of the rules as the minister has completely mixed up things. The question is whether parole can be granted for a specific period and without condition. If that is so, then the word "purpose" in the order has no significance. If the member has been released to work after his ailing wife, I think there is no harm if he engages himself in other activities to in addition to looking after his wife. Therefore my submission is that according to the rule he should come to the House and he has all right to take part in the proceedings. Regarding giving report to the police, I can say that he can do so by means of telegram. Even the speaker can send Telegram to the police regarding the presence of the member.

श्री हरिश्चन्द्र माथुर (जालोर) : उपाध्यक्ष महोदय, मेरे विचार में सरकार को इस मामले पर निर्णय लेते समय प्रधान मंत्री के कल के वक्तव्य का भी ध्यान रखना चाहिये तथा इस बात का भी ध्यान रखना चाहिये कि भारत सुरक्षा नियमों के बारे में देश की अदालतों तथा मुख्य व्यक्तियों का क्या विचार है मेरे विचार में विधि मंत्री भी यह मानेंगे कि सदन की कार्यवाही में भाग लेना कोई अवांछनीय कार्य नहीं है। हमें इन मामलों में नियमों को सख्ती से पालन नहीं करना चाहिये। वास्तव में कौन होगा जो पैरोल के ऐसे हुकम का समर्थन करेगा कि यह किसी सदस्य पर पाबन्दी लगाये ?

संसद-कार्य तथा संचार मंत्री (श्री सत्य नारायण सिंह) : इस सदन में दोनों पक्षों की ओर से सख्त विचार प्रकट किये गये हैं और इस पर हमने एक घंटा तक विचार भी किया है। अब मैं आपके द्वारा सदन को यह सुझाव दूंगा कि अब सरकार को इस पर विचार करने दीजिये। हम इस पर मद्रास सरकार से भी विचार विमर्श करेंगे और शीघ्र ही फैसला करेंगे। इस पर मंगलवार या सोमवार को जबहम होली के बाद मिलेंगे तो बयान दिया जायेगा।

गैर-सरकारी सदस्यों के विधेयकों तथा संकल्पों सम्बन्धी समिति—प्रतिवेदन

COMMITTEE ON PRIVATE MEMBERS' BILLS AND RESOLUTIONS

उन्नासीवां प्रतिवेदन

Seventy-Ninth Report

श्री अ० शं० आल्वा (मंगलोर) : महोदय, मैं गैर-सरकारी सदस्यों के विधेयकों तथा संकल्पों संबंधी समिति का उन्नीसवां प्रतिवेदन प्रस्तुत करता हूं।

कार्य मंत्रणा समिति

BUSINESS ADVISERY COMMITTEE

चवालीसवां प्रतिवेदन

Forty-Fourth Report

संसद-कार्य तथा संचार विभाग में राज्य मंत्री (श्री जगन्नाथ राव) : मैं प्रस्ताव करता हूं :—

"कि यह सभा कार्य मंत्रणा समिति के चवालीसवें प्रतिवेदन से, जो 1 मार्च, 1966 को सभा में प्रस्तुत किया गया था, सहमत है।"

उपाध्यक्ष महोदय : प्रश्न यह है : —

"कि यह सभा कार्य मंत्रणा समिति के चवालीसवें प्रतिवेदन से, जो 1 मार्च, 1966 को सभा में प्रस्तुत किया गया था, सहमत है।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुवा /*The Motion was adopted.*

ध्यान दिलाने की सूचनाओं के बारे में—(प्रश्न)

RE: CALLING ATTENTION NOTICES—(Query).

श्री स० मो० बनर्जी (कानपुर) : मेरा अविलम्बनीय लोक महत्व के विषय का नोटिस अभी रद्द नहीं हुआ है। मुझसे अध्यक्ष महोदय ने पूछा था कि यह केन्द्र का प्रश्न कैसे बन सकता है। मैंने एक और नोटिस अविलम्बनीय लोक महत्व के विषय का दिया जिसमें संविधान के अनुच्छेद 353 का जिक्र किया। यह मामला बंबई में कपड़ा उद्योग के दो लाख कर्मचारियों की हड़ताल के बारे में था। मैंने अध्यक्ष महोदय को अपने पत्र में लिखा है कि कितना बोनस दिया जाना होता है इसके बारे में कानून केन्द्र से पास हुआ है। दूसरे इस हड़ताल के कारण उत्पादन में कमी होगी जिसका असर चौथी योजना पर पड़ेगा। तीसरा कारण यह है कि श्रम का उल्लेख संविधान की समवर्ती सूचि में भी है। जैसा कि सब जानते हैं कि देश में आपत्कालीन स्थिति है और हम सब चाहते हैं कि यह हड़ताल समाप्त हो। यह भी समाचारपत्रों में आया है कि सिवाय एक के बाकी सब कपड़े के मिल बन्द पड़े हैं। अतः मैं आपसे प्रार्थना करूंगा कि आप श्रम मंत्री इसपर एक वक्तव्य दें तथा राज्य की सरकार को सलाह दें कि क्या करना है।

मुझे आपसे एक शिकायत है कि श्रम मंत्री को पता था कि यह नोटिस अभी समाप्त नहीं हुई है, फिर भी वह सदन में यह बताने को नहीं आये कि इसे क्यों न स्वीकार किया जाये। इससे यह पता लगता है कि मंत्री महोदय सदन का अपमान करते हैं। मैंने इस विषय को कई बार उठाया है।

श्री वासुदेव नायर (अम्बलपुजा) : मैंने भी इस नोटिस पर हस्ताक्षर किये हैं और मुझसे अध्यक्ष ने कहा है कि इस सदन में यह किस प्रकार आ सकता है। इसी सदन में वाणिज्य मंत्री ने पहले प्रश्नों के उत्तर दिये हैं तथा कहा है कि वह कदम उठावेंगे जिससे यह मिल खुल जावे परन्तु वह वचन पूरे नहीं किये गये। इसलिये हम केन्द्रीय सरकार से वक्तव्य चाहते हैं।

उपाध्यक्ष महोदय : यह मामला श्रम मंत्री को सौंप दिया है और जब वह तैयार होंगे तो इस पर अपना वक्तव्य दे देंगे। इस मामले को विचाराधीन रखा जाता है।

जिन सदस्यों को सदन छोड़कर जाने के लिये कहा गया था उन्हें वापिस लौटने की अनुमति

PERMISSION TO MEMBERS WHO WERE ASKED TO LEAVE THE HOUSE TO RETURN

Dr. Ram Manohar Lohia (Farukhabad) : Mr. Deputy Speaker, I request you to permit to return those members who were asked to go out because they were sent out when I raised a point of order. If you want to hold anybody as fault for it, it is, I and for that I am prepared to go out if that wrong can be set right. If they are not called back, I will have a feeling that they have been punished for my sake.

उपाध्यक्ष महोदय : क्या सदन उन सदस्यों को आने की अनुमति देगा ?

कुछ सदस्य : हां, हां।

उपाध्यक्ष महोदय : वे आ सकते हैं परन्तु उन्हें आगे से अच्छा बर्ताव करना होगा।

Dr. Ram Manohar Lohia : I thank you very much.

रेलवे आय-व्ययक, 1966-67—सामान्य चर्चा—जारी

RAILWAY BUDGET, 1966-67—GENERAL DISCUSSION—*Contd.*

उपाध्यक्ष महोदय : अब सदन रेलवे बजट 1966–67 पर सामान्य चर्चा करेगा । श्री प्रिय गुप्त अपना भाषण जारी कर सकते हैं ।

श्री प्रिय गुप्त (कटिहार) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं कल बोनस के बारे में कह रहा था । एक समझौता 10–11–1951 तथा 23–8–1951 में रेलवे मंत्रालय तथा अखिल भारतीय रेल कर्मचारी फेडरेशन के बीच हुआ था परन्तु उस पर अभी तक अमल नहीं किया गया है । अभी राष्ट्रपति ने एक भाषण में कहा है कि श्रमिकों को उद्योग में ठीक स्थान मिलना चाहिये । क्या इन बातों पर कभी अमल होगा ?

अब मैं बोनस के प्रश्न पर आता हूं । रेल कर्मचारी दोनों शर्तों को पूरा करते हैं—एक तो यह कि उद्योग में नफा होना चाहिये और दूसरा यह कि रेलों का दूसरे उद्योगों के साथ मुकाबला होना चाहिये जैसे परिवहन विभाग । परन्तु जब बोनस की मांग होती है तो कहा जाता है कि वे विभागी कर्मचारी हैं और बोनस तो केवल औद्योगिक कर्मचारियों को दिया जाना चाहिये । मंत्री महोदय को इस बारे में कुछ करना चाहिये ।

एक पक्का स्थायी मजूरी बोर्ड बनाना चाहिये क्योंकि यह बहुत महत्वपूर्ण विषय है । 1943 के बंगाल के अकाल के पश्चात् यह सिद्धान्त निर्धारित किय गया कि इतनी मजूरी दी जानी चाहिये जिससे श्रमिक अपने आप को जीवित रख सकें और उन की न्यूनतम आवश्यकताओं की पूर्त्ति होती थी । इस देश में 2 रुपया, 5 रुपया अथवा 10 रुपये देने से श्रमिकों की समस्या का समाधान नहीं होगा ।

हमारे देश ने दूसरे देशों से स्वचालित, विद्युतीकरण आदि ले लिया है परन्तु यहां तो पहले ही 2 करोड़ पढ़े लिखे बेरोजगार व्यक्ति बैठे हैं । इसलिये यहां पर कार्यकुशलता के नाम पर स्वचालिता को लागू करना ठीक नहीं है । इस ओर संयोजित ढंग से कुछ करना चाहिये ।

महंगाई के बारे के दो पहलू हैं । एक तो निष्प्रभाव बनाने का फार्मोला है जिसे दास कमीशन ने आंशिक रूप में मान लिया है । हम तो कहते थे कि महंगाई को पूरी तरह निष्प्रभाव किया जावे परन्तु सरकार ने उसे आंशिक रूप में भी पूरी तरह नहीं माना है ।

दूसरी बात थी कि मूल्यों का एक अखिल भारतीय मूल्य देशना बनाना चाहिये । उसके न होने के कारण यह पता नहीं लगता कि कितनी महंगाई को निष्प्रभाव बनाया है ।

फिर हमने सरकार से खण्ड पद्धति के विरुद्ध भी कहा है । जब आप महंगाई भत्ता दें तो यह नहीं होना चाहि कि एक वर्ग के कर्मचारियों को कुछ और, और दूसरे वर्ग के कर्मचारियों को कुछ और मंहगाई भत्ता दिया जाव ।

हम नैमित्तिक श्रमिक रिवाज के भी विरुद्ध हैं । उनके स्थान पर नियमित कर्मचारी होने चाहियें ।

[श्री श्याम लाल सर्राफ पीठासीन हुए ।
SHRI SHAM LAL SARAF *in the Chair*]

अब मैं ठेके पर मजूरों को लेने के प्रश्न पर आता हूं । यह मजूर गैर-सरकारी ठेकेदार होते हैं । यह कार्य भी कर्मचारियों को स्वयं अपने हाथ में ले लेना चाहिये ।

[श्री प्रिय गुप्त]

एक श्री मुकन्द पारिख, सी० जी० आई०, को जो कि वैस्टर्न रेलवे एकाउंटस विभाग, भावनगर में कार्य करते थे, अपनी नौकरी से हाथ धोना पड़ा। श्री पाटिल ने भी कहा यदि वह व्यक्ति अदालत में जावे तो वह उसकी सहायता करने को तयार हैं। मैं साफ उत्तर चाहता हूं कि क्या यह सच नहीं है कि श्री पारिख को म्युनिसिपल चुनाव लड़ने के लिये सरकारी तौर पर छुटटी मंजूर नही की गई और जब वह जीत गये तो उन्हें नौकरी से जवाब मिल गया। परन्तु मंत्री महोदय इसका साफ उत्तर नहीं देते।

रेलवे के सरकारी मकानों के बारे में एक बार स्वयं स्वर्गीय प्रधान मंत्री जवाहरलाल नेहरू ने कहा था कि किसी भी व्यक्ति को एक कमरे का मकान न दिया जावे क्योंकि बाल बच्चों वालों का रहना कठिन है। रेलवे बोर्ड ने भी कहा कि चौथी श्रेणी के कर्मचारियों को भी दो कमरों वाला मकान दिया जाना चाहिये। परन्तु अतिसंयम के नाम पर यह सब घटा का घटा रह गया। कुछ मकान तो अपनी निर्धारित आयु भी पूरी कर चुके। इसलिये किराया निर्धारित करते समय उनका व्यय तो न लगाया जावे।

चिकित्सा सुविधाओं के बारे में बात यह है कि रेलों के विभाग में कुल डाक्टर 2000 हैं। उनमें से केवल पांचवां भाग ही बाहर के चिकित्सालयों के लिये हैं। इस हिसाब से, 1,10,000 बीमारों के लिये कुल 400 डाक्टर ऐसे हैं जो बाहर जाकर बीमारों को देखते हैं। इसका अर्थ यह हुआ कि एक बीमार पर एक मिनट लगाया जाता है। अब बताइये कि इतने समय में वह बीमार को क्या भली भांति देख पायेंगे।

छुट्टी के बारे में भी मेरा मत यह है कि यह सब को मिलनी चाहिये।

कुछ ऐसे व्यक्ति हैं जिन्हें डाक्टरी तौर पर नाकारा घोषित कर दिया है। उदाहरण के लिये एक गार्ड या रेल ड्राइवर जिसका 350 रु० वेतन है उसके काम से नाकारा घोषित करने के बाद उसे 70 रु० प्रति मास पर खलासी बना दिया जाता है। उन्हें वैसे दिखाई देता रहता है बस वह अपने पूर्व के कार्य को नहीं कर सकता। इसलिये कोई ऐसा इंतजाम हो कि उनके वेतन में घाटा न हो।

अन्त में मैं निवेदन करता हूं कि अखिल भारतीय रेलवे कर्मचारियों के संघ ने जो आठ मांगें की हैं उनके बारे में भारत सरकार को विचार करना चाहिये और इस के बारे में कुछ न कुछ करना चाहिये।

श्री हनुमन्तया (बंगलौर-नगर) : सरकार के लगभग सभी विभागों के कर्मचारी अधिक वेतन की मांग कर रहे हैं। खेद की बात यह है कि यह लोग राज्यों के कर्मचारियों की स्थिति की ओर नहीं देखते। सभी अपने से ऊंचे वर्ग की भांति वेतन चाहते हैं। परन्तु सरकार को सभी पहलुओं पर विचार करना है। इन मांगों के कारण ही रुपये के मूल्य में कमी हो गई है।

यहां कुछ एक विभागों के लिये मजूरी बोर्ड बनाने की मांग की गई है। मैं चाहता हूं कि सभी विभागों के लिये ऐसा एक बोर्ड बनाया जाय। इस बोर्ड को देश की प्रतिव्यक्ति राष्ट्रीय आय के अनुसार मजूरी देने पर विचार करना चाहिये। हमें समाज के सभी वर्गों का ध्यान रखना है। हमारे देश में कृषि में लगे व्यक्तियों को न्यायोचित लाभ नहीं हो रहा है। इस क्षेत्र में उनकी उपेक्षा की जा रही है। इसीलिये हमारी खाद्य स्थिति संतोषजनक नहीं है।

यहां पर दावा किया गया है कि हड़ताल करना मजदूरों का अधिकार है। परन्तु मेरे विचार में यह बहुत पुराना अधिकार है। आज समय बदल गया है। यदि कोई मतभेद हो तो उसे मध्यस्थ निर्णय से समाप्त किया जा सकता है। यह तरीका एक सभ्य तरीका है। हां कर्मचारियों और मालिकों के झगड़ों का निपटारा करने के लिये अनिवार्य मध्यस्थता की व्यवस्था की जा सकती है। हड़ताल का अधिकार उचित नहीं है। यह कानून के विरुद्ध होगा। मैं रूस तथा अन्य कई साम्यवादी देशों में गया हूं। वहां पर हड़ताल करने का कोई अधिकार नहीं है। हम समाजवाद की स्थापना करना चाहते हैं परन्तु हड़ताल को एक अधिकार बनाना इसके विपरीत है। मैं मजूरी के बढ़ाने के विरुद्ध नहीं हूं परन्तु हमें पूरी स्थिति की ओर पहले ध्यान देना होगा। हड़ताल से राष्ट्र के हितों को हानि होती है। हड़ताल करना गैर-काननी समझा जाना चाहिये। हमें अपने कानून में आवश्यक संशोधन करना चाहिये।

पिछले 18 वर्षों में रेलवे का विकास किसी आयोजना के आधार पर नहीं हुआ है। हमें सबसे पहले सभी छोटी लाइनों को बड़ी लाइनों में परिवर्तित करना चाहिये। सभी छोटी लाइनें घाटे पर चल रही हैं और बड़ी लाइनों से लाभ हो रहा है। इस बारेमें सरकार की जानकारी सब से बड़ा प्रमाण है। यह कार्य दीर्घकालीन योजना द्वारा किया जा सकता है।

दक्षिण भारत में रेल्वे व्यवस्था अपर्याप्त है। हमारे देश में बड़े बड़े नगरों जैसे बम्बई, मद्रास और कलकत्ता में रेलों की व्यवस्था तो ठीक है परन्तु छोट स्थानों पर यह ठीक नहीं है। इसके फलस्वरूप देश के विभिन्न भागों का विकास ठीक प्रकार से नही हो रहा है। आज हम देख रहे हैं कि विदेशों से आये अनाज को उतारने और गाड़ियों द्वारा भेजने के बारे में भी मुश्किल का सामना करना पड़ रहा है। मैंने यह पहले भी सुझाव दिया था कि त्रिवेन्द्रम से बंगलौर, हैदराबाद, नागपुर, दिल्ली और श्रीनगर तक एक मुख्य लाइन बनायी जाये। हमें केवल मद्रास को ही दक्षिण भारत नही समझना चाहिये। दक्षिण में और राज्य भी हैं। हम राज्यों की राजधानियों को रेलवे लाइनें बिछाने के मामले में प्राथमिकता देनी चाहिये। कन्याकुमारी को श्रीनगर से मिलाने वाली लाइन राष्ट्र की एकता की प्रतीक होगी। गोआ को गुन्टाकल के साथ बड़ी लाइन से मिला देना चाहिये।

मंत्री महोदय ने कहा है कि विभागीय खान पान व्यवस्था से पहली बार कुछ लाभ हुआ है। पिछले कई वर्षों में इस में एक करोड़ रुपय से अधिक हानि हुई है। यदि इस काम को नीलाम द्वारा गैर-सरकारी क्षेत्र को सौंप दिया जाता तो बहुत लाभ हो सकता है। इस काम से रेलवे के कई कर्मचारी अनुचित लाभ उठाते हैं। सरकार को विभागीय खान पान व्यवस्था सहकारी ढंग पर चलानी चाहिये। इससे इस में सुधार हो सकता है।

Shri Jagdev Singh Siddhanti (Jajjhar) : Railways are very important for us. It is essential for defence of the country. It is required by business and industry. The area between Delhi and Ferozepore is inhabited by brave soldiers, who gave a account of themselves during recent conflict. Government should pay special attention to this area.

Businessmen have to experience great difficulty in getting wagons for sending their goods to other places. The hon. Minister should pay his attention to this. Passengers of third class should be provided more facilities. Hindi language should be made popular. It should be used by Railway administration.

The low-paid employees should not be posted at distant places. Delhi is a central place. People from all sides come here. I want that the timing of trains should be arranged in such a way that people coming from nearly places reach offices in time and reach their homes in the evening. A Cycle stand should be provided at Kishanganj, Delhi. Delhi-Rohtak railway line should be doubled. A train should be run between Delhi and Jind during day time. Government should take immediate steps to eradicate corruption in Railways. Some cases have been brought to the notice of higher authorities. I request that stern action should be taken against corrupt officials. The honest ones should be rewarded. The hon. Minister should consider the question of providing facilities to farmers and poor people.

Shri Shiv Charan Mathur (Bhilwara) : The Minister of Railways deserves congratulations for not increasing the fares this year. The Railway employees have given a good account of themselves during the recent conflict. I know about Gadra station in Rajasthan. The employees posted there showed exemplary bravery and patriotism.

[Shri Shiv Charan Mathur]

The target for goods traffic has also been achieved. It is a good performance. I congratulate the Ministry of Railways for this Railway autnorities think that road transport will have an adverse effect on earnings of Railways. This doubt is baseless. There should be healthy competition between these two modes of transport. Every effort should be made to make the working more efficient.

Railway is the biggest public undertaking of our country. It should function for the maximum use and benefit of people. The poor people of our country travel in third class. It is a pity that the conditions in this are not good. There is overcrowding. The basic amenities are not available in these coaches. Necessary steps should be taken to improve this state of affairs. There should not first class and air conditioned coaches. There should be only one class. The three-teir coaches are not comfortable. Instead of this more two teir coaches should be introduced.

An American economist had suggested that in a country like India we should have expenditure oriented taxation structure. The earnings should be utilized for increasing production. The business should be made more expensive and essential items should not be expensive. A foreigner has stated that India is a country of extremes. Some people lead a very luxurious life while others live in extreme poverty. Our Government should try to make a country averages.

The fares of season tickets for big cities have been reduced. It is a welcome step. I request that the rates of freight should not be increased.

The proposed increase in the rate of frieght of coal beyond 800 kilometers will have very adverse effect on Rajasthan, because all coal fields are beyond this distance from this State. This surcharge should be withdrawn.

A decision was taken in 1949 to construct a railway line for Kotah-Chitorgarh, but it is regretted that later on it was not implemented. We had drawn the Hon. Minister's attention to this matter. A survey has been made again, but there is no mention in the Hon. Minister's speech about this. This line would be very helpful in the economic development of this region. Another line which should be laid is Gokaran-Jaisalmir line. It would be very stratigic line. This should be taken up immediately.

श्री मानसिंह पृ० पटेल (मेहसाना) : मैं रेलवे की सफलताओं के कारण रेलवे मंत्री को मुबारकबाद देता हूं। आपात के समय रेलवे ने अपनी क्षमता का पूर्ण परिचय दिया है और उसके लिय हमें उसके एलाधा करनी पड़ी है। रेलवे मंत्री ने कहा है कि गाड़ियों और वैगनों के मामले में आत्म-निर्भरता प्राप्त कर ली है। मेरा मत यह है कि अच्छा हो यदि गाड़ियों और वैगनों को देश के चार भागों में एक जैसा बांट दिया जाता तो अच्छा रहता। मैं मंत्री महोदय के भाषण में विस्तार से नही जाना चाहता, मुझे तो यात्री सेवाओं के बारे में ही कुछ कहना है। इस सम्बन्ध में हमें एक पुस्तिका भी दी गयी है, जिसमें बताया गया है कि रेलवे की सेवाओं में काफी सुधार हो रहा है। मेरे क्षत्र में गाड़ियां अधिकतर छोटी लाइन की है। क्योंकि मंत्री महोदय रेलवे में यात्रा ही नही करते, अत: उन्ह रेलवे यात्रियों की कठिनाईयों का पता नही है। उन्हें छोटी लाइन पर यात्रा करके वहां की कठिनाइंयों की जानकारी प्राप्त करनी चाहिये। इस बारे में मेरा निवेदन यह है कि छोटी लाइन पर कोई वातानुकूलित गाड़ी चलायी जानी चाहिये। और यह गाडी प्रथम दर्जे की नहीं, तीसरे दर्जे की होनी चाहिय ताकि सामान्य यात्री इससे लाभ उठा सकें। ऐसे लोग बहुत थोड़े हैं जो कि प्रथम दर्जे में सफर कर सकें।

भोजन व्यवस्था के बारे में मेरा निवेदन है कि इसमें से घी को कम किया जाना चाहिये। दूध तथा दूध के अन्य उत्पादों को प्रयोग सूचि में रखा जाना चाहिये। दूध का चुर्ण भी प्रयोग में लाया जाना चाहिये ताकि सामान्य लोग कुछ लाभ उठा सकें। विभागीय भोजन व्यवस्था का कार्य काफी लाभदायक रहा है। परन्तु इस व्यवस्था में छोटी लाइनों और बड़ी लाइनों पर बहुत ही अन्तर है। यह

भेदभाव और अन्तर समाप्त किया जाना चाहिये। सभी रेलवे पर अच्छा भोजन देने की व्यवस्था की जानी चाहिये। यह बात भी देखने में आई है कि भोजन विभाग के जो कर्मचारी रेल में यात्रा करते हैं, उन्हें स्थानीय तौर पर किसी चीज को खरीदने का अधिकार नहीं रहता। दो जंकशनों के बीच में भी इस प्रकार की खरीद की व्यवस्था नहीं। मेरा निवेदन यह है कि इस प्रकार की सभी रोकें हटा दी जानी चाहिये विशेष रूप में जब कि गाड़ियां लेट चल रही हों अथवा यात्रा का समय 24 घंटों से अधिक हो। कई बार यह देखने में आया है कि यात्री खाना मांगते हैं परन्तु भोजन विभाग के कर्मचारी खाना नहीं दे सकते।

मैं रेलवे मंत्री को इस बात के लिये मुबारकबाद देता हूं कि उन्होंने तीसरे दर्जे के यात्रियों की सुविधायें देने के लिये काफी कुछ किया है। रेलवे में तीसरे दर्जे की सीटों में काफी वृद्धि हुई है। तेज रफ्तार वाली गाड़ियों में भी तीसरे दर्जे के स्थान बढाये जाने चाहिये। यह भी हर्ष और संतोष की बात है कि दुर्घटनाओं की संख्या काफी कम हो गयी है। इसका संबंध इस बात से है कि अब प्रबन्ध व्यवस्था काफी अच्छी है। लगभग 60 प्रतिशत दुर्घटनाओं का कारण तो रेलवे कर्मचारियों की असफलता ही था। इस दिशा में विस्तार से जांच की जानी चाहिये। इस बात का पूरा प्रयास किया जाना चाहिये ताकि निम्न श्रेणी के कर्मचारी पूरी तरह संतुष्ट हों और ठीक ढंग से काम कर सकें। यदि ऐसा हो गया तो इसमें कोई सन्देह नहीं कि रेलवे दुर्घटनाओं की संख्या काफी कम हो जायेगी। इस तरह यात्रा भी काफी सुरक्षित हो जायेगी।

कई एक छोटे स्टेशनों को सामान्य स्टेशन बनाने की दिशा में रेलवे की प्रगति बड़ी धीमी है। राजकोट विभाग में ऐसे कई स्टेशन ऐसे ही पड़े हैं। मारवड़ स्टेशन पर जो कि कलोल और विजयपुर के बीच में है, एक यात्री शेड बनाया जाना था। 5000 रुपये का दान भी इसके लिये उपलब्ध हुआ था परन्तु इस दिशा में कोई प्रगति नहीं हुई है, इसका मुख्य कारण रेलवे अधिकारियों का उपेक्षाभाव है। यह भी दुःख की बात है कि कई एक स्थानों पर यहां की छोटे स्टेशनों की अपेक्षा थी, उनकी व्यवस्था हीं की गयी। ऊपरि पुलों, लैवेल क्रासिंगों का भी ध्यान नहीं रखा गया, जैसा कि रखा जाना चाहिये था। मैं आशा करता हूं कि उपरोक्त सभी छोटी छोटी बातों की ओर उचित ध्यान दिया जायेगा।

श्री स० मो० बनर्जी (कानपुर) : कई रेलवे लाइनों पर जो अच्छे काम हुये हैं उनके लिये मैं रेलवे प्रशासन तथा रेलवे कर्मचारियों को मुबारिकबाद देता हूं। परन्तु इसके साथ मुझे उनकी इस बात के लिये आलोचना भी करनी है कि यदि वह थोडा सचेत रहते तो कई एक असफलताओं से बचा जा सकता था। यह सन्तोष की बात है कि कई नई गाडियां चालू की गयी हैं। और कुछ और भी नई गाडियां चालू की जा रही हैं। इससे गाडियों की भीड़भाड़ जो कि प्रायः तीसरे दर्जे में दिखाई पड़ती है दूर होने की संभावना है। आज काफी गाडियां हो जाने पर भी तीसरे दर्जे में काफी भीडभाड रहती है अतः इस बात की जरूरत है कि और गाड़ियां चलायी जायें। मेरा यह भी निवेदन है कि गाड़ियों में से वातानुकूलित डिब्बों को हटा दिया जाना चाहिये। और उनकी जगह तीसरे दर्जे के डिब्बे जोड़ दिये जाने चाहियें। तीसरे दर्जे की सोने वाली गाड़ियों की व्यवस्था भी होनी चाहिये। तीन टायरों वाले डिब्बे भी बन्द होने चाहिये। आगे के लिये केवल दो टायर डिब्बे ही रखने चाहिये। कलकत्ता, दिल्ली, बम्बई, मद्रास और कानपुर जैसे बड़े बड़े नगरों से तीसरे दर्जे की जनता गाड़ियां चलनी चाहियें। आपको इस बात का पूरा ध्यान रखना चाहिये कि राजस्व सबसे ज्यादा उन्हीं लोगों से प्राप्त होता है जो तीसरे दर्जे में सफर करते हैं। उनको सुविधायें देना हमारे लिये बड़ा जरूरी है।

रेलवे कर्मचारियों के प्रश्न का जहां तक सम्बन्ध है मेरा निवेदन है कि जब जब भी हमने मजूरी बोर्ड का प्रश्न उठाया है हमें यही उत्तर मिलता रहा है कि रेलवे कर्मचारियों को काफी लाभ दिये जा रहे हैं। मेरी समझ में नहीं आ रहा कि मजूरी बोर्ड की स्थापना से इंकार क्यों किया जा रहा है। इसी प्रकार जब हम केन्द्रीय सरकार के कर्मचारियों की बात करते हैं तो कहा जाता है कि केन्द्रीय वेतन-आयोग की स्थापना किया जाना सम्भव नहीं। यह नीति ठीक नहीं है। मजूरी बोर्ड की स्थापना की जानी चाहिये। और इस बोर्ड को कहा जाना चाहिय कि वह रेलवे कर्मचारियों के वेतनों भत्तों तथा सेवा

[श्री स० मो० बनर्जी]

शर्तों के बारे में पूरी तरह छान बीन करे। इसके साथ ही मेरा यह भी निवेदन है कि यदि रेलवे और कर्मचारियों में कोई विवाद हो तो उसके बारे में किसी न्यायाधिकरण को ही निष्पक्ष फसला देने का अधिकार होना चाहिये। जहां तक सस्ता अनाज की दुकानें स्थापित करने का प्रश्न है। यह तो स्पष्ट किया जा चुका है कि जो कुछ महंगाई भत्ते में वृद्धि की गयी है वह काफी नहीं है। यदि सरकार कीमतों की वृद्धि रोकने में असफल रही है तो इसका हल कर्मचारियों को क्यों भुगतना पड़। कर्मचारियों के लिये जो कि 12 लाख की संख्या में हैं कोई व्यवस्था तो की ही जानी चाहिये। मरा निवेदन है कि उनके लिये सस्ती दूकानें खोली जानी चाहिये और इन दुकानों में खाद्य से संबंधित लगभग 20 और 24 तक चीजें सस्ती मिलनी चाहियें।

मैं रेलवे प्रशासन को इस बात के लिये मुबारिकबाद देता कि उन्होंने निमितिक श्रम को नियमित करने का फैसला किया है। अब जो भी कोई कर्मचारी छः मास तक निरन्तर कार्य करेगा उसे नियमित कर दिया जायेगा। अन्य मंत्रालयों में ऐसा ही नियम है। रेलवे में भी इसी प्रकार किया जाना चाहिये। मैं यह भी निवेदन करना चाहता हूं कि काफी व्यापक आधार पर जो रेलवे कर्मचारियों की तबदीलियां की जा रही हैं उन्हें भी रोका जाना चाहिये। उन जगहों को तब तक फालतू घोषित नहीं करना चाहिये जब तक कि रेलवे बोर्ड उसके बारे में कोई अंतिम निर्णय नहीं कर लेता। आपात के कारण काम के घंटों में आधे घंटे की वृद्धि कर दी गयी थी। परन्तु बागान अनुसन्धान कार्यालय में यह वृद्धि एक घंटे की की गयी थी। पता नहीं इस प्रकार भेदभाव क्यों किया गया। वैसे भी इस देश में आपात के नाम पर काफी विचित्र बातें हो रही हैं। मेरा निवेदन है कि इन लोगों के काम का आधा घंटा कम किया जाना चाहिये। इस कारखाने तक जो शटल गाड़ी चलती थी उसे बन्द किये जाने के भी कोई कारण दिखाई नहीं देते। उसे पुनः चालू किया जाना चाहिये।

मैं माननीय मंत्री से यह पूछना चाहता हूं कि वह चितरंजन के कार्मिक संघ को मान्यता क्यों नहीं दे रहे। वह वहां के कर्मचारियों का एकमात्र संघ है। मैं इस बात का भी आग्रह करना चाहता हूं कि जिन वफादार कर्मचारियों को भारत प्रतिरक्षा नियमों के अन्तर्गत गिरफ्तार किया गया था उन्हें तुरन्त रिहा किया जाना चाहिये। उनमें से बहुत से ऐसे कर्मचारी हैं जिन्होंने चीनी आक्रमण के समय राष्ट्रीय प्रतिरक्षा कोष के लिये काफी धन इकट्ठा किया था। ऐसे लोग भी हैं जिनको 311 (2) (ख) के अन्तर्गत नौकरी से हटा दिया गया था। मैं इस बात का अनुरोध करना चाहता हूं कि मंत्री महोदय को इन लोगों के मामले पर सहानुभूतिपूर्ण पुनः विचार करना चाहिये। ये लोग पुनः नौकरी पर लगा दिये जाने चाहियें।

और अन्त में यह निवेदन करना चाहता हूं कि कर्मचारियों को रात्रि को कार्य करने के लिये भत्ता दिया जाना चाहिये। मेरा यह भी निवेदन है कि केन्द्रीय सरकार को उत्तर प्रदेश के मुख्य मंत्री पर दबाव डालना चाहिये कि वह कानपुर में ऊपरिपुल की व्यवस्था करे।

Shri Bibhuti Misra (Motihari) : The credit of vitory goes to the railwaymen, for honestly and earnestly working during the emergency they deserve congratulations for there praise wrothy performance during the recent conflict with Pakistan. I must respectfully request the railway Ministr that the surcharge on freight in respect of salt should be done away with. We must not forget that we are a welfare State and the fact is used by the people. I also want to urge that nobody should have monopoly on the railways. In this connection I may be allowed to state that the monopoly of A.H. Wheeler & Co., on the railways should be brought to an end. So simple indivdual should be allowed to earn 5 or 10 lakhs of rupees annually.

I want to remind Shri Patil the assurance that he gave to the people of Bihar. Bihar has been ignored since long. I therefore hope that a Railway Service Commission should be set up at Patna for the benefit of the people of Bihar. The complaints of overcrowding are increasing, particularly in third class. Steps should be taken to provide more facilities to the third class passengers. I would also like to draw the attention of the Minister that the tea stalls and sweet shops at Motihari were owned by the people from outside the district. They should be given to the people of that area. People of our area should be appointed to the Class III and class IV posts.

Let me also urge that the Railway Time Table Committee is not a representative one. Either the Committee should be made representative by including in it M.A.s. of different Zones or it will only consist of Railway Board officials. The catering department should arrange the supply of milk, curd and fruits for vegetarian passengers.

There is no fast train for the passengers going to the North Bihar. There must be provision for the people of North Bihar. Also an Express Train should be provided for travelling from Motihari to Pahlezaghat and from Motihari to Samastipur. It will be really very good if the railway Minister undertakes a tour of different areas to know the grievances of the people.

There should be rail-cum-road bridge on Gandak river at Dumeriaghat. It is regrettable that no new railways lines have been laid in North Bihar during the last 18 years. The broad-gauge railway line which have gone up to Samastipur should be extended up to Champaran through Muzaffarpur. There is a great necessity for the bridge over Narayana in order to link Gorakhpur with Champaran. It is regrettable that the office of D.T.S. have not been provided in Motihari, I am really sorry that the office of the D.T.S. have not been provided in Motihari. In the end I have specially appeal to Shri Patil to attend to the matters I have placed before the house and pay attention to the underdeveloped areas also.

श्री कृ० ल० मोरे (हतकंगले) : सभापति महोदय, मुझे आपने बोलने का असवर दिया है। इसके लिये मैं आपका आभारी हूं।

सर्व प्रथम मैं रेलवे मंत्रियों तथा रेलवे प्रशासन को बधाई देता हूं कि रेलवे का कार्य बहुत अच्छा रहा है तथा चीन और पाकितस्तान के आक्रमणों के समय रेलों ने बहुत लाभदायक कार्य किया।

ऐसे ही देश के आर्थिक विकास में भी रेल बहुत भाग लिया है।

मंत्री महोदय ने मिरज-कोल्हापुर रेल पटड़ी का जिक्र किया है परन्तु यह बता दूं कि सर्वेक्षण के अतिरिक्त वहां कुछ भी नहीं हुआ है। यह सत्य है कि मिरज-पूना पटड़ी पर कार्य आरम्भ हो गया है। परन्तु जब तक मिरज कोल्हापूर लाईन को पूरा हुए बिना मिरज-पूना लाईन बेकार है। यह सारा क्षेत्र लघु उद्योगों के लिहाज से बहुत महत्वपूर्ण है। ऐसे ही यहां डीज़ल तेल, इन्जन, पानी के पम्प आदि का भी यहां उत्पादन होता है।

[उपाध्यक्ष महोदय पीठासीन हुए
MR. DEPUTY SPEAKER *in the Chair*]

[श्री कृ० ल० मोरे]

एक बात मैं और मंत्री महोदय के सामने रखता हूं और वह यह है कि कोयला तथा कोक पर किराया न बढ़ाया जावे। एक सदस्य महोदय ने कहा है कि नमक पर तो किराया न बढ़ाया जावे चाहे कोयला और कोक पर बढ़ा दिया जावे। मैं उन से सहमत नहीं हूं। उन्हें उद्योगों का भी ध्यान रखना चाहिये। मैं मंत्री महोदय से यह भी कहूंगा कि महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान और पंजाब के अन्दर लघु उद्योगों का निर्माण हो रहा है इस लिये उनमें कोई भेद भाव न बरतला जावे।

मैं रेल बजट का समर्थन करता हूं।

श्री शिंकरे (मरमागोआ) : यदि किसी व्यक्ति की बार बार प्रशंसा की जावे तो वह अपने कार्य में शिथिल हो जाता है। हम इस सदन में स्वतंत्रता के बाद से रेलवे प्रशासन की बार बार प्रशंसा करते चले आये हैं और इस कारण से रेल विभाग समझ रहा है कि उन्होंने कोई अद्-भुत कार्य कर दिया है। इसलिय मैं थोड़ा कटाक्ष करूंगा और उसके कुछ कारण हैं।

श्री पाटिल ने अपना जो बजट पेश किया है उसके अनुसार यह अतिरेक बजट है क्योंकि वह कहते हैं कि खर्च से आय अधिक है। परन्तु जो कागज़ उन्होंने हमारे पास भेजे हैं उनसे तो कुछ पता नहीं चलता और जहां आंकड़ों की अधिकता हो वहां यही होता है कोई उन्हें पढ़ना नहीं चाहता। श्री पाटिल को यह सोचना चाहिये कि संसद सदस्य कोई वित्तीय मन्दिर नहीं है। वैसे बजट से सामान्य तौर पर पता चलता है कि आय होगी। 795 करोड़ रुपया की और व्यय होगा 1455 करोड़ रुपया। पता नहीं कि 650 करोड़ रुपया का घाटा कहां से पूरा होगा। इस लिये मैं रेल मंत्री से निवेदन करूंगा कि वह बजट के पत्र ऐसे ढ़ंग से तैयार करवाया करें जिस से वह मेरे जैसे साधारण व्यक्ति के भी समझ में आ जावें।

वैसे इतना मैं कहूंगा कि श्री पाटिल का रेलवे मंत्री के रूप मे इतना अच्छा कार्य नहीं रहा है जितना वह चाहते हैं कि हम उनके बारे में यकीन करें।

अभी एक माननीय सदस्य ने कहा है कि सार्वजनिक उपक्रम को अच्छा तब माना जा सकता है कि उस में लगी पूंजी से 12 प्रतिशत का नफा प्रतिवर्ष होना चाहिये। यदि इस फीतें से नापा जावे तो रेलों में देश का 3491 करोड़ रुपया लगा है। क्या इस से हमें 420 करोड़ रुपया वार्षिक का लाभ हो रहा है। वैसे रेलों को बने भी यहां 110 वर्ष हो चुके हैं और इसके जितने नये कार्य हों वह सब इसके अपने रुपये से होने चाहिये तथा इस से तो 15 प्रतिशत से 20 प्रतिशत वार्षिक का लाभ होना चाहिये।

उपाध्यक्ष महोदय : माननीय सदस्य बाद में अपना भाषण जारी रख सकते हैं अब सदन अविलम्बीय लोक महत्व के नोटिस पर चर्चा करेगा।

अविलम्बनीय लोक महत्व के विषय की ओर ध्यान दिलाना

CALLING ATTENTION TO MATTER OF URGENT PUBLIC IMPORTANCE

ऐंजल और लंगलेहम सरकारी राजकोषों आदि पर मिजो लोगों द्वारा आक्रमण

श्री हेम बरुआ (गोहाटी) : मैं **गृह-कार्य** मंत्री के निम्नलिखित अविलम्बनीय लोक महत्व के विषय को ओर ध्यान दिलाता हूं और प्रार्थना करता हूं कि वे इस पर वक्तव्य दें :—

"मिज़ो राष्ट्रीय मोर्चे के 10,000 मिज़ो लोगो द्वारा मिज़ो जिले के ऐंजल तथा लंगलेह में सरकारी राजकोषों तथा शस्त्रागारों पर आक्रमण किये जाने के समाचार।"

गृह-कार्य मंत्री (श्री नन्दा) : श्रीमन, हमने आसाम की सरकार के साथ 28 फरवरी और पहली मार्च की रात को मिज़ो पहाड़ी जिले में घटित गम्भीर घटनाओं के बारे में लगातार सम्पर्क बनाये रखा है। राज्य सरकार से ज्ञात हुआ है कि स्थिति यह है कि 28 फरवरी को 10.30 बजे रात्रि और पहली मार्च को सूर्योदय-पूर्व 3 बजे के बीच कुछ कबायली लुंगलेह, एजल, ईरांगते, चांगते और चिनलुआन्ग मे संचार साधन नष्ट करने तथा सरकारी कर्मचारियों को डराने की कोशिश में अराजकता तथा हिंसा की कार्यवाहियों पर उतर आये। इन सब जगहों पर कुल मिला कर 800 से 1300 के लगभग व्यक्तियों ने इन कामों में भाग लिया। हमारे पास ऐसा विश्वास करने के लिये आधार हैं कि इन कबायलियों का नेतृत्व मिज़ो राष्ट्रीय मोर्चे के अतिवादी तत्वों के हाथ में है। पहला हमला लुंगलेह के उप-कोषागार पर 28 फरवरी की रात को 10.30 बजे हुआ। 500 से 1000 तक लोगों के एक दल ने सुरक्षादल तथा आसाम राइफल्स के एक डिपो पर हमला किया। इन हमलावरों का मुंह मोड़ दिया गया और कहा जाता है कि कुछ हमलावर हलाक भी हुए। हमारे पक्ष में आसाम राइफ़ल्स के दो जवान मारे गए और तीन ज़ख्मी हुए। लुंगलेह के सब डिवीज़नल आफ़िसर को घेर लिया गया था और उसका अभी तक पता नहीं चला। लुंगलेह से प्राप्त होने वाली नवीनतम सूचना के अनुसार अब वहां स्थिति काबू में है।

मार्च को सूर्योदय-पूर्व 2.00 बजे बहुत से लोगोंने एजल के टेलीफ़ोन ऐक्सचेंज पर हमला किया और एक घंट बाद 100-150 व्यक्तियों ने जिला कोषागार पर भी हमला किया और 10 राइफ़लें दो संगीनें ·303 के कुछ कार्तूस और कोषागार के एकमात्र ताले में से नकदी भी ले गए। उन्होंने दुहरे ताले को तोड़ने की कोशिश की किन्तु कामयाब नही हो सके।

पहली मार्च को सूर्योदय-पूर्व 1.30 बजे लाठियों से लैस 100-150 आदमियों के दलने ईरागते में लोक निर्माण विभाग के ऐस० डी०ओ० को घेर लिया और उन्हें जिले से बाहर निकल जाने को कहा। भीड़ ने चौकीदार से चाबी ले ली और विभागीय भाण्डर तथा जीप पर कब्ज़ा किया। चिनुलुआंग और चांगते में भी ऐसे ही घटनाएं हुई जिनमें मिज़ो नेशनल फ्रंट के अनेक व्यक्ति मारे गए। इन घटनाओं का पूरा विवरण अभी एकत्रित किया जाना है, किन्तु मुझ मुख्य मंत्री से ज्ञात हुआ है कि एजल में स्थिति अब पूरी तरह काबू में है। सिलचर डिवीजन के कमिश्नर, आसाम राइफ़ल्स के महानिरीक्षक और सेना के एक वरिष्ठ अधिकारी वायुयान द्वारा एजल पहुंच गए हैं ताकि वे मौके स्थिति की वास्तविकता का अनुमान लगा सकें जिसके प्राप्त होने पर आसाम सरकार नागरिक प्रशासन को लागू करने तथा नागरिकों को जीवन और सम्पत्ति की सुरक्षा देने के लिये आवश्यक कार्यवाही करेगी।

इन दो दिन की घटनाओं का पूरा चित्रण अभी स्पष्ट होना है। फिर भी इस नतीजे पर पहुंचने के लिये काफी सबूत है कि ये कार्यवाहियां मिज़ो राष्ट्रीय मोर्चे के गुमराह अतिवादी तत्वों के अपनी स्वतंत्रता की मांग का समर्थन करने के आंदोलन का हिस्सा है। मैं सदन को विश्वास दिला सकता हूं कि अराजकता की कोई भी कार्यवाही, चाहे किसी की तरफ़ से ही क्यों न हो, सख्ती के साथ दबा दी जायगी। सरकार उस क्षेत्र में आर्थिक विकास तथा अन्य कल्याण-कारी कदमों के बारे में किसी भी शिकायत पर विचार करने के लिये हमेशा तैयार है किन्तु सत्ता के खिलाफ़ नफ़रत और अवज्ञा का फैलाना सहन नहीं करेगी।

श्री हेम बरुआ : यह बहुत गम्भीर मामला है। नागाओं के साथ सरकार ने नम्र नीति बरत कर यह हालत कर दी कि वे पाकिस्तान जा रहे हैं और वहां से शस्त्र ला रहे हैं। क्या सरकार यही गलती दोहराना चाहती है?

श्री नन्दा : मैं माननीय सदस्य से सहमत हूं कि इन मामलों में सख्ती से कार्य करना चाहिये। मुझे आशा है कि यही सब कुछ होगा।

श्री हेम बरुआ : मेरी सूचना के अनुसार आसाम की सरकार ने भारत सरकार के गृह-कार्य मंत्रालय को उन व्यक्तियों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करने को लिखा है जो पाकिस्तान शस्त्रों के लिये जाते हैं परन्तु केन्द्रीय सरकार इस ओर कोई कदम नहीं उठा रही है।

श्री नन्दा : यह कदम उठा रही है।

श्री सुरेन्द्र नाथ द्विवेदी (केन्द्रपाड़ा) : आसाम के मुख्य मंत्री के वक्तव्य के अनुसार कुछ पुराने फौजी इन आक्रमणों में शामिल थे। क्या सरकार उनकी पैन्शन आदि रोकने की कार्रवाई करेगी ताकि व ऐसा गैर कानूनी कार्य न करें?

श्री नन्दा : माननीय सदस्य की सूचना ठीक है। कुछ भूतपूर्व सैनिक मिज़ो नेशनल फ्रन्ट में हैं। इस लिये जो करना चाहिये वह किया जायेगा।

Shri Yashpal Singh (Kairan) : Have Government ever realised that since Assam Government is a small Government to look after all these affairs and so the Home Minister should take it all in his hand ?

Shri Nanda : All possible help required by the Assam Government will be provided to them.

श्री हिम्मतसिंहका (गोड्डा) : क्या सरकार को कुछ पता है कि इस राष्ट्र विरोधी पहाड़ी कबीले के पीछे कोई और संस्था भी है?

श्री नन्दा : एक और संस्था है वह है मिज़ो नेशनल काउन्सिल।

डा० लक्ष्मीमल्ल सिंघवी (जोधपुर) : मंत्री महोदय के वक्तव्य से तो खतरा बहुत अधिक दिखाई देता है। क्या यह सच है कि राज्यकोषों को लूटने वालों की संख्या 10,000 थी। और कुछ अधिकारी अभी तक उनकी पकड़ में है और क्या पाकिस्तान का भी हाथ इस में है। यदि एसा है तो फिर उस धारा का क्या बना जिसमें पाकिस्तान के कहा था कि एक देश दूसरे के आन्तरिक मामलों में हस्तक्षेप ने करेगा?

श्री नन्दा : मैं ने कहा है कि एक अधिकारी का पता है। यह भी पहले समाचार था कि यह लोग पाकिस्तान से शस्त्र ले रहे थे। यह हस्तक्षेप की बात पीछे हुई थी।

श्री हेम बरुआ : आपको इसका कुछ पता नहीं।

श्री नन्दा : मैं सारा ब्यौरा नहीं दे सकता परन्तु यह बातें हो रही थीं। मुझे विश्वास है कि राजनैतिक स्तर पर यह मामला सुल्झा लिया जायेगा।

डा० लक्ष्मीमल्ल सिंघवी : क्या हम पाकिस्तान सरकार को इस बात में नहीं बांध सकते कि उन्होंने ऐसा आश्वासन ताशकन्द घोषणा में दिया हुआ है? मुझे यह भी बताओ कि आक्रमण करने वालों की संख्या कितनी थी? समाचार पत्र तो 10,000 कहते हैं।

श्री नन्दा : यह 10,000 नहीं है। इनकी संख्या अधिक से अधिक 1300 होगी या फिर इस में 200 और जोड़ दीजिये। वैसे पाकिस्तान के विरुद्ध हम अपने अधिकार मनवाके छोड़ेंगे।

श्रीमती ज्योत्सना चन्दा (कचार) : क्या सरकार को पता है कि आसाम राईफल्स में मिज़ो लोगों की बहुत बड़ी संख्या है? मैं यह भी जानना चाहती हूं कि क्या सरकार को पता है कि एक हरंगनवना नाम का बर्मा का एक भूतपूर्व संसद सदस्य अपने साथियों सहित मिज़ो जिले में एक व्यापारी के यहां ठहरा हुआ है जिसका नाम ज़गना है?

श्री नन्दा : जहां तक आसाम राईफल्स का सम्बन्ध है उनमें मिज़ो लोग है और यह अच्छा है। और वे समय पर वफादार रहे हैं। दूसरे मामले की मैं पड़ताल करूंगा।

श्री प्र० चं० बरुआ (शिवसागर) : क्या यह सच है कि मिज़ो नेशनल फन्ट एक सैनिक संस्था है जो एक स्वतंत्र मिज़ो राज्य की मांग करता है और जिस में बहुत से व्यक्ति भूतपूर्व सैनिक हैं और वे उस मिज़ो रेजिमेन्ट से सम्बन्ध रखते है जिसे अंग्रेज़ों ने इस लिये तोड़ दिया था कि उन्होंने बहुत अपराध किये थे ?

श्री नन्दा : यह जाना गया है कि उस में बहुत से भूतपूर्व सैनिक हैं जो पहले अंग्रेज़ों ने विघटन कया था और वे स्वतन्त्र मिज़ो राज्य चाहते हैं।

Shri Madhu Limaye (Mongher) : In reply to my question two days back the Foreign Minister stated that tendencies for violent revolution were increasing in other hilly parts of Assam. I want to know what solid steps Government are taking to dispel this feeling away those people that when they resort to violent action the Government holds talks with them ?

Shri Nanda : All such tendencies will be crushed with heavy hand and possible steps will be taken in this direction.

श्री स्वैल (आसाम-स्वायत्तशासी जिले) : गृह कार्य मंत्री को पता है कि मिज़ो लोग भी आसाम के दूसरे पहाड़ी क्षत्र के लोगों के साथ एक पहाड़ी क्षेत्री का अलग राज्य मांग रहे हैं जो भारत का अंग होगा। इसके उत्तर में स्वर्गीय प्रधान मंत्री श्री जवाहरलाल नेहरू ने इन लोगों को एक पूर्ण-तया स्वायत्तशासी राज्य देना मान लिया था। एसे ही एक विश्वविद्यालय स्थापित करने की मांग ी मान ली थी। आज तक सरकार ने उन वचनों को पूरा करने की दिशा में कछ नहीं किया है। फिर सरकार मिज़ो लोगों को ही इन बातों के लिये क्यों बदनाम करती है तथा स्थिति को सामान्य करने के लिये क्या सोच रही है।

श्री नन्दा : मैं सदस्य महोदय की बात समझता हूं परन्तु यह कहां की बात हुई कि छोटी छोटी शिकायतों के लिये देश अलग होने की मांग हो। सारी बातों पर ध्यान दिया जा रहा है। जहां तक स्वयत्तशासन का सम्बन्ध है, सदस्य महोदय को पता है कि एक आयोग इस कार्यको कर रहा है जो अपना कार्य शीघ्र पूर्ण करने वाला है।

श्री स्वैल : मैं एक सुझाव दूंगा कि गृह कार्य मंत्री की शान के यह बात लायक नहीं है कि वह दूसरों के कहने पर चले।

श्री नन्दा : इसमें दूसरों की बात पर चलने का प्रश्न ही नहीं उठता। यदि किसी के पास कोई सूचना हो या माननीय सदस्य जो कि आसाम से सम्बन्ध रखते हैं उनके पास कोई सूचना हो और वे मुझे उसे दें तो म उसका उपयोग करूंगा।

श्री हेम बरुआ : हमारा सम्बन्ध भी आसाम से है। आप हमें क्यों भूलते हैं?

श्री नन्दा : माननीय सदस्य ने अपने पहले प्रश्न में बड़ी ही उपयोगी जानकारी दी है। मेरा विचार है कि जो कुछ किये जाने की आवश्यकता है वह किया जा रहा है और मैं समझता हूं कि जहां तक मिज़ो जिले में संचार और दूसरी कल्याणकारी सुविधाओं के विकास का सम्बन्ध है, हमें ज़ोर-दार कार्यवाही करनी होगी।

श्रीमती रेणुका बड़कटकी (बारपेटा) : क्या यह सत्य है कि मिज़ो नेशनल फ्रन्ट के लड़ाकू बर्मा-मिज़ो सीमा पर एक सेना बना रहें है और उसको बर्मा के साम्यवादी विद्रोहियों की सहायता से प्रशिक्षण दे रहे हैं? यदि हां, तो क्या सरकार ने बर्मा सरकार का ध्यान भारत-बर्मा सीमा पर

[श्रीमती रेणुका बड़कटकी]

नागा विद्रोहियों, मिज़ो विद्रोहियों और अन्य आदिम जाति तथा साम्यवादी विद्रोहियों की इस कपट-सन्धि की ओर दिलाया है और क्या सरकार ने बर्मा सरकार से इन क्षेत्रों के साफ किये जाने के लिये सहयोग के लिये आग्रह किया है ?

श्री नन्दा : जी, हां। इन मामलों के सम्बन्ध में बर्मा सरकार ने सहयोग देने का वचन दिया है। मिज़ो नेशनल फ्रन्ट के सदस्यों का संपर्क पाकिस्तान व बर्मा दोनों से है और उनका यह विश्वास है कि दोनों ओर मिज़ो हैं जिनके सामने वे स्वतंत्रता का व्यापक चित्र प्रस्तुत करना चाहते हैं जो एक बिलकुल असंगत बात है।

श्रीमती बड़कटकी : क्या वे विद्रोहियों की सेना बना रहे हैं ?

श्री नन्दा : जहां तक मिज़ो लोगों का प्रश्न है, बर्मा में कोई ऐसी सेना नहीं है।

Shri Tyagi (Dehara-Dun) : Is it a fact that when the Hill Area Commission, Pataskai Commission visited that area in the first week of February, not only the Mizo National front who were already violent but also the Mizo National Union who are in power and are responsible for the Hill Council bycotted this Commission did not come to meet the latter and kept their office closed, so that none of their men came to attend office? After that, did Government not come to know of the murdur of Lalmana by the Laldonga hostile party in the heart of the market? Since there is no ordnance factory there and they are still receiving arms and rifles, what has Government been doing all this time? Can Government assure the House that the situation will now be dealt with strongly and Government will admit no defeat in the matter and will not yield for a compromise with the rebels ?

Shri Nanda : In addition to the search being made for possession of such private and unauthorised arms there, the arrangements of the Assam Rifles or the Armed Police there are also being further strengthened.

Shri Tyagi : What action has been taken all this time ? Kindly reply.

Shri Nanda : The Assam Government as also our Government were aware of the developments that were taking place in connection with arms and training. Government adopted a line of action. The moderate element in the Mizo National Front does not want violence but its influence has slowly decrease and now the rival extremes of element in their council is gaining ground. We are making arrangement to cope with them. In regard to the boycott of the Commission I would say that it is not the Mizo National Union but the Mizo Union which did not cooperate and they not only bycotted tneCommission but also allowed holiday to their office establishment for all the three days.

Shri Tyagi : I want a clarification. The question is not confined to this that they allowed holiday to their office people. I want to know whether it is a fact or not that they closed down their office and also did not meet the Commission.

Shri Nanda : That is true.

श्री कृष्णपाल सिंह (जलेसर) : माननीय गृह मंत्री ने अभी कहा है कि वह एक मात्र उदाहरण नहीं था बल्कि ऐसी घटनायें लगातार हुई हैं। हमारे पास सशस्त्र सेना, सशस्त्र पुलिस व आसाम राइफल्स इत्यादि हैं तो क्या सरकार को विश्वास है कि आसाम में सरकार ठीक से कार्य कर रही है और प्रशासन अच्छी तरह चल रहा है ? क्या सरकार को इन घटनाओं की जानकारी पहले से नहीं मिल पाती ? यदि सरकार के पास कोई जासूसो की व्यवस्था होती तो विद्रोहियों की गतिविधियों को सरकार पहले ही समाप्त कर सकती थी।

श्री नन्दा : ऐसा नहीं है कि उधर उस क्षेत्र में घटनायें होती रहीं थीं। अभी तो प्रारम्भ ही है और हम मामले को और अधिक नहीं बढ़ने देना चाहते। सेना इत्यादि की आवश्यकता वहां है और सरकार इस बात को समझ रही है तथा हर तरफ उचित कार्यवाही भी की जा रही है।

Shri Hukam Chand Kachhavaiya (Dewas) : The honourable Minister says that certain good elements are coming forward. Why did Government not take any action in connection with those who came forward with arms ?

Shri Nanda : We have been taking action against such rebels.

श्रीमती सावित्री निगम (बांदा) : मिज़ो परिषद और मिज़ो संघ के लोगों द्वारा आग लगाने, लूटने और कत्ल करने की कार्यवाहियों को देखते हुये, सरकार इन को दंड देने और इन संगठनों को अवैध घोषित करने तथा इन कार्यवाहियों में भाग लेने वाले लोगों पर सामूहिक जुर्माना करने के लिये क्या कदम उठाने का विचार कर रही है ?

श्री नन्दा : मिज़ो संघ हिंसात्मक कार्यवाहियों में भाग नहीं लेता उनकी भारतीय संघ में पृथक राज्य के लिये मांग है। वह लोग संवैधानिक ढंग से कार्य करते आ रहे हैं। दूसरा संगठन भी है जिसका मैं उल्लेख कर चुका हूं। दोनों में जो भेद है उसे ध्यान में रखना आवश्यक है।

श्रीमती सावित्री निगम : मैंने सामूहिक जुर्मानों तथा दूसरी बातों के बारे में पूछा था।

श्री नन्दा : यदि आवश्यकता होगी तो सामूहिक जुर्माने किये जायेंगे।

श्री नि० रं० लास्कर (करीमगंज) : क्या सरकार ने जिले में और जिले के बाहर रहने वाले नागरिकों की सुरक्षा के लिये कोई क़दम उठाये हैं और विद्रोहियों को नष्ट करने के लिये कुमक भेजी है ?

श्री नन्दा : कुमक भेज दी गई है तथा दूसरी सहायता के लिये व्यवस्था की जा रही है।

रेलवे आय व्ययक 1966-67—सामान्य चर्चा—(जारी)

RAILWAY BUDGET, 1966-67—GENERAL DISCUSSION—(*Contd.*)

श्री शिंकरे (मारमागोआ): जैसा कि मैं पहले कह रहा था रेल विभाग में हिसाब किताब का बड़ा अजीब तरीक़ा है। व्याख्यात्मक ज्ञापन-पत्र परिशिष्ट 1 में भारतीय रेलों का सन्तुलन-विवरण दिया हुआ है। उस में दायित्व पहले दिये हुये हैं और परिसम्पत् बाद में दिये हुये हैं। दायित्व के अन्तर्गत पांच मदें दी हुई हैं जिन में से कुछ को समझ में नहीं आता क्यों दायित्व कहा गया है। मद 1(ग) में वह मशीनरी और सज्जा है जो मुफ्त प्राप्त हुई है। यदि वे मुफ्त आई हैं तो उन्हें दायित्व क्यों कहा जा रहा है?

मद् संख्या 2 में अवक्षयण संचिति निधि, राजस्व संचिति निधि, विकास निधि, निवृत्तिवेतन-निधि, इत्यादि दिये हुये हैं।

[**श्री श्यामलाल सर्राफ पीठासीन हुए**
SHRI SHAMLAL SARAF *in the Chair*]

यह निधियां किस प्रकार दायित्व होते हैं ? यदि यह निधियां "दायित्व" के शीर्षक के अन्तर्गत दायित्व हैं तो "परिसम्पत्" के शीर्षक के अन्तर्गत किस प्रकार परिसम्पत् हैं ? यह बहुत अजीब बात है। एक ही सन्तुलन-विवरण में कुछ मदें दायित्व भी हैं और परिसम्पत् भी। यही बात अधिकोष लेखा पर भी लागू होती है।

सभापति महोदय : लेखापरीक्षकों की निगाह से भी यह बात छूट गई है।

श्री शिंकरे : डा० राम सुभग सिंह कृपया बतायें कि रेलवे संचित निधि, मुफ्त प्राप्त की हुई मशीनें, और रेलविभाग के खाते में जमा रुपया है किस प्रकार दायित्व कहे जा सकते हैं। व सर्व परिसम्पत् हैं और "परिसम्पत्" के शीषक के नीचे दिये गये हैं। इस प्रकार का लेखा भ्रामक है और यदि कोई गोल-माल होता है तो वह और भी उलझा हुआ दिखाई देता है।

यदि रेल विभाग की एक सुव्यवस्थित उपक्रम माना जाये तो उसे राष्ट्रीय कोष में कम से कम 350 करोड़ रुपये प्रति वर्ष का अंशदान देना चाहिये क्योंकि यह राशि भी श्री अशोक मेहता के अनुसार सरकारी उपक्रमों से होने वाले युक्तियुक्त लाभों से कम ही है। पिछले दिसम्बर में रेलवे सम्मेलन समिति ने क़रीब 133 करोड़ रुपये की राशि के अंशदान को बहुत असाधारण बताया था। परन्तु अवक्षयण तथा अन्य निधियां मिल कर भी 250 करोड़ रुपये से अधिक नहीं होगा। इस में भी संदेह है कि यह राशि अनुमानित आमदनी से मिलेगा या कई भागों में केन्द्रीय सरकार से कर्ज़ों के रूप में और रेल यातायात से आमदनी के रूपमें प्राप्त होगा।

अतः रेल विभाग को चाहिये कि किसी भी परिस्थिति में वह अपने जमाखाते में रेलों के कुल विनियोजन का 10 प्रतिशत से कम नहीं दिखायेंगे। अतः इस प्रकार क़रीब 350 से 420 करोड़ रुपयों की राशि का योग आयेगा। परन्तु मंत्री महोदय कहेंगे कि रेल विभाग ऐसा नहीं कर सकता क्योंकि मैं समझता हूं कि केवल चुनाव में जीतने के लिये इस बार रेल किराया नहीं बढ़ाया गया है। वे जानते हैं कि अब किराये में वृद्धि परिपूर्णता पर पहुंच गई है और अब अधिक किराये बढ़ाये जाने की गुन्जाइश नहीं है। यदि माल भाड़े की दर में वृद्धि की जायेगी तो अगले 10–15 वर्षों में रेल विभाग की आय 1,000 करोड़ रुपये से अधिक नहीं होने की आशा है। और इस आधार पर 1,000 करोड़ रुपयों के आधार पर भी केन्द्रीय राजस्व में रेल द्वारा मेरी बताई गई राशि के बराबर अंशदान दिये जाने की आशा नहीं है। इस मामले पर विचार किया जाना चाहिये। उस का मुख्य कारण यह है कि प्रशासन पर अधिक व्यय हो जाने के कारण रेल विभाग युक्तियुक्त अंशदान नहीं दे सकता। यह बात सभी जानते हैं कि किसी उपक्रम के 100 वर्षों तक कार्य करने के बाद उसका प्रशासन के ऊपर खर्चा 10 प्रतिशत से अधिक नहीं होना चाहिये। यदि 15% भी व्यय किया जाये तो रेल विभाग में प्रशासन पर कुल व्यय 80 करोड़ रुपये वार्षिक से अधिक नहीं होना चाहिये क्योंकि कुल अनुमानित आय 800 करोड़ रुपये से कुछ कम है और 15 प्रतिशत की दर से प्रशासन पर खर्च 120 करोड़ रुपये से अधिक नहीं होना चाहिये। परन्तु प्रशासन कार्यों के लिये मांगों का योग 200 करोड़ रुपये से अधिक आता है। इसका मतलब यह है कि रेलों की कुल आय का 25 प्रतिशत प्रशासन पर जिस मे वेतन के बिल भी शामिल हैं खर्च होता है। शायद श्री पाटिल कहेंगे कि यूरोप और अमरीका की अपेक्षा हमारा रेल विभाग हानि न दिखा कर लाभ दिखा रहा है परन्तु विदेशों की हमारे देश से तुलना नहीं की जा सकती और न वे हमारे लिये माप-दंड ही हो सकते हैं। यूरोप के बहुत से प्रगतिशील देशों में रेल यात्रा अब विलास की चीज़ है क्योंकि वहां सड़कें बहुत ही उच्च कोटि की होती हैं और मोटरों इत्यादि के लिये ईंधन भी सस्ता है तथा रेलों में लोग तब यात्रा करते हैं जब उनके पास कुछ अवकाश होता है। यूरोप में अधिकांश यात्रा मोटर गाड़ियों द्वारा ही की जाती है। वहां पर माल के लाने-लेजाने के लिये भी रेल के स्थान पर मोटर यातायात को अच्छा समझा जाता है क्योंकि बड़े बड़े ट्रक टेले 100 टन माल एक समय में ही ले जा सकते हैं।

अब मैं उन बातों पर प्रकाश डालूंगा जो विशेष रूप से गोआ से सम्बन्धित हैं। दोनों माननीय मंत्रियों को यह अच्छी तरह पता है कि गोआ में 40–50 लम्बी एकहारी मीटर गेज की रेल लाइन है। वे यह भी जानते हैं कि गोआ से 60 से 70 लाख टन भार लोहा प्रति वर्ष निर्यात होता है। इस में 10 लाख टन-भार लोहा रेल द्वारा लाया-ले जाया जाता है। अतः यहां बड़ी लाइन की बहुत आवश्यकता है। इस से गोआ के लोगों को ही लाभ नहीं होगा बल्कि सम्पूर्ण रेल विभाग को अधिक आय होगी। गोआ में रेल की कुल दूरी 40 मील के लगभग है परन्तु जहां जहां नयी परियोजनायें चालू की जा रही हैं रेलों की दूरी 200 मील से अधिक है। अतः रेल मंत्री को चाहिये कि वे गोआ में वर्तमान रेल लाइनों को बड़ी लाइनों में परिवर्तित करने के काम को सब से अधिक प्राथमिकता दें।

केरल में भी रेल लाइनों को बढ़ाने के काम को सबसे अधिक प्राथमिकता दी जानी चाहिये थी ताकि वहां की अकाल जैसी स्थिति को रोका जा सकता। ज्यादा रेलें होने से रोज़गार भी अधिक मिलेगा। केरल को छोड़ कर देश के अन्य क्षेत्रों में एक लाख की आबादी के लिये 9.5 मील लम्बी रेल लाइन का औसत है। परन्तु केरल में यह औसत 3.5 मील है। जैसा कि मुझे श्री श्रीकान्तन नायर ने बताया है वहां सिलोन और कोचीन जैसे वाणिज्य केन्द्रों को रेल द्वारा एलेप्पी से जो कि समुद्र के तट पर है और बड़ा वाणिज्य केन्द्र है नहीं मिलाया गया है। जब तक रेल विभाग रेलवे बोर्ड को समाप्त नहीं करता और प्रशासन में वर्तमान अत्याधिक कर्मचारियों की संख्या को नहीं कम करता तथा महा प्रबन्धकों को खण्ड स्तर पर स्वायत्त शक्तियां नहीं देता, उसका ख़र्चा नहीं घट सकता।

श्री बाल गोविन्द वर्मा (खेरी) : सर्व प्रथम मैं रेल विभाग को उसकी प्रगति तथा दक्षतापूर्ण कार्य-संचालन के लिये बधाई देता हूं। मैं उन रेल कर्मचारियों को भी बधाई देना चाहता हूं जिन्होंने अपने हितों को त्याग कर राष्ट्र के हितों के लिये कार्य किया और मातृभूमि के लिये अपनी जान की बाज़ी लगा दी। मुझे आशा है कि रेल प्रशासन इनके बलिदान और सेवाओं को कभी नहीं भूलेगा और इन कर्मचारियों की भली प्रकार देख भाल की जायेगी।

मैं रेल मंत्री महोदय को भी उनके आय-व्ययक के लिये बधाई देना चाहता हूं हालांकि उन के और मेरे बीच कई मामलों पर मतभेद है। मेरी राय है कि कम से कम कोयला और नमक पर लगाये गये करों को हटा दिया जाये।

रेल मंत्री ने जो आय-व्ययक पेश किया है उस में 798.83 करोड़ रुपये की आमदनी दिखाई गयी है। सब खर्चों और सामान्य राजस्व में अंशदान के बाद 22.19 करोड़ रुपये की बचत दिखायी है। यह बहुत अच्छा है परन्तु रेल विभाग में कुछ बुराइयां भी हैं जिन के कारण उसकी अच्छाइयों को भी बट्टा लगता है। यदि वे बुराइयां दूर कर दी जायें तो दुनिया का कोई भी उपक्रम रेल विभाग के कार्यों का मुक़ाबला नहीं कर सकता।

मैं यह बतलाना चाहता हूं कि इस बचत में और भी वृद्धि किस प्रकार की जा सकती है। प्रथम, बिना टिकट यात्रा को जो कि मुख्य लाइनों की अपेक्षा शाखा लाइनों पर अधिक होती है, रोका जाये। उत्तर-पूर्व रेलवे की बलिया से दुखा शाखा लाइन बिना टिकट यात्रा के लिये बहुत बदनाम है। वहां टिकट जांच करने वाले अधिकारी ख़ूब पैसे पैदा करते हैं। यदि इस को रोका जायेगा तो बचत में और वृद्धि होगी।

दूसरे रेल विभाग में लघुचोरी तथा उठाइगीरी इत्यादि से बहुत हानि हो रही है। शायद ही कोई बिक्री सही सलामत अपने ठिकाने पर पहुंचती होगी। हर व्यापारी और उद्योगपति को उनके माल के चुरा लिये जाने की शिकायत है। अब यह लघुचोरी अधिक बढ़ गई है। सड़क पर माल लाने-ले जाने में चोरी की कोई शिकायत नहीं दिखाई देती। वे माल भी अधिक मात्रा में ढोते हैं। वहां थोड़े से कर्मचारी देख-भाल कर लेते हैं परन्तु रेल विभाग में संरक्षण पूलीस इत्यादि के इतने कर्मचारी होते हुये भी चोरी की इतनी घटनायें होती रहती हैं।

बिना घूस दिये पार्सलों का भेजना भी कठिन हो गया है। पार्सलों को छुड़ाने के समय भी कुछ न कुछ दिये बिना कर्मचारी पार्सल नहीं देते। इसी प्रकार माल डिब्बे भी सम्बध्द अधिकारी को विना काफ़ी घूस दिये नहीं मिलते। रेल विभाग को इन मामलों पर ध्यान देना चाहिये क्योंकि यह सब बातें रेल विभाग के नाम पर बट्टा लगाती हैं।

कुछ माननीय सदस्यों ने रेल विभाग के खान-पान विभाग में भ्रष्टाचार की चर्चा की है। जब कभी ऐसे मामले मेरी जानकारी में आये, मैं ने रेल अधिकारियों को सोंप दिये थे परन्तु सम्बध्द व्यक्ति को कोई दंड नहीं दिया गया, केवल स्थानान्तरण कर दिया गया। स्थानान्तरण तो सामान्य रूप से होते ही रहते हैं परन्तु अपराधी को कोई दंड अवश्य दिया जाना चाहिये ताकि दूसरे लोग ऐसा करने की हिम्मत न करें। लखनऊ में एक व्यक्ति चीनी की चोरी करता था और वह चोरी करते हुये पकड़ा भी गया था

[श्री बालगोविन्द वर्मा]

परन्तु उसे छोड़ दिया गया और मामले को दबा दिया गया क्योंकि वह एक उच्च अधिकारी का रिश्तेदार था। ऐसा नहीं होना चाहिये। यदि किसी अपराधी को इस कारण दंड नहीं दिया जा सकता कि वह किसी अधिकारी का नातेदार है तो न्याय किस प्रकार किया जा सकता है।

रेल विभाग में उपमंत्री (श्री शाम नाथ) : उसका क्या नाम है ?

श्री बाल गोविन्द वर्मा : श्री वाजपेयी लखनऊ में खान-पान विभाग में प्रबन्धक थे। सहायक खान-पान अधीक्षक उनके रिश्तेदार थे। शायद उनका नाम श्री मिश्रा था। श्री वाजपेयी कई बार पकड़े गये थे। परन्तु उच्च अधिकारी के रिश्तेदार होने के कारण छोड़ दिये गये थे। यदि ऐसा होता तो न्याय किस प्रकार किया जा सकता है।

अब मैं "कुली" नाम से पुकारे जाने वाले अभागे लोगों के बारे में कुछ कहना चाहता हूं। "कुली" शब्द बहुत ही अपमान जनक है। यह नाम इन लोगों को ब्रिटिश साम्राज्यवादियों ने दिया था। रेल प्रशासन ने अभी तक इनका कोई दूसरा उपयुक्त नाम नहीं रखा है।

श्रीमती जयाबेन शाह (अमरेली) : कोई एक नाम बताइये।

श्री बाल गोविन्द वर्मा : आप उन्हें "यात्री सहायक" अथवा "भार-वाहक" कह सकते हैं। रेल विभाग ने अपने पत्र संख्या 409–टी० जी० नई दिल्ली दिनांक 2 मई 1947 द्वारा इन ग़रीब लोगों को कुछ सुविधायें देने का वचन दिया था परन्तु अभी तक उस पर कोई विचार नहीं किया गया है। इस पत्र के अनुसार मुफ्त चिकित्सा व्यवस्था, लाइसेन्स प्राप्त भारवाहकों की सूची बनाया जाना इत्यादि सुविधा दिये जाने की व्यवस्था होनी चाहिये थी। उत्तर-पूर्व रेल विभाग ने तो बहुत कुछ इन ग़रीबों के लिये किया है परन्तु अन्य रेलों पर अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है। 21–9–1965 के इण्डियन आबज़रवर में प्रकाशित हुये समाचार के अनुसार इन कुलियों को नम्बर भी स्टेशनों पर बेचे जाते हैं।

मेरे पास एक चित्र है जिस में एक कोठरी में सात या आठ कुली ठुसे हुये हैं। इस चित्र को देख कर आप को इन ग़रीबों की दयनीय दशा का पता चलेगा।

मेरे चुनाव-क्षेत्र में लोग काफ़ी समय से पालिया से हसनपुर-कटोली तक रेल लाइन बनाये जाने की मांग कर रहे हैं। मेरे ज़िले का वह क्षेत्र बहुत पिछड़ा हुआ है और शारदा नदी के कारण कटा हुआ है। इस नदी के कारण उस भाग के लोग दूसरी ओर ज़िला मुख्यालय तक नहीं जा पाते। पालिया से मलानी तक केवल एक लिंक रेल लाइन है परन्तु पालिया उस स्थान से बहुत दूर है जो शारदा नदी द्वारा कटा हुआ है। वहां यह रेल लाइन बनाई जानी चाहिये और पालिया स्टेशन पर प्लेटफार्म भी बनना आवश्यक है। शेड तो वहां पहले ही डाल दिया गया है। रेल विभाग को इन मामलों की तरफ ध्यान देना चाहिये।

Shri Hukam Chand Kachhavaiya : Mr. Chairman, please have the quorum in the House so that we may see the photograph.

Shri Balgovind Varma : Please don't be impatient. I will lay it on the table. You may see it thereafter.

सभापति महोदय : माननीय सदस्य जो चित्र दिखा रहे थे उसे सभा पटल पर रखे जाने की अनुमति नहीं दी जा सकती। वह अब अपना भाषण समाप्त करें।

श्री बाल गोविन्द वर्मा : पालिया स्टेशन पर एक तीसरे दर्जे का प्रतीक्षालय बनाने की व्यवस्था है परन्तु अभी तक उसके बनाने का काम शुरू नहीं किया गया है। अतः यात्रियों को बहुत कठिनाइयां उठानी पड़ रही हैं।

Shri R. S. Tiwary (Khajuraho) : I hail from the area which was once known as the Chhathigarh States or the Central India Agency. There is no railway line around there within an area of 100 to 200 miles. Since I hardly know anything in detail about the railways or the rail machinery, I feal it does not belove me to criticise them. But I have been requesting the railway department time and again for the last 17 to 18 years to provide this backward area with railways but nothing has so far been done in the matter.

Khajuraho has a world famous temple and it is a good source of earning foreign exchange also. There is a airport also but hardly two or three passengers arrive daily. It takes two to three days to reach this place by other means of transport but the railway department has given no thought to this matter. There are big diamound ores in this area including Panna. This area continues to backward in the absence of railways. Since I do not want to contest elections in future, I may be here for the last time and may not come again to attend the Parliament, I request the Railway Minister to connect Mahoba with Khajuraho distance of 30 to 35 miles by a railway line so that people from far and near may conveniently go and see Khajuraho.

There is a railway line from Jhansi to Manikpur but none of the stations on this line is connected with any other train. Bhopal is a big capital city now and its area is one lakh and seventyone thousand square miles. It takes two to three days to reach here from that area. I, therefore, request that one express train may be run from Delhi and this train may go *via* Allahabad and upto Calcutta or any other city and may at least cover the Jhansi-Manikpur area. I have been requesting for this for a long time but no action has ever been taken although every time this matter is noted down for taking action thereon. For these reasons it is always difficult for me to find a subject to speak on for I do not want to speak on a subject on which much has already been said. Nor do I want to repeat what I have listened to in previous speaches.

I am thankful to the Railway Minister and this department for the very excelent work done by them at the time of the recent Pakistan attack and I praise the excellent arrangements that were made for the transportation of military reinforcements and supplies.

The Railway Minister has increased frieght.

There is scarcity of foodgrains in the country but the Railway Minister has not declared any reduction in the rates of freight on foodgrains. Had he done so he would have earned applause and exteem for himself but he has missed the opportunity.

I have always said that the more Government controls foodgrains, the more difficulties and inconveniences crop up. If Government declares uniform price of foodgrains throughout the country and lifts controls, the food problem can be solved provided the railways undertake to transport the foodgrains to the scarcity areas. I hope Shri Patil will kindly give his attention to this matter.

Some thirty years back a survey was undertaken from Khajuraho sagar to Damoh *via* Konch Rath but that line is still incomplete.

[Shri R. S. Tiwary]

In my area, there is Singrauli tehsil in district Sidhi. The Railway Department proposes to construct a railway line upto Ahmedabad *via* Katni which involves quite a long distance because that area is not covered. If the line runs direct from Sidhi *via* Satna, Panna, Chhattarpur, Tikamgarh,Lalitpur the total distance will be shorter by at least a hundred miles. I hope the Railway Minister will give his attention to this matter also.

The Railway have a lot of land which is lying unused. If they allow it to be cultivated, then we can have lakhs of acres of cultivable land to help us solve the food problem.

Besides, the railways should help transportation of foodgrains at such places where Government has allowed movement of foodgrains. There are certain foodgrains, the freight on which sometimes is higher than their cost. Railway Department should reduce the rates of freight on such foodgrains till the food problem is solved. This will be very useful for the country. Similarly it will be good if freight on salt and other small commodities is also reduced.

I am very happy to note that the present Railway Budget shows 50 crores of revenue without much increasing the fares and freights. The Railway Minister deserves thanks for this.

I want to impress upon you that arrangements of fans should be done in the Third class Compartments. It is also better if the sanitary conditions of the trains are also improved. I hope the point, I put forward, will be attended to.

Shri Sinhasan Singh (Gorakhpur) : It is really fortunate that railway income has come up from 25 crores to 770 crores. In spite of that we find the adverse criticism by the people. We are charged to follow the philosophy of scarcity. We must know that we intend to establish Socialist Society in the Government. But we must know that 98 per cent income of the Socialist Countries covers from the source of industries and corporation only 8 per cent comes from the income tax. The point is that we are not having still the Socialist economy in this Country.

We must know that the railways are the biggest and the oldest undertaking in our Public Sector. They are expected to show greater profits and largest amount of contributions to the General revenue of the Country. As far as the Service are concerned they are became top heads. And one of the defects which quite clear tells us that the railway administration is having more supervisory staff. One of the employees of the railway once remarked that there are so many people to look to my work, that it becomes impossible for me to work properly. This is a very important matter which should be properly attended to by the Minister. Cement is also mis-used, which should be saved. There is a proposal before the railways to make sleepers from cement. It is better if this is not put into effect because the use of Cement posed a number of problems.

I am of the opinion that metre gauge should receive greater attention at the hands of the administration. As in the broad gauge, it should also be provided with third class air-conditioned Coaches, I shall also urge that dieselisation and electrification should be undertaken on the meter-gauge also. There should be diesel traction from Lucknow or Kanpur to Gauhati in order to accelerate the speed of the trains. This is very essential for the benefit of the area.

After this I may draw the attention of the House to the conditions of Commercial clerks. These clerks are making money like anything for the railway. But they are not getting the fair deal at this hand of the railway administration. Their pay scales are very low as compared to the heavy responsibilities that have been given to them. If the administration wants these employees to work with honestly, it should increase their pay. I am of the opinion that by refusing to do so, the administration is directly encouraging corruption among them. Kriplani Committee also recommended that the salary of the people increased.

As for the re-employment of the retired people, Railway administration should have very strong policy. Superannuated people should not be re-employed. I have come to know that 200 such people have been employed. I would request the Railway Minister that he should pay attention to this important matter.

We are living in the democratic Society. We should try to do away with inequality. The railway saloons for the officers must be stopped. These saloons should be converted into the ordinary railways compartment. There are more than 800 saloons which should be converted. This will solve an important problem of over crowding when you have Rest Houses for the officers there is no justification to have there saloons. I hope the Minister will look into this matter.

श्री नि० रं० लास्कर (करीमगंज) : मैं रेलवे कर्मचारियों के प्रति अपना आभार प्रदर्शन करना चाहता हूं । उन्होंने पाकिस्तान के साथ हुए संघर्ष के समय बड़ा शानदार काम किया। उनके काम के लिए देश उनको हमेशा याद रखेगा । मैं बजट का स्वागत करता हूं। रेलवे ने काफी प्रगति की है और यह हर्ष का विषय है कि इसकी परिवहन क्षमता बढ़ गयी है । देश के औद्योगीकरण में रेलवे का बहुत बड़ा स्थान है । यदि रेलवे की प्रगति की ओर समुचित ध्यान न दिया जाय तो योजनाओं की अन्तर्गत जो भावना काम करती है, वह भी समाप्त हो जायगी ।

एक महत्व पूर्ण बात यह है कि रेलवे कई एक दिशाओं में आत्म निर्भर बन रही है। रोलिंग स्टार और ट्रकों के मामलों में हम आत्म निर्भर हो गये हैं। परन्तु हमें यहीं पर रुकना नहीं चाहिए, आगे बढ़ना चाहिए ।

सभापति महोदय : माननीय सदस्य कल अपना भाषण जारी रख सकते हैं ।

इसके पश्चात् लोक सभा गुरुवार, 3 मार्च, 1966/ 12, फाल्गुन 1887 (शक) के ग्यारह बजे तक के लिए स्थगित हुई ।

The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock on Thursday, the March 3, 1966/Phalguna 12, 1887 (Saka).

GIPN—S1—28 Lok Sabha/67—20-6-67—600